ऐरवारू—स्त्री. इन्दवारुणी । इन्द्रोरणि ।
ऐरिण—न. सैन्धवलवण । पहाड़ीनिमक ।
ऐरेय—न. मद्य । शराब ।
ऐलालु / ऐलेय } न. एलाबालुक । कंकोल के सदृश होता है कुछ कीसी गंध आती है ।
ओकुल—पु. गोधूमकृततप्तापक्क । मयदे की गर्मरोटी ।
ओकोदनी—स्त्री. यूक । जूं ।
ओडिका—स्त्री. नीवारधान्य । पसही के चावल ।
ओड्र—पु. जबापुष्प. उत्कलदेश । जबापुष्प. जवाफूल. उड़ीदेश का शिमाली हिस्सा ।
ओतु—पु. बिडाल । बिल्ली ।
ओदन—न. अन्न । भात ।

ओ३म्—अ्य. प्रणव । परमेश्वर का सब से बड़ा नाम ।
ओल—पु. सूरणकन्द । सूरन ।
ओषधि (धी)—स्त्री. ज्योतिर्लता. फलपाकान्तवृक्षादि । वह पौधे जो फल पकने तक ही रहते हैं ।
ओषधीश—पु. चन्द्र. कर्पूर । चांद. कपूर ।
ओष्ठ—पु. दशनाच्छादन । होंठ ।
ओष्ठी—स्त्री. बिम्बफलवृक्ष । कुन्दुरु की बेल ।
ओष्ठोपमफला—स्त्री. " "

औ

औख्य—त्रि. स्थालीपक्व । बटलोही में रिन्धी हुई चीज ।
औडुम्बर—पु. यम (न) कुष्ठरोग. ताम्र. (त्रि) उदुम्बरनिर्मित. ताम्रनिर्मित. क्रोड । मौत का देवता. न्यायकरने वाला. कोहड़ की बीमारी. तांबा. गूलर का बना हुआ. ताम्बे का बना हुआ।
औदश्वित (क)—न. अर्द्धजलयुक्तघोल । छाछ, मट्ठा ।
औदुम्बर—न. ताम्र. कुष्ठरोग । तांबाधातु. कोहड़ का रोग ।
औद्दालक—न. वल्मीकस्थ कपिल कीट-संचितमधु । बँबौरिहा सहद ।
औद्भिज्ज(द्)—न. पांशवलवण । सोरा. कच्चानिमक ।
औद्भिदजलम्—न. भूमि को विदारण कर के बड़ी धारा से निकलता हुआ जल। सोता का पानी ।
औपसर्गिक—पु. सन्निपातरोग विशेष । सिरसाम की बीमारी ।
और्व—पु. बाड़वानल. पांशवलवण । सामुन्दरी आग. पहाड़ी निमक ।
औषण—न. कटुरस । कड़वास्वाद ।
औषध—न. भेषज । दवाई ।
औषर(क)—न. पांशवलवण, अयस्कान्त । पहाड़ीनिमक. चुम्बक ।
औष्ट्र—न. उष्ट्रदुग्धादि । ऊंट का दूध वगैरह चीज़ें ।
औष्ण्य—न. सन्ताप । धूप, गरमी ।
औष्म्य—न. उष्णता, गरमी ।

अं

अंशुमती—स्त्री. शालिपर्णी । सरिवन ।
अंशुमतीफला—स्त्री. कदली । केला ।

क

कम्—न० जल । पानी ।
कंक—न. मल्लादीर्घचञ्चुर्महाप्राणः । बड़ा कौआ ।
कंसक—न. कांस्यधातु. कौशीश । कांसा धातु. आंख की दवाई. हीरा कसीस ।
कंसकार—पु. काश्मारी । कसेरा ।
ककुल्ल—पु. स्त्री. चातकपक्षी । पपीहा ।
ककुभ—पु. अर्जुनवृक्ष। अर्जुनहर्रा का पेड़।
ककुन्दनी—स्त्री. ज्योतिष्मती वृक्ष । मलकांगुनी का पेड़ ।
ककुन्दर-पु. ताम्रचूड। कुकरोंधा का पौधा।
कक्ष—पु. बाहुमूल. शुष्कतृण. लता । बगल. शूखीघास. बेलि ।

कक्षरुहा—स्त्री. नागरमुस्था । नागरमोथा

कङ्कत, कङ्कतिका, कङ्कती—स्त्री. अतिबली औषध. केशप्रसाधिनी । ककहिया, ककई. कंघी ।

कंकपत्र—पु. बाण । तीर ।

कङ्कमुख—पु. सन्दंश । संडासी ।

कङ्कर—त्रि. कुत्सित. कर्कश (न) तक्र । खराब. सख्त. छाछ ।

कङ्काल—पु. अस्थिपञ्जर. अस्थि । हड्डियों का ढांचह. हड्डी. कमर ।

कङ्कु (ङ्गु)—पु. तृणविशेष । कंगुनी ।

कङ्कुष्ट—न. पर्वतीयमृत्तिका. काककुष्ट । पर्वत की मट्टी. मुर्दाशंख ।

कङ्केलि (ल्लि) —पु. अशोकवृक्ष । अशोग का पेड़ ।

कङ्कोल—न. कंकोलमिरिच. कोषफल । शीतलचीनी. कंकोलमिरच ।

कङ्गु (नी)—स्त्री. धान्यविशेष. प्रियंगू. ज्योतिष्मती । कांकुनिधान्य.मालकंगुनी।

कच—न. केश. मेघ. बृहस्पतिपुत्र (स्त्री) हस्तिनी. शोभा । बाल. बादल. बेड़ी. बृहस्पति का बेटा. सूखाजखम. हथिनी. खूबसूरती ।

कचङ्गन—न. विक्रय—स्थान । मंडी ।

कचङ्गल—पु. समुद्र । समुन्दर ।

कचट—न. तन्दुलीयभेद । चवराई शाग का भेद ।

कचप—न. तृण. पत्र । घास. पत्ता ।

कचमाल—पु. धूम । धुआं ।

कचु—स्त्री. कर्चूरवृक्ष. हरिद्रा । कचूर. हलदी ।

कच्चट—न. जलपिप्पली । जल में पैदा होने वाला पौधा ।

कच्चर—त्रि. मलिन. कुत्सित.(स्त्री) शूकशिम्बी । मैला. बद शरीर. किमाच की बेलि ।

कच्छ—पु. पुन्नागवृक्ष (त्रि) जलप्रायदेश (स्त्री) परिधेयवस्त्र. नाव का पिछला भाग । एक किस्म का वृक्ष. नदी आदि का तीर. कछुआ. काछनी, लहँगा ।

कच्छक—पु. नन्दिवृक्ष । तुणि का पेंड ।

कच्छप—पु. कूर्म्म. कुबेर निधिविशेष. नन्दीवृक्ष. मदिरायन्त्रविशेष । कच्छुआ. कुबेर का खजानह. तुनि का पेंड. शराब निकालने की कल. वारुणीयन्त्र ।

कच्छरुहा—स्त्री दूर्वा । दूब ।

कच्छु—स्त्री. रोगविशेष । खारिश की बीमारी ।

कच्छुरा—स्त्री. दुरालभा । जवासा का पौधा ।

कच्छू—स्त्री. रोगविशेष । खारिश की बीमारी ।

कच्छूरा—त्रि. कच्छरोग युक्त परस्त्रीगामी (स्त्री) कपिकच्छु । खारशी. शेहवती. आलकुशी. किमांच का पौधा ।

कच्छोर—न. शटी । निर्म्मसी. कचूर औषध ।

कज—न. कमल (त्रि) जलजात । पानी की पैदाइश ।

कज्जल–न० अञ्जन (पु) मेघ (स्त्री) मत्स्य विशेष। कज्जल; बादल; एक खाश मच्छली।

कज्जलध्वज–पु० दीप। चिराग़।

कज्जलरोचक–न० दीपाधार। शमअदान।

कञ्चट–न० नलिकाशाक। नारी का शाग; करेंबू का शाग।

कञ्जड–पु० एक प्रकार का पौधा।

कञ्जार–पु० सूर्य्य। आफ़ताब।

कञ्चिका–स्त्री० कञ्ची; क्षुद्रस्फोट। बांस की टहनी; फुन्सी।

कञ्चुक–पु० वर्म्म; वस्त्रविशेष; सर्पत्वच। ज़ज़्र; चोली; जांघिया; सांप की केंचली।

कञ्चुकिन्–पु० अन्तःपुररक्षक; लम्पट; सर्प; यव; चनकनामक मुनि, (त्रि) आबद्ध कंचुक। रनवास की हिफ़ाजत करने वाला; अय्याश; एलुए की लकड़ी. सांप; जौ; एक संत का नाम; जिसने (कञ्चुक) पहिरा हुआ है।

कञ्जुक–पु० पक्षी विशेष; कोकिला। कोयल; मैयना।

कञ्जर–पु० ब्रह्मा; सूर्य्य; उदर; हस्ती,। पेट; हाथी।

कञ्जल–पु० मदनपक्षी। छोटी चिड़िया जो खाश करके बंगाल में होती है।

कट–पु० औषध; तृण; यव। दवाई; घास; जौं।

कटक–पु० न० पर्बत का नितम्बदेश; सैन्धवलवण; हस्तिदन्त। पहाड़ के पासे. सेंधा निमक. हाथीदांत।

कटकिन्–पु० पर्ब्बत। पहाड़।

कटकोल–पु० पीकदान।

कटङ्कटेरी–स्त्री० दारुहरिद्रा। दारुहरदी।

कटभा– } स्त्री० ज्योतिष्मती लता।
कटभी– } मालकांगुनी की बेलि।

कटफल–पु० सोमवल्कः। कयफरा।

कटम्भरा–स्त्री० स्योनाक, गंधप्रसारणी सोनापाढ़ा. गंधपसारणी (पु) स्वादु पुष्प कटभी,।

कटसारिकः–पु० सैरेयक। श्वेत करसैला, सुपेद फूल का कटसहैआ।

कटायन–न० वीरणमूल। खस्।

कटाह–पु० तैलादिपाक पात्र। कढ़ाह।

कटि (टी) पु०–स्त्री० श्रोणीदेश, हस्तिगण्ड, नितम्ब। जंघा, हाथी की कनपटी, चूतड़, चूलह।

कटिल्ल(क)–पु० कारवेल्ल–करेला। कृष्णा बर्बरी। स्याम बबई।

कटु–न० दूषण, अकार्य्य (पु) रस विशेष (त्रि) परस्त्री. कातर. कर्कश. उग्र, दुर्गन्ध, सुरभि. कुत्सित. कटुरसयुक्त (स्त्री) कटुवीलता. राई. सर्षप। ऐब. नाकरने के लायक. कड़वा. हासिद. तुंद. कठिन. दुर्गन्ध. सुगंध. पसंद. कड़ुवा, कुटकी. राई. सरसों।

कटुकस्नेह–पु० राई का तैल। सरसों का तैल।

कटुका–स्त्री० कट्वी । कुटकी ।
कटुग्रन्थि–न० शुण्ठीमूल, पिप्पलीमूल । सोंठ की जड़, पिपली की जड़ ।
कटुच्छद–पु० तगर वृक्ष । तगर का पेंड़ ।
कटुतिक्त–पु० निरातिक्त, चिरायता ।
कटुतुम्बी–स्त्री० कटुअलाबू । करुइ लौकी तोरई ।
कटुत्रय, कटुत्रिक – न० त्रिकुटा । सोंठ, पीपल, स्याह मिरच ।
कटुपत्रिका–स्त्री० कण्टकारी । कंडियारी बूटी । गुखुरु ।
कटुपर्णी–स्त्री० चुक्र । चोक चूक ।
कटुभद्र–न० शुंठी, आर्द्रक । शोंठि, आद्रक
कटुम्भरा–स्त्री० कट्वी । कुटकी बूटी ।
कटुरव–पु० भेक । मेंडक ।
कटुरोहिणी–स्त्री० कट्वी । कुटकी बूटी ।
कटुवार्ताकी–स्त्री० श्वेतकण्टकारी । सुपेद कण्डियारी । सपेवन भांटा ।
कटुशाकन–न० सार्षपशाक, सरसोंकासाग
कट्वङ्ग–पु० श्योनाक वृक्ष । सोनापाढ़ा का पेड़ ।
कट्वर–न० तक्र, दधिसर । व्यञ्जन । छाछ, चटनी ।
कट्वी–स्त्री० कटुम्भरा । कुटकी ।
कठाहक–पु० दात्यूहपक्षी । पपीहा ।
कठिका–स्त्री० सुरसा । तुलसी का पौधा, पाकमट्टी ।
कठिञ्जर–पु० सुरसा, पलाशवृक्ष, बब्बुरा । तुलसी, ढांख का पेंड़, छीवलु, न्याजबो, ववई ।
कठिनी–स्त्री० खटिकामृत्तिका । पाकमिट्टी, छुही, खरीमट्टी ।
कठिल्ल–पु० कारवेल्ल । करेला (न) करेली ।
कठिल्लक–पु० कारवेल्ल, पुनर्नवा, सुरसा । करेला, गदापुरैना, तुलसी ।
कडक–न० सामुद्रलवण । सामुंद्रीनिकम
कडङ्ग–पु० सुराविशेष । एक किशम की शराब ।
कड़म्बी–स्त्री० कलम्बीशाक । कलौंजी का साग ।
कण–पु० शस्य के क्षुद्र २ अंश, अतिसूक्ष्म, (स्त्री) कणिका, वनजीरक । कनियां, ज्यादह वारीक, वन का जीरा ।
कणजीर–पु० श्वेतजीरक । सुपेद जीरा ।
कणभक्ष(क)–पु० भारिटपक्षी । एक किसम की चिड़िया ।
कणा–स्त्री० पिप्पली, श्वेतजीरक । पीपली, सुपेद जीरा ।
कणाटीन–पु० खञ्जनपक्षी । ममोला, चिड़िया, खड़रचा ।
कणावि–पु० कणा । मयदा ।
कणेर–पु० कर्णिकारवृक्ष । कनेर का दरखत, नैनिया का दरखत ।
कण्टक–पु० खदिरवृक्ष । खैर का पेड़ ।
कण्टकभुज्–पु० उष्ट्र । ऊंट ।
कण्टकाढ्य–पु० कुब्जकवृक्ष । कूजा का पेंड़
कण्डकाढ्या–स्त्री० शाल्मलीवृक्ष, कुब्जकवृक्ष । सेमर का पेंड़, कूजा का पेंड़ ।

कण्टकारिका } स्त्री—क्षुद्रा। कंडियारी.
कण्टकारी } भटकटैया, रींगिणी ।
कण्टकाशन—पु० उष्ट्र । ऊंट ।
कण्टकिन्—पु० मत्स्यविशेष, खदिरवृक्ष, मदनवृक्ष, गोक्षुर औषध, बदरीवृक्ष, वंश। खास मच्छली, खैर का दरख्त, बैरिका पेंड़, मयनफल का पेंड़, गोखुरु का पौधा. कठहर दरखत, वांश ।
कण्टकिनी—स्त्री० क्षुद्रा । भटकटैया, कंडियारी ।
कण्टकिफल—न० पनसफल । कटहर का फल
कण्टकिल—न० लघुत्रपुस । वालमखीरा
कण्टकी—स्त्री० स्वादुकण्टक। कण्टाईवृक्ष
कण्टकीद्रुम—पु० खदिरवृक्ष। खैराका पेंड
कण्टकुरण्ट—पु० झिण्टी । एक किसम का पौधा ।
कण्टतनु—स्त्री० बृहती। बड़ी भटकटैया।
कण्टदला—स्त्री० केतकी। केवड़ाका पौधा
कण्टपत्र—पु० विकङ्कतवृक्ष। एक किसम का पौधा ।
कण्टपत्रफला—स्त्री० ब्रह्मदण्डीवृक्ष ।
कण्टफला—पु० क्षुद्रगोक्षुर, पनस, धूस्तर, करञ्जलता,एरण्ड। छोटी गोखुरु बूटी, कटहर, धत्तूरह, करंजुआ, रेंड ।
कण्टालु—पु० वंश,बृहती,वार्ताकी, वर्वुर। वांस, बड़ी भटकटैया, बैंगन, कीकर बबूरु ।
कण्टाह्वय—न० पद्मकन्द । भिस, भिसेंड़
कण्टिन्—पु० कलाय. अपामार्ग, खदिर, गोक्षुर । मटर. अपुठकांटा, लटजीरा. खैरा, कटहर ।
कण्ठ—पु० गलदेश, कण्ठध्वनि । गला, गले की आवाज़ ।
कण्ठनीडक—पु० चिल्हपक्षी । चील ।
कण्ठाल—पु० शूरण, युद्ध, नौका, खनित्र, उष्ट्र. अरित्र. (स्त्री) (ला) जलगोखिका । सूरन. जंग. नाव. कुदाल. ऊंट. चप्पा. गाय या बैल के गले के नीचे जो मांस लटकता है ।
कण्ठालिका—स्त्री० बृहती । भटकटैया ।
कण्ठीरव—पु० सिंह. मत्तगज. कपोत । शेर. मस्तहाथी. कबूतर ।
कण्डरा—स्त्री० महास्नायु । बड़ी रग ।
कण्डु (ण्डू)—स्त्री० कंडूयन । खुरकन. (स्त्री) कपिकच्छुलता । आलकुशी. किमाच. खजोहरा ।
कण्डुरा—स्त्री० कपिकच्छुलता । आलकुशी. किमाच. खजोहरा ।
कण्डूर—पु० कारबेल्ललता। करेलेकी बेल ।
कत—पु० कतकवृक्ष। निर्मली का पेड़ ।
कतक—न० पयःप्रसादि । निर्मली का पेड़। विड. विरिआं. सोचरनिमक।
कतकफल—न० पयःप्रसादिका फल । निर्मली फल ।
कत्तृण—न० पृश्नि. कुम्भिका। सुगंधितृण
कत्तोय—न० मद्य । शराब ।
कदम्ब—पु० नीप का वृक्ष. कदमका पेड़

कदम्बक–पु० रक्तसर्षप । लालसरसों.राई
कदम्बपुष्पिका–स्त्री० तपस्विना । मुण्डी बूटी ।
कदर–पु० श्वेतखदिर. पापरीखैरा. सुपेद्खैर ।
कदल–पु० कदलीवृक्ष वा फल (स्त्री) (ला) मृगी विशेष. पृश्नीलता. शाल्मलीवृक्ष. डिम्बिका । केले का पेड़ वा केला. हरणी. दरयाई पौधा. सिंबल का पेड. बुलबुला ।
कदलक–पु० कदलीवृक्ष. केले का दरखत.
कदली–स्त्री० कदलीवृक्ष. केलेकादरखत
कदलीकन्द–पु० केला की कन्द । केला की जर ।
कदल्याकुसुम–न० कदली का पुष्प । केले का फूल ।
कदाख्य–न० कुष्ठवृक्ष । कुट्ठ. कूट ।
कनक–न० स्वर्ण (पु) पलाशादिवृक्ष । सोना. ढाख आदि सब वृक्ष जिन के सुरख फूल होते हैं ।
कनकक्षार–पु० टङ्कण । सोहागा ।
कनकपल–पु० पलपरिमाण । सोलह मासे
कनकप्रभा–स्त्री० सुवर्णकेतकी । केवड़ा का फूल ।
कनकाह्व–पु० नागकेशरपुष्प । नागकेशर का फूल ।
कनकाह्वय–पु० धूस्तरवृक्ष. नागकेशरवृक्ष । धत्तूरे का पौधा. नागकेशर का पौधा ।
कनिष्ठ (ष्ठा)–स्त्री० चिटिली उंगली (पु) छोटा भाई ।
कनिष्ठक–न० शूकतृण सीकुर घास ।
कनीचि–स्त्री० गुञ्जा. शकट. पुष्पयुक्तलता । फूलदार बेल. लालरत्ती. छकड़ा
कनीनिका–स्त्री० चक्षुःतारा, कनिष्ठाङ्गुली कनिष्ठा भगिनी । आंख की पुतली. चिटली अङ्गुली' छोटी बहन ।
कनीनी–स्त्री० कनिष्ठाङ्गुली । लघुनिम्ना अंगुली या चिटली अंगुली ।
कनीयस्–पु०ताम्र । तामा ।
कन्तु–पु० कामदेव (न) हृदय (त्रि) सुखी।
कन्थारि–स्त्री० वृक्षविशेष ।
कन्द–न० शूरण. शस्यमूल. गृञ्जन (पु) मेघ.योनिरोगविशेष । सूरन.नवा तात की जड़ । गाजर. बादल. एक किस्म की कुसकी अर्थात् योनि की बीमारी ।
कन्दर–पु० अंकुश (स्त्री) पर्वतकन्दरा (न) आर्द्रक । आंकुस. पहाड़ की गार. अदरक ।
कन्दर्प्पकूप–पु० स्त्रीचिह्न । कुस. भग ।
कन्दर्पमूषल–पु० पुरुषचिन्ह । लिङ्ग. केर
कन्दराल–पु० गजदण्डसहोरा । पीपलभेद
कन्दल–न० गण्डदेश. कपाल. कलध्वनि. उपराग. नूतन. अङ्कुर. अपवाद. कन्दलीपुष्प. (पु) स्वर्ण' युद्ध. शूरण । गाल. कनपटी. खोपरी. ग्रहण. शगूफह. मलामत. झांड़ी का फूल. सोना. लड़ाई. सूरन ।

कन्दलता—स्त्री० मालाकन्द । एक किस्म का पौधा ।

कन्दली—स्त्री० मृगीविशेष. गुल्मविशेष. पताका. पद्मबीज । हिरण की किस्म झाड़ी झण्डा । कमलडोडा. कमलगट्टा.

कन्दाढ्य—पु० धरणीकन्द । जिमीकन्द. सूरण ।

कन्दालु—पु० कासालु. धरणीकन्द. त्रिपर्णिका. रतालु. जिमीकन्द ।

कन्दिरी—स्त्री. लज्जालुलता । लाजवन्ती बेल । शर्मिंदी बूटी ।

कन्दु—पु० लोहमयपाकपात्र । तवा ।

कन्दोत—पु० कुमुद । सुपेदकमल. झाका बेल ।

कन्धर—पु० ग्रीवा. मेघ. स्कन्ध. मारिषवृक्ष । गर्दन. वादल. कन्धा. एक किस्म का पौधा [मरसा]

कन्धि—स्त्री० ग्रीवा (पु) समुद्र । गर्द्दन समुन्दर ।

कन्या—स्त्री० दशमवर्षीया कुमारी. घृतकुमारी. स्थूलैला. वाराहीकन्द. वन्ध्या. वन्ध्याककोट. कौलता. षष्ठराशि. दुर्गा । दश वर्ष की क्वारी लड़की. घिकुआरि. बड़ी इलायची. आकाशवेल. वाराहीकन्द. बांझ. बांझखेखसा. बाभूषसा. छठीराशि. देवी. ।

कपर्द्द—पु० शिवजटा । वराटिका । शिव जी की जटा. कौड़ी ।

कपाल—पु० न० करोटि. कुष्टरोग. मृत्पात्राद्धं. जनता. जातिविशेष । खोपरी. कोहड़रोग. । भीड़. मट्टी का वर्त्तन आधा अर्थात् खपरा. एक खाश जात ।

कपालिका—स्त्री० दान्तों की जड़ टूटजावे खीलोंसमेत ।

कपि—पु० शिला (स) बानर. विष्णु. रक्तचन्दन. करञ्ज. धात्रिका. सिह्लक । बन्दर. परमेश्वर का नाम । लाल चन्दन. सुरखचन्दन. करञ्जुआ. अमला. लोहबान धूप. शिलाजीत ।

कपिकच्छू (रा) स्त्री—आत्मगुप्ता । आलकुशी. किमाच की बेलि ।

कपिकन्दुक—न० शिरोस्थि । सिरकी हड्डी

कपिकोलि—पु० कोलि विशेष । झलबेरिया का पौधा. झलबेर ।

कपिज—पु० तुरुष्क । शिलारस लोहबान

कपिञ्जल—पु० गौर तित्तिरि पक्षी. चातक पक्षी । सुपेद तीतर. पपीहा ।

कपितैल—न० तुरुष्कक नामक गंधद्रव्य धूप । शिलारस, लोहबान ।

कपित्थ—पु० न० दधित्थवृक्ष । कैथा का पेड़ ।

कपित्थपर्णी—स्त्री वृक्षविशेष । कैथा के माफिक जिस्के पत्ते हैं ।

कपित्थपत्र—न० हरिबालुक । एलाबालुक यह कंकोल अर्थात् शीतल चीनी के सदृश कुटके सदृश गंध वाला होता है ।

कपिनामन्—पु० सिह्लक, तुरुष्क । धूप.

लोहबान, शिलारस ।

कपिपिप्पली–स्त्री० रक्त अपामार्ग । लाल लटजीरा, शुरख चिरचिरा ।

कपिप्रिय–पु० कपित्थ । कैथा, कैथि का पेंड़ ।

कपिबल्ली—स्त्री० गजपिप्पली । गज पीपरि ।

कपिरुत–पु० पारीष । गजदण्ड सिहोरा का वृक्ष ।

कपिल–पु० सिल्हक वृक्ष । लोहवान, धूप, सिल्ह का पेंड़ ।

कपिलच्छाया–स्त्री० मृगनाभि कस्तूरी, मुशक ।

कपिलद्युति–पु० सूर्य्य । आफताब ।

कपिलक–पु० रक्तपुनर्नवा । लाल गंदा-पुरैना ।

कपिला–स्त्री० राजपुत्री शिंशिपावृक्ष, आरकूट रेणुका, यह मिरच स्याह के माफिक होती है । धातु, शीशम का पेंड़, पीतरि धातु, कांचीपीतरि धातु ।

कपिल्लिका–स्त्री० गजपिप्पली । एक किसम का पौधा, गज पीपरि ।

कपिलोमन्–स्त्री० रेणुका । खुशबूदार चीज, शर्ट्टचीनी ।

कपिलोह–न० पित्तल । पीतल ।

कपिवदान्य–पु० आम्रातकवृक्ष । रीरी आम का पेंड़, ।

कपिवल्ली–स्त्री० गजपिप्पली. कपित्थ । गज पीपरि, कैथा का पेड ।

कपिश–पु० रक्तपीत मिश्रित द्रव्य. सिल्हक नाम गंधद्रव्य । भूरारंग. शिलाजीत. लोहबान ।

कपिशी–स्त्री० माधवीलता. मदिरा । पुष्प का पेड़. शराब ।

कपिशीका–स्त्री० मद्य । शराब ।

कपीज्य–पु० क्षीरिकावृक्ष । खिरनी का पेंड़ ।

कपीतन–पु० आम्रातकवृक्ष.गर्द्दभांडवृक्ष. शिरीषवृक्ष. अश्वत्थवृक्ष. गुवाकुवृक्ष विल्ववृक्ष । आम्र आम. गजदण्ड सहोरा. सिरसा. पिप्पल. सुपारी. वेल का पेंड़ ।

कपीष्ट–पु० कपित्थ. राजादनीवृक्ष । कैथा. खिरनी. चिरौंजी का पेंड़ ।

कपोत–पु० पारावत. पक्षिमात्र स्वर्जिका । कबूतर. चिरिया. सज्जी खार ।

कपोतक–न० सौवीराञ्जन । सुरमा ।

कपोतचरणा–स्त्री० विद्रुमलता । नलिका उत्तर में प्रसिद्ध है कहीं २ पवारी भी कहते हैं यह सुगंध वाला के माफिक होती है ।

कपोतपर्णी–स्त्री० सूक्ष्मैला । छोटी इलायची ।

कपोतबङ्का–स्त्री० ब्राह्मीऔषध । बरंभी बूटी, ब्रह्मी ।

कपोतांघ्रि–स्त्री० कपोतचरणा । नलिका या पवारी गंधद्रव्य ।

कपोतारि–पु० श्येनपक्षी । बाज जुर्रा ।

कपोत–पु० गरुड़. तिंदुकवृक्ष । गाल. कुपीलु या मकर तेंदुआ, इसी के फल को कुचिला कहते हैं ।

कपोली–स्त्री० जान्वस्थि । घुटने के ऊपर की तखनी ।

कफ–पु० श्लेष्मा शरीरस्थधातु विशेष बलग़म ।

कफकूर्चिका–स्त्री० लाला, । थूक ।

कफज्वरः–पु० गौरव. शीत. उत्क्लेश. रोमहर्ष. अतिनिद्रा. स्रोतोरोधः. रुगल्पत्वं. मधुरास्यता. नातिउष्णगात्रता. छर्दि. अंगसाद. अग्निमांद्य. अरुचि. कासः ।

कफणि–स्त्री० भुजमध्यग्रंथि । कोहनी ।

कफपित्तज्वरः–पु० शीत. दाहारुचि. स्तंभ. स्वेद. मोह. मद. भ्रम. कासांगसाद. हृल्लास ।

कफान्तक–पु० बबूर वृक्ष (त्रि) कफनाशक । कीकर अर्थात् बबुर का पेंड़, बलग़म दूर करने वाला ।

कफारि–पु० शुंठी । सोंठि ।

कफोतक–न० दारुहरिद्रा । दारू हल्दी ।

कफेलु–त्रि० कफयुक्त । बलग़मी ।

कबन्ध–पु० उदर. अपमूर्द्धकलेवर (न) जल । पेट. धड़. पानी ।

कबरी–स्त्री० पृथ्वीका । हिङ्गुपत्री. मगरैल ।

कबिका–स्त्री० मत्स्यविशेष । कवई मछली ।

कबित्थ–पु० स्वनामख्यातवृक्ष । कैथा ।

कम्–अव्य० जल. मस्तक. सुख. मङ्गल. पादपूरण. निन्दा । पानी. शिर. खुशी. नेकी. हजो ।

कमठ–न० भाण्डविशेष (पु) कच्छप. वंश. शल्लकी । (स्त्री) (ठी) कच्छपी । मुनिलोकों का बर्तन. कच्छुआ. वांस. स्याही पशु ।

कमण्डल–पु० गजदण्डसहोरा । पीपल का भेद ।

कमन–त्रि० लम्पट. सुन्दर. अभिरूप. (पु) काम. अशोकवृक्ष. । शेहवती. खूबसूरत. । चाहने के लायक. मुहब्बत. अशोग का पेंड़ ।

कमन्ध–न० जल । पानी ।

कमल–न० पद्म. ताम्र. औषध. क्लोम. (पु) मृगविशेष. सारसपक्षी. । कमल फूल. तामा. दवाई. हरिण. सारस ।

कमलिनी–स्त्री० पद्मिनी. कमल समूह ।

कमलोत्तर–न० कुसुम्भपुष्प । कुसुम्भ का फूल ।

कम्पन–न० कम्प. (पु) शिशिरऋतु । काम्पना. सर्द्मौसिम ।

कम्पलक्ष्मन् –पु० वायु । हवा ।

कम्पाक –पु० ” ”

कम्पिल (ल्ल)–पु०रोचना । चूक का पौधा ।

कम्पिल्लक–पु० करमचा वृक्ष । कबीला ।

कम्बल–पु० मेषादि लोमरचित वस्त्र.

मृगविशेष. नागविशेष. कृमि. उत्तरीय वस्त्र. साम्ना. (न) जल । ऊनी कपड़ा. एक किसम का हरिण. सांप. छोटा कीड़ा. दुपट्टा. गबगब. पानी ।

कम्बु—पु० न० शङ्ख. शम्बुक (पु०) ग्रीवा. गलदेश. हस्ती. वलय. अङ्गुलीय. कर्बुरवर्ण । (त्रि) चित्रित. । संख. घोंघा. कड़ा. अंगूठी. चितकबरा. गर्द्दन. हाथी. नकशकिया हुआ ।

कम्बुका—स्त्री० अश्वगंधा वृक्ष । असगंध ।

कम्बोज—पु० शङ्खविशेष. देशविशेष । एक किसम का शंख. हिन्दुस्तान के उत्तर में एक मुल्क ।

कम्भारी—स्त्री० गाम्भारीवृक्ष । गम्भार खम्भारी ।

कम्भु—न० उशीर । खस्स ।

कयस्या—स्त्री० काकोली नामकी दवाई ।

करक—पु० दाडिम्बवृक्ष. राजस्व. पक्षीविशेष. लट्वाकरञ्ज. पलाश. कोविदार, बकुल. करवीर. आदि वृक्ष (न) कमण्डलु (स्त्री) वर्षोपलशिला । अनार का दरखत. महसूल. एक खास पक्षी. छोटा करञ्ज. ढाख. सुपेद या सुर्ख कचनार. मौलसिरी. कनेर. वगैरह का पेंड़. लोटा. ओला ।

करकण्टक—पु० नख । नाखून ।

करकाजल—न० हिम । बरफ ।

करकाम्भस्—पु० नारिकेल । नारियल ।

करच्छद—पु० शाखोटवृक्ष (स्त्री) (दा) सिन्दूरपुष्पी । सहोरे का पेड़. सिंदुरिआ वा सदासोहागिल फूलका पौधा।

करज—पु० नख. करञ्जवृक्ष. । नाखून. करञ्जुआ ।

करञ्ज (क)—पु० करञ्जावृक्ष. भृङ्गराजवृक्ष । करञ्जुआ पौधा. घमिरा का पौधा ।

करञ्जी—स्त्री हस्तिवारुणी । अरारि का वृक्ष. कंजी का वृक्ष ।

करट—पु० कुसुम्भवृक्ष । कुसुम्भे का पौधा पक्षीविशेष । सारस ।

करण्ड—पु० हृद्यरोग कलेजे की बीमारी

करण्डिन्—पु० मत्स्य । मच्छली ।

करतल—पु० हस्ततल । हाथ की तली ।

करपत्रवत्—पु० तालवृक्ष । ताड़ का दरख़त

करपर्ण—पु० भिण्डातक । रक्तएरण्ड । लालरंडा का पेंड़।

करपल्लव—पु० अङ्गुली । अंगुरी ।

करबाल—पु० नख. खड्ग । नाखून. शमशेर

करभ—पु० मणिबन्ध. कोहनी से चिटली कङ्गुली तक हाथ का वहराला हिस्सा

करभञ्जिका—स्त्री० करञ्जी का वृक्ष. अरारि का पेंड़. कंजी का पेंड़।

करमट्ट—पु० गुवाकवृक्ष । सुपारी का दरख़त ।

करमर्द्द } पु० सुषेण । करंचादरख़त.
करमर्द्दन } न० करौंदा का पेंड़।

करम्ब—पु० करम्भ । दही में मिले हुये सत्तू

करम्भ(क)—पु० दधिमिश्रितसक्तू । दही मिले हुये सत्तू ।

करुह–पु० नख । नाखून ।

करवीर–पु० अश्वमारक। सुपेद फूल का कनयर

करशूक–पु० नख । नाखून ।

करहाट पु० पद्ममूल. मदनवृक्ष. महापिण्डीवृक्ष. देश विशेष । भिस. मयनफल. खास मुल्क ।

करिक–पु० विटखदिर । रिंधा का पेड़ ।

करिकणा––स्त्री० गजपिप्पली । जगपीपरि ।

करिका–स्त्री० नखक्षत । नखूनों का घाव ।

करिकेशर–न० नागकशर । नागकेशर

करीर–पु० न० वंशाङ्कुर. क्रकर । वांस की फूट करीर का दरखत ।

करीष–पु० शुष्क गोमय। गोइटा. वेनुआ कण्डे. सूखागोबर ।

करुणमल्ली–स्त्री० नवमल्ली. मालती । चम्बेली. इश्कपेचह ।

करेट–पु० नख । नाखून ।

करेन्दुक–पु० भूतृण। एक किस्म की घास

करेवर–पु० तुरुष्क। शिलारस.लोहबान।

करोट } पु० न०
करोटि } पु० शिरोस्थि । खोपड़ी ।
करोटी } स्त्री०

कर्कट–पु० कुलीर. कर्कराशि. वृक्षविशेष. तुम्बी. पद्मकन्द. पक्षीविशेष । केंकड़ा. चौथीराशि. एक किसम का पेड़. तूंबी. भिस ।

कर्कटशृङ्गिका } स्त्री० कुलीरविषाणिका
कर्कटशृङ्गी } ककड़ासिंही का पौधा ।

कर्कटाख्या–स्त्री० „ „

कर्कटि (टी) स्त्री० शाल्मलीवृक्ष. सर्प. कलशी. देवदाली लता. कर्कटीशृङ्गी वृक्ष. घोटिकावृक्ष. एरवारुलता । गोरक्षकर्कटी । सिंवल का पेड़. सांप. गगरी. सोनैया वा वन्दाल. ककड़ी. गुरभी ।

कर्कटि–(नी) स्त्री० दारुहरिद्रा । दारु हल्दी ।

कर्कन्धू–स्त्री–पु० क्षुद्रबदरि । उनाब, बेर ।

कर्कर–पु० दर्प्पण । आईना ।

कर्कराङ्ग–पु० कालकंठपक्षी । नीलकण्ठ चिड़िया ।

कर्करटु–पु० कटाक्ष । तिरछी निगाह ।

कर्करटुक–पु० कर्करेटुपक्षी । केकड़ा ।

कर्कराल–पु० न० चूर्णकुन्तल । जुल्फ ।

कर्कश–पु० काम्पिल्लवृक्ष. इक्षु. काशमर्द्द. खड्ग (त्रि) कठिन. निर्दय. अतिशय. साहसिक. कृपण । संडारोचनी या कबीला. पौंडा. रूसा. शमशेर. शखत. बेरहम. ज्यादह. दिलेर. कञ्जूस ।

कर्कशद–स्त्री० पटोललता । परवर की बेल ।

कर्कशिका–स्त्री० वनकोलि । जंगली बेर उन्नाब ।

कर्कस–पु० करमर्द्द । करौंदी, कमोदी ।

कर्कसार–न० करम्भक, दधिसक्तु । दही से मिला हुआ आटा या गोश्त या सत्तू ।

कर्कारु–पु० कुष्मांड । पेढ़ा, कुम्हड़ा ।

कर्कारुक–पु० कलिङ्गवृक्ष, । कुरैया का पेड़. करञ्ज का पौधा ।

कर्कोटक–पु० बिल्ववृक्ष. कद्रुपुत्र. इक्षु. तुम्बीलता. । बेल का दरख़्त. ईख. तुम्बी की बेल, ।

कर्कोटी–स्त्री० पीतपुष्पा । खेखसा ।

कर्च्चूर–पु० वेधमुख्य (न) स्वर्ण. हरिताल कचूर. सोनह, हड़ताल ।

कर्ण–पु० श्रवणेंद्रिय. सुवर्णालिवृक्ष । कान, ।

कर्णकण्डू–पु० कर्णरोग । कान की बीमारी

कर्णकोटि–स्त्री० कीटविशेष । कनखजूरा

कर्णक्ष्वेड़–पु० कर्णरोगविशेष । कान की बीमारी, जिस से कांन से शां २ होती है

कर्णगूथ–न० कर्णमल । कान की मैल ।

कर्णजलूका–स्त्री० शतपदी । कनखजूरह।

कर्णपाली–स्त्री० कर्णभूषण । बाली ।

कर्णफल–पु० मत्स्यविशेष । एक किस्म की मच्छली ।

कर्णवर्जित–त्रि० बधिर (पु) सर्प्प. बहरा।

कर्णशष्कुली–स्त्री० कर्णगोलक । कान में का सुराख जो पतली झिल्ली से मढ़ा हुआ होता है जिसपर हवा की टक्कर से आवाज सुनाई देती है ।

कर्णाट–पु० देशविशेष (स्त्री) रागिनी-विशेष. हंसपदीनामक वृक्षविशेष । करेंबूबेलि ।

कर्णारि–पु० अर्जुन. नदीसर्जवृक्ष । राल का पेंड़ ।

कर्णि–पु० शरविशेष. कण्टकारि का वृक्ष । तीर. कंडियारी या भटकटैया ।

कर्णिका–स्त्री० कर्णभूषण. पद्मबीजकोष करमध्याङ्गुली. अजशृङ्गीवृक्ष. शत-पत्री । कान का ज़ेवर. कमलगट्टा. मझली अंगुली. मेढ़ासिंही बूटी. सेव-ती गुलाब का पुष्प. लेखनी या कलम

कर्णिकार–पु० पादपोत्पलपुष्पवृक्ष. आ-रग्वेतवृक्ष । कनयर का पुष्प. नैनिया का पुष्प. अमलतास का वृक्ष ।

कर्तृण–न० रोहिष । हरद्वारीकुश. सों-धिया. ।

कर्द्द–पु० कर्द्दम । कीचड़ ।

कर्द्दट–पु० पद्मकेशर. पङ्क. पङ्कजात । कमल की तिरी. कीचड़. पानी की पैदाइस ।

कर्द्दम–पु० पङ्क(न) मांस । कीचड़, गोश्त।

कर्द्दमक–पु० धान्यविशेष । हेमन्तऋतु में होने वाला धानविशेष ।

कर्प्पट } पु०
कर्प्पटि(का) } स्त्री० चीर । चीथड़ा ।

कर्प्पर–पु० कपाल, कटाह. शस्त्रविशेष. उदुम्बर । खोपरी. कड़ाही. हथियार विशेष. अंजीर का दरख़्त ।

कर्प्पराश–पु० शर्करा । रेता. कंकर ।

कर्प्पराल–पु० कन्दराल. पर्व्वतज पीलूवृक्ष । आखरोट ।
कर्प्परी–स्त्री० अञ्जन । सुरमा ।
कर्प्पास–न० कर्पास–(स्त्री) (सी) कर्पास का पौधा. । कपास । बंगा ।
कर्प्पासफल–न० कर्पासबीज । बिनौला ।
कर्पूर–पु०–न० सिताभ्र । काफूर ।
कर्पूरक–पु० कर्च्चूरक. कर्पूर. । कचूर. काफूर ।
कर्पूरनालिक–स्त्री० कर्पूनालि । कपूरफेनी ।
कर्पूरमणि–पु० रत्नविशेष । जवाहर ।
कर्पूरा–स्त्री० कर्पूरहरिद्रा । कपूर हलदी।
कर्पूराश्मा–स्त्री० कपुर्नीआ । कपनिया खपरत ।
कर्फर–पु० दर्प्पण । शीशा ।
कर्बुदार–पु० कोविदारवृक्ष । कचनारवृक्ष
कर्बुर–पु० स्वर्ण, जल, धत्तूरवृक्ष । सोना. पानी. धत्तूरा ।
कर्बूर–न० स्वर्ण. हरिताल. धत्तूरवृक्ष, जल । सोना. हड़ताल. धत्तूरा. पानी ।
कर्म्मसूल–न० कुशतृण । कुशा घास ।
कर्मर्द्द–पु० सुषेणवृक्ष । करौंदा का पेड़ ।
कर्मर्द्दिका–स्त्री० लघुकृष्णपाकफला । करौंदी का पेड़ ।
कर्म्मरङ्ग–न०वृक्षविशेषफल । कमरखफल।
कर्म्मरी–स्त्री० वंशरोचना । तवाशीर. वंसलोचन ।
कर्म्मार–पु० कर्म्मकार. वांस । लोहार. बढ़ई. बांस ।
कर्व्वर–पु० व्याघ्र (स्त्री) शिवा. हिङ्गुपत्री । चीता. गिदड़ी. सिआरि. हींग का पौधा ।
कर्व्वूर–पु० शठी । कचूर ।
कर्श्य–पु० न० कर्च्चूर । कचूर ।
कर्ष–पु० न० षोडशमाषपरिमाण । ९६ रत्ती भर सुश्रुत के मत में और ८० रत्ती भर चरक के मत में होता है ।
कर्षफल–पु० विभीतक बहेड़ा. बहेरा ।
कर्षफला–स्त्री आमलकी । आंवली का पेड़ ।
कल–पु० मधुरकुकुटध्वनि. सालवृक्ष (त्रि) अजीर्ण (न) कोलीवृक्ष । मीठी आवाज. साल का दरखत. बदहज़मी. झरवेरिया ।
कलक–पु० शकुलमत्स्य । एक किस्म की मच्छी ।
कलकण्ठ–पु० कोकिल. कोइल. कबूतर. हंस ।
कलघोष–पु० कोकिल । कोइल ।
कलघण्टिका–स्त्री० कृष्णशारिवा । करिआ वांसा. काला दुधऊरू ।
कलत्र–न० भार्य्या. नितम्ब. दुर्ग । अपनी औरत. चूतड़. किला ।
कलधूत–न० रौप्य । चांदी ।
कलधौत–न० स्वर्ण. रौप्य. मधुध्वनि सोना. चांदी. मीठी आवाज़ ।
कलन–पु० वेतसवृक्ष. (न) चिह्न. गर्भ

मिश्रितशुक्रशोणित । बेत का पेड़. दाग़. जोड़वग़ैरह बनने के पहिले शिकम में बच्चे की जो शकल होती है

कलपत्रक–पु० मुनिपुत्र. पुष्पवृक्ष । दवना का पुष्प ।

कलबिङ्क–पु० चटक । गर्गवा पखेरू ।

कलभ–पु० धत्तूरवृक्ष । धतूरे का पेड़ ।

कलभवल्लभ–पु० पीलुवृक्ष. पीलू का पेड़ ।

कलम–पु० धान्यविशेष. लेखनी चौर । मुंजी. कलन. दुज़्द ।

कलम्ब–पु० शर. कदम्बवृक्ष. कलमी शाक । तीर. कदम का दरख़्त. कलौंजी का पौधा ।

कलम्बी–स्त्री० शतपर्वी शाक । कलमी का शाक. कलौंजी का शाग ।

कलम्बुट–न० हैयङ्गवीन । ताज़हमक्खन ताज़ी नेनू ।

कलम्बू–स्त्री० कलम्बीशाक । कलमीशाक

कलरव–पु० कोकिल. पारावत । कोइल. कबूतर ।

कलल–पु० न० जरायु । बच्चहदान. बच्चह.

कललज–पु० धूना । राल ।

कलविङ्क–(ङ्ग) पु० चटकपक्षी । गर्गवा चिड़िया ।

कलश–पु० न० घट । घड़ी (पु) द्रोण-परिमाण । ।ऽ२॥। वा १०२४ तोला ।

कलशी–स्त्री० पृष्टिपर्णी, घट । पिठवन औषध. घड़ा ।

कलाकुल–पु० विष । ज़हर ।

कलाङ्कुर–पु० सारस पक्षी ।

कलाचिका, कलाची – स्त्री० प्रकोष्ठ । कोहनी से पौंचे तक हाथ ।

कलानिधि–पु० चन्द्र । चांद ।

कलानुनादिन्–पु० भ्रमर. चटक. चातक। भौंरा. गरगवा. पपीहा ।

कलापिन्–पु० कोकिल. मयूर. प्लक्षवृक्ष. कोइल. मोर. पिलखन या पकरिआ का पेड़ ।

कलापिनी–स्त्री० नागरमुस्था. रात्रि । नागरमोथा. शब ।

कलायशाक–न० केरावशाक । मटर का शाक. दुविआ का साग ।

कलामक–पु० कलमधान्य । एक किसम का धान जो शरद मौसिम में पकता है ।

कलालाप–पु० भ्रमर । भौंरा ।

कलाविक–पु० कुक्कुट । मुर्ग़ ।

कलिका–स्त्री० अस्फुटपुष्प । कली ।

कलिङ्ग–पु० इन्द्रयव. कुटजवृक्ष. शिरीषवृक्ष. पूतिकरञ्ज. बटवृक्ष. देशविशेष । इन्द्रजव. कुरैआ का पेड़. शिरीस का पेड़. करंजुए का पेड़. बड़ का पेड़. ख़ाशमुल्क ॥

कलिद्रुम, कलियुगालय – पु० विभीतक बहेरे का पेड़

कलिहारी–स्त्री० लाङ्गली । करियारी ।

कलेवर–न० शरीर । जिसम ।

कल्क–पु० न० कर्णमल. किट्ट. पाप (त्रि) पापी. शठता । खूंट. मैल. मोम.

गुनाह. गुनहगार. शरारत ।

कलकफल–पु० दाडिम्बवृक्ष । अनार का पेड़ ।

कल्पक–पु० नापित. कचूर । हजाम. कचूर औषध ।

कल्पनी–स्त्री० कर्त्तनी । कैंची ।

कलमाष–पु० गन्धशाली । खुशबूदार चावल ।

कलमाषकण्ठ–पु० मयूर । मोर ।

कल्प्या–स्त्री० मद्य. शुभात्मिका वाणी. हरीतकी । शराब. मुबारिखकुलाम. हरड़ ।

कुलहार–पु०न० कमलभेद् । कमल की किस्म. कल्हारफूल. सुपेद् कमल ।

कवच–पु० वर्म्म. नागरावाद्ययन्त्र. गर्द्दभाण्डवृक्ष. पर्पट (न) मन्त्रसमूह । संजोह. जङ्गी बाजह. गजदण्ड सिहोरे का पेड़. पित्तपापरा या दवनपापरा. एक पोथी ।

कवचनामक–पु० पर्पट । पित्तपापरा ।

कवचपत्र–न० भूर्जपत्र । भोजपत्ता ।

कवयी–स्त्री० मत्स्यविशेष । खासमच्छली ।

कवर–पु० न० अम्ल. लवण. केशपाश । खट्टा. निमक. जुलफ ।

कवरी–स्त्री० केशविन्यास. काकोली. हिङ्गुपत्री. वर्बरा । गुत्त. काकोली बूटी. हीङ्ग का पौधा. बबई ।

कवल–पु० ग्रास. मत्स्यविशेष । लुगमह. खाश मच्छली ।

कवातवक्र– न० वृक्षविशेष । एक खुशबूदार पौधा ।

कवार–न० पद्म । कमल फूल ।

कशेरु–न० पु० मेरुदंड । पीठ की हड्डी. कंगरोड़ ।

कषण–त्रि० अपक्क (न) घर्षण. कण्डूयन । कच्चा. कसौटी. खुजली ।

कषाकु–पु० सूर्य्य. अग्नि । आफताब. आतिश ।

कषाय–पु० न० रसविशेष । कसैलह ।

कषायकृत्–पु० रक्तलोध्र । सुरखलोध ।

कषाया–पु० यासक । जवासा ।

कषेरुका–स्त्री० पृष्ठास्थि । पीठ की हड्डी कंगरोड़ ।

कस–पु० कष्टिप्रस्तर । कसौटी ।

कसेरु पु० शूकरप्रियतृण. मूलविशेष. राजकसेरु. चिचोढ़ । खाशघास जिस्को सुअर खाते हैं- बड़ा कसेरु. चिचोढ़ कसेरु ।

कस्तीर–न० रङ्ग । रांगा ।

कस्तूरिका–स्त्री० मृगनाभि । कस्तूरी ।

कस्तूरिकालता–स्त्री० मुशकदाना ।

कस्तूरी–स्त्री० मृगनाभि।मुशक. कस्तूरी

कह्लार–न० श्वेतोत्पल । सुपेद कमल ।

कह्व–पु० बकपक्षी । बगला ।

काक–पु० स्वनामख्यातपक्षी । कौवा

काककङ्गु–स्त्री० चीनक । चीना ।

काककर्कटी–स्त्री० क्षुद्रखजूर । छोटी खजूर. खजुरी ।

काककुष्ठ—न० कङ्कुष्ठ । मुरदाशंख ।

काकघ्नी—स्त्री० महाकरञ्ज । घोराकरञ्ज ।

काकचिञ्चा
काकचिञ्चि —स्त्री० काकचिञ्ची. श्वेता तथा रक्ता गुञ्जा । सुपेद और लाल घुंघची वा रत्ती ।

काकच्छद
काकच्छदि —पु० खञ्जनपक्षी । ममोला. खढ़रैचा ।

काकजंघा—स्त्री० पारावतपदी । मसी. चिकचोहनी ।

काकण—न० कुष्ठविशेष । एक किसम का कोढ़ जिस से स्याह और सुरख़ धब्बे पड़जाते हैं ।

काकतिक्ता—स्त्री० काकजंघा । मसी. चिकचोहनी ।

काकतिन्दुक—पु० काकपीलुक । कुचला ।

काकतुंडफला—स्त्री० काकनासा । कौआ ढोढी ।

काकनाशा—स्त्री० काकाङ्गी । कौआढोढी

काकपर्णी—स्त्री०मुद्गपर्णी । वनमूंग ।

काकपीलू—स्त्री० श्वेत और रक्त गुंजा । सुपेद और सुरख़ रत्ती ।

काकपुच्छ—न० ग्रंथिपर्ण. (पु) कोकिलपक्षी । गठिवन. कोइल ।

काकपुष्ट—पु० कोकिल । कोइल ।

काकपुष्प—न० गन्धपर्णवृक्ष । न्याज़बू. बबई ।

काकफल—पु० निम्बफल । नीम का पेड़ ।

काकबल्लरी—स्त्री० रक्त और श्वेतगुञ्जा. स्वर्णबेलि । सुरख वा सुपेस रत्ती. नागबेलि. अमरबेलि ।

काकमद्गु—पु० दात्यूहपक्षी । पनकुकड़ी ।

काकमाची—स्त्री०ध्वांक्षमाची । कवैआ का पौधा ।

काकमुद्गा—स्त्री० मुद्गपर्णी । वनमूंग ।

काकलीद्राक्षा—स्त्री० द्राक्षाविशेष । एक किसम का दाख । गोस्तनी मुनक्का ।

काका—स्त्री० काकलता. काकजंघावृक्ष. रक्तिकालता. मलयू वृक्ष. काकमाची वृक्ष । वनमूग. मसी. गुञ्जा. कठूमरि का पेड़. कवैआ का पौधा ।

काकाङ्गा
काकाङ्गी
काकाञ्ची —स्त्री० काकजंघावृक्ष । कौआ ढोढीबूटी. चिकचोंहनी ।

काकादनी
काकानन्ती —स्त्री० गुञ्जा । रत्ती. घुंघचि ।

काकायु—स्त्री० स्वर्णबेलि । रक्तफला ।

काकाह्वा—स्त्री० काकमाची । कवैआ का पौधा ।

काकिणी—स्त्री० वाराटिकादशकद्वय. मानदण्डविशेष. माषचतुर्थांश । २० कौडी. हाथभर. मासेका ४ था हिस्सा ।

काकु—स्त्री० जिह्वा । जबान ।

काकुद—न० तालु । तालू ।

काकुमुदिका—स्त्री० कटफल । कायफरा ।

काकेक्षु—पु० काशतृण. कोकिलाक्ष । सरकंडाघास. मूंज. तालमखाना का पौधा ।

काकेन्दु—पु० कटुतिन्दुक । कुपीलु. मकरतेंदुआ. कुचिला ।
काकेष्ट—पु० निम्बवृक्ष । नीम का पेड़ ।
काकोदुम्बरिका—स्त्री० मलयू । कुटुम्भरी का पेड़. कठूमारि का पेड़ ।
काकोदर—पु० सर्प । सांप ।
काकोल—पु० काक. सर्प. शूकर. कुलाल. (न) विष (स्त्री) वायसी । सांप. सुअर . कुम्हार. ज़हर. कौवेकीमादीन. कौवा ।
काकोली—स्त्री० वायसोली । काकोली
काक्षी—स्त्री० तुबरिका. सौराष्ट्रमृत्तिका । वबई. सोरठीमाटी ।
काक्षीव (क)—पु० शोभाञ्जनवृक्ष । सहजने का पेड़ ।
काखोली—स्त्री० खराश्वा । अजमोदा ।
काग—पु० काक । कौआ ।
काच—पु० मणिविशेष । बालू और एक किसम की खार से उत्पन्न वस्तु. मोम. आंख की बीमारी ।
काचमल—न० काचलवण । शोरा ।
काचस्याली—स्त्री० अलिवल्लभा । पाडरि ।
काचहञ्जिका—स्त्री० लाक्षा । लाख. महावर ।
काच्छी—स्त्री० सौराष्ट्रमृत्तिका. सोरठीमाटी ।
काचिघ—पु० काञ्चन. मूषिक. छेमण्ड । सोना. चूहा. यतोम ।

काञ्चन—पु० कञ्चनपुष्पवृक्षविशेष. चम्पक. कोविदारवृक्ष. उदुम्बर. धूस्तर (न) स्वर्ण. धन. पद्मकेशर. नागकेशर. पुष्प (त्रि) स्वर्णमय (स्त्री) हरिद्रा. गोरोचना । एक पेड़ जिस्में खुसबूदार पीले फूल होते हैं. चम्बा. सपेद तथा लाल फूल वाला कचनार का पेड़. गूलर. धत्तूरे का पौधा. सोना. ज़र. कमल की. तिरी. नागकेशर. सोने का. हल्दी ।
काञ्चनक—पु० पक्षीविशेष. कोविदार वृक्ष. हैमतोत्पन्नधान्यविशेष. (न) हरिताल । एक खास परिन्दः. पहाड़ी आबनूस या कचनार. धान विशेष. हरताल ।
काञ्चनकदली—स्त्री० सुवर्णकदली । सोना केला ।
काञ्चनार, काञ्चनाल } पु० कोविदार । कचनार का पेड़ ।
काञ्चनाह्वय—पु० नागकेशरवृक्ष । नागकेशर ।
काञ्चनी—स्त्री० हरिद्रा । हलदी ।
काञ्चनीया—स्त्री० गोरोचना । गोरोचन ।
काञ्ची(ञ्ची)—स्त्री० चन्द्रहार. गुञ्जा. वृक्ष विशेष. चदनहार. रत्ती. एक खास-पौधा ।
काञ्जिक—न० काञ्जी । शिरका ।
काञ्जिका—स्त्री० जीवन्तीलता । पलाशीलता ।

काञ्जिकावटका—स्त्री० काञ्जी में भिगोये हुए बड़े।

काठ—पु० पाषाण। पत्थर. चटान।

काण्ड—पु० न० गुच्छ. शर. अवकाश. प्रस्तर. नाल. जल (पु) आक्षोटवृक्ष। दरखत की मोटी टहनी. गुच्छह. तीर. । मौका. पत्थर. नल. पानी. अखरोट का वृक्ष. पीलू का पेड़।

काण्डकटुक—पु० कारवेल्ल। करेला।

काण्डकाण्डक—न० काशतृण। काही घास. कास।

काण्डतिक्ता—स्त्री० कैरात। चिरायता।

काण्डरुहा—स्त्री० कट्वी। कुटकी।

काण्डीर—पु० अपामार्गवृक्ष. अपुठकांटा. लटजीरा. ऊङ्गा।

काण्डीरा—स्त्री० मञ्जिष्ठा। मजीठ।

काण्डेक्षु—पु० कोकिलावृक्ष. काशतृण। तालमखाना. काही घास. कास।

काण्डेर—पु० तन्दुलीयशाक। चवराई का शाग।

काण्डेरी—स्त्री० नागदन्तीलता। नागदमनी।

कातर } पु० मत्स्यविशेष। एक किस्म
कातल } की बड़ी मच्छली. पढ़िना।

कादम्ब—पु० कदम्बवृक्ष. इक्षु. शर (न) कदम्बपुष्प। कदम का पेड़. गांडा. ऊख. तीर. कदम का फूल।

कादम्बरी—स्त्री० मद्य. शारिका. कोकिला। शराब. मयनापक्षी. कोइलपक्षी

कादम्बा—स्त्री० करवा।

कानक—न० जयपालबीज। जमालगोटा।

काननारि—पु० शमीवृक्ष। जंडी का दरखत. छीकुरि का दरखत।

कान्त—पु० लोह. वसन्तऋतु. कुङ्कुम। कान्तीसारलोहा. मोसिमबहार. केशरि

कान्तपक्षिन्—पु० मयूर। मोर।

कान्तपाषाण—पु० अयस्कान्तमणि। चुम्बकपत्थर।

कान्तलक—पु० तुणि। तुनि।

कान्तलौह—न० कान्तीसारलोहा।

कान्ता—स्त्री० गन्धप्रियङ्गु। मेहदी के बीज।

कान्तार—न० पद्म. कमल फूल (पु०) इक्षु. कोविदार। कमल. केताराऊंख. आबनूस. कचनार।

कान्तारक—पु० इक्षुविशेष। केताराऊख।

कान्तारी—स्त्री० इक्षुविशेष। मतिना ऊख।

कान्तिदा—स्त्री० सोमराजी लता। वाकुची वेल।

कान्दव—न० पक्वान्न। मिठाई।

कापाल—पु० कर्कटी (न) कुष्ठविशेष। ककड़ी. पेठा. एक किस्म की कोढ़।

कापिश—न० मद्यविशेष। खाश शराब।

कापिशायन—न० मद्य शराब।

कापिशायनी—स्त्री० द्राक्षा। दाख।

कापोत } —न० सौवीराञ्जन ।
कापोताञ्जन } सुरमा

काम—पु० चूत । आमका पेंड़ ।

कामजान—पु० कोकिल । कोइल ।

कामरूपिणी—स्त्री० अश्वगन्धावृक्ष । असगन्ध ।

कामाङ्ग—पु० आम्र । आम ।

कामाहु—पु० राजाम्र । कलमी आम ।

कामिन्—पु० चक्रवाक. पारावत. चटक. सारस. चन्द्र. ऋषभौषधि(त्रि)कामुक। चकवा. कबूतर. गरगवा. सारस. चांद. ऋषभ. लाजवन्ती. औरत. जिनाहकार

कामुक—त्रि० अशोकवृक्ष. माधवीलता. चटक पक्षी (पु) अभिलाषुक (स्त्री) विलासिनी. मैथुनेच्छावती । अशोक का पेंड़. माधवीबेल. गरगवा परिंद. ख़ाहिशमन्द या जिनाही. शहवतपरस्त औरत ।

काम्पिलक—पु० रक्तांग औषध । कम्बीला. कबीला ।

काम्पि (म्पी) लक } —स्त्री० ” ” ।
काम्पिल्य }

काम्बोज—पु० पुन्नागवृक्ष (स्त्री) खदिर. गुञ्जा । वाइविडंग का पेंड़. खैर. रत्ती ।

काम्बोजी—स्त्री० माषपर्णी । बनउर्दी ।

कायचिकित्सा—स्त्री० कायोऽत्राऽग्निरुच्यते तस्य चिकित्सा. अथवा कायो देहस्तस्यचिकित्सा कायचिकित्सा ।

कायस्था—स्त्री० हरीतकी. आमलकी. काकोली. हरड़. आवला. काकोली औषध।

कायस्थिका—स्त्री० काकोली ।

कारकजल—न०तुषार जल । बर्फ का पानी

कारणा—स्त्री० तीव्रयातना । बड़ीदर्द ।

कारमिहिका—स्त्री० कर्पूर । कापूर ।

कारव—पु० काक । कौवा ।

कारवी—स्त्री० पृथ्वीका. शतपुष्पा. चन्द्रिका. । कलौंजी. सौंफ. चन्द्रशूर ।

कारवेल्ल (क)—न० कठिल्ल । कारेला की बेल वा फल ।

कारवेल्ली—स्त्री० ” ” ।

कारस्करटिका—स्त्री० कर्ण—जलौका । कनकोल. खनखजूर. कनसेराई कीड़ा।

कारायिका—स्त्री० बलाका । गलगल. बगला ।

कारञ्ज—पु० घृत करञ्ज । घोरा करञ्ज ।

कारण्डव—पु० पक्षीविशेष । ढेकचिड़िया ।

कारुज—पु० करभ. फेण. बल्मीक. नागकेशर । हाथी का बच्चा. झाग. बल्मी. नागकेशर ।

कारुण्डी—स्त्री० जलौका । जोंक ।

कार्तस्वर—न० सुवर्ण. धूस्तर. काञ्चनवृक्ष । सोना. धत्तूरा. पहाड़ी आवनूस ।

कार्प्पट—पु० जतु. कार्य्यार्थी । लाख. उम्मेदवार ।

कार्प्पास—न० तूल (त्रि) कर्पासनिर्मित वस्त्रादि । रुई. सूती कपड़ा वगैरह ।

कार्प्पासी—स्त्री० तुण्डकेरी । कपास का पौधा ।

कार्म्मुक—न० धनुष (त्रि) कर्मदक्ष (पु) वंश. माधवीलता. महानिम्ब । कमान. काम में होशियार. वांस. माधवी फूल की वेल. वकाइनि का पेंड़. नीम का दरखत ।

कार्य्या—स्त्री० कारीवृक्ष ।

कार्श्य—पु० शालवृक्ष. लकुचवृक्ष (न) क्षीणता । साल का दरखत. बड़हल का वृक्ष. दुबलापन ।

कार्षापण—पु० न० कृषक (न) स्वर्ण. रौप्य. अर्थ । किसान. सोना. चांदी. द्रव्य. मजने ।

कार्षिक—पु० पलचतुर्थभाग । एकतोलाभर

कार्ष्ण—त्रि० कृष्णवर्ण (पु) कृष्णसार मृग । स्याह. स्याह हरिण ।

काल—न० लोह. कंकोल (पु) समय. धूप. कोकिल । लोहा. शीतलचीनी. कंकोल मिरच. वक्त. राल. कोइल ।

कालक—पु० जतुक. अलगर्द्द (न) काल-शाक. यकृत् । लाख. पानी का सांप. नरीचा शाक. करेंबू. यकृत् कलेजे के नीचे पेट में दहिनी तर्फ होती है ।

कालकण्ठ—पु० मयूर. खञ्जन. दात्यूह. चटक. चातक । मोर. अबांबील. म-मोला. गरगवा. पपीहा ।

कालकूट—पु० विषविशेष । खाशजहर ।

कालकेशी—स्त्री० नीली । नीलका पौधा ।

कालनिर्य्यास—पु० गूगुलु । गूगल ।

कालपर्ण—पु० तगरवृक्ष । तगर ।

कालपीलुक—पु० कुपीलुवृक्ष । कुचिला का पेंड़ ।

कालपुच्छ—पु० मृगविशेष । वारासिंहा हरिण ।

कालपृष्ठ—पु० मृगविशेष. कङ्कपक्षी । काला हरिण. गौ समूह में रहनेवाला पक्षी ।

कालमूल—पु० रक्तचित्रक वृक्ष । सुरख चीते का दरखत ।

कालमेषिका—स्त्री० श्यामातृवृत्. मञ्जीष्ट वाकुची । स्याह निशोथ. मजीठ. बकुची ।

काललौह—न० कृष्णायस । स्याहलोहा ।

कालशाक—न० नालिक शाक । नरिचा का शाग करेंबू ।

कालशालि—पु० कृष्णशालि । खास काल धान. श्याढ़ ।

कालशे (से) य—न० कालासेय । मट्ठा. छाछ ।

कालसर्प्प—पु० कृष्णसर्प । करिआ सांप ।

कालसार—न० पीतचन्दन । कलम्बक ।

कालस्तिन्दुक—पु० कुपीलु । कोचिला का पेंड़ ।

कालस्थाली—स्त्री० पाटलिः । पाड़रि. पाण्डरि ।

कालस्कन्ध—पु० तमालवृक्ष. तिन्दुकवृक्ष. उदुम्बरवृक्ष. इरिमेदवृक्ष. खदिरवृक्ष. जीरकवृक्ष. । पत्रज का पेड़. तेंदुआ का पेड़. गूलर. रिंयां. खैर. जीरा का पेड़

काला—स्त्री० कृष्णत्रिवृता. मञ्जिष्ठा. नीलिनी. कृष्णजीरक. अश्वगन्धावृक्ष. पटोलीलता। तिरवी. स्याहनिशोथ. मजीठ. नील. कालाजीरा. असगन्ध. परवर।

काला-गुरु—न० कृष्णागुरुचन्दन। स्याह चन्दन. काला अगर।

कालाजाजी—स्त्री० कारवी। कलौंजी।

कालानुसार्य्यक—न० पीतचन्दन. शैलेय। कदम्बक. छरीला. भूर।

कालानुसार्य्य—न० नघुष। तगर।

कालाय—पु० हरेणुकधान्य. दक्षपक्षी। मटर. केराव. मुरग।

कालायस—न० लौह। लोहा।

कालिक—पु० बकपक्षी. (न) कृष्णचन्दन। बगला. कालासन्दल।

कालिका—स्त्री० कारवी. मेघमाला. नवमेघ. कुज्झटिका. रोमावली. हरीतकी. मसी. वृश्चिक. श्यामापक्षी. स्त्रीकाक। कलौंजी. बदूलों का सिलसिलह. नयीघटा आंधी. रोमपङ्क्ति.हरड़. स्याही. बिच्छू. श्यामाचिड़िया. शराब।

कालिङ्ग—पु० हस्ती. सर्प. लौहविशेष. इन्द्रयव. कुटजवृक्ष (न) कालिन्द। हाथी. सांप. खाशलोहा. इन्द्रजव. कुरैआ का पेड़. कलींदा तरबूज।

कालिन्द—न० कृष्णबीज। तरबूज. कलींदा

काली—स्त्री० कालाञ्जनी। छोटीझाड़ी।

कालीक—पु० क्रौंच। बगुला।

कालीय, कालीयक—न० पीतचन्दन। कलम्बक

कालीयक, कालेयक—पु० दारुहरिद्रा। दारुहल्दी।

काल्य—न० प्रत्यूष। सुबह।

कावार—न० शैवाल (स्त्री०) तृणादिछत्र। एरा. सेवार. छालपाल का छाता।

कावृक—पु० कुक्कुट. चक्रवाक. पीतमस्तकपक्षी। मुरग. चकवा. बईया पंखी बया पक्षी।

कावेर—न० कुङ्कुम, (स्त्री०) हरिद्रा। केशरि. हल्दी।

काश—(क) पु० काशाख्यतृण। काशघास।

काशीश—न० काशीश। हीराकशीस।

काशेक्षु—पु० काशतृण। कास।

काश्मर्य्य—पु० खम्भारिवृक्ष। गम्भारी. खम्भारि का पेड़।

काश्मरी—स्त्री० गम्भारीलता। अञ्जीर. खम्भारिबेल।

काश्मीर—न० पुष्करमूल. कुङ्कुम. टङ्क. देशविशेष। कुट. पुष्करमूल. केशरि. सुहागा. काश्मीर।

काश्मीरी—स्त्री० मृगनाभि। कस्तूरी।

काश्य—न० मद्य। शराब।

काष्ठ—न० दारु। लकड़ी।

काष्ठक—न० अगरु। सीसम।

काष्ठदारु—पु० देवदारु। दियार।

काष्ठपाटला—स्त्री० घण्टापाटलि। कठपाडरि।

काष्ठालुक–न० काठिन्ययुक्त कन्दविशेष । कटारु ।

कास–पु० रोगविशेष. काशतृण. शोभाञ्जनवृक्ष । खांसी की बीमारी. काही घास. सुहांजने का दरखत. सहिंजना ।

कासकन्द–कन्दविशेष । कासालू ।

कासघ्नी–स्त्री० कण्टकारी । कण्डयारी बूटी. भटकटैया ।

कासनाशिनी–स्त्री० कर्कटशृङ्गी । काकड़ासिंही ।

कासभञ्जन–पु० पटोलवल्ली । परवर. पलवल ।

कासमर्द्द–न० अरिमर्द । कसौदी. आलूक

कासर–पु० महिष । भैंसा ।

कासार–पु० सरोवर । बड़ा भारी तालाव ।

कासारि–पु० कासमर्द्द । आलूक. कसौंदी ।

कासालु–पु० कोकान के आलु ।

काहल–पु० कुक्कुट. बिडाल. मुर्ग. बिल्ली

काहलापुष्प–पु० धूस्तर । धत्तूरा ।

काहली–स्त्री० तरुणी युवती । जवान औरत ।

किंशुक–पु० कङ्कपक्षी (न) पलाशपुष्प. । ढीकल. माहीखोर परिंदः केसू का फूल टेसू के फूल ।

किंशुलक–पु० पलाशवृक्ष । पलास का दरखत ढीकल ।

किखि–पु० कपि (स्त्री०) शिवा । वन्दर शियारि. लोमड़ी ।

किङ्किणी–स्त्री० कङ्कतवृक्ष । एक किसम का खट्टे अंगूर का दरखत । खैर का वृक्ष ।

किङ्किरात(ठ)–पु० अशोकवृक्ष. शुकपक्षी. कोकिल । वब्बूलवृक्ष । अशोक का पेड़. तोता. कोइल. बबूल का पेड़ ।

किञ्ज, किञ्जल, किञ्जलक – पु० पद्म केशरि । कमल की केसरि ।

किटि–पु० शूकर । सुअर ।

किटिम–पु० केशकीट । जूंआ ढ़ील ।

किट्ट–न० धातुमल । गूह ।

किट्टाल–पु० लोहमल. विष्ठा । लोह की जंग. गूह ।

किट्टी–स्त्री० लोहकिट्ट । लोह की कीटी

किण–पु० शुष्कव्रण. मांसग्रन्थि. घुणकीट । फोड़े का दाग. मसा. घुनकीड़ा

किणही–स्त्री० अपामार्ग । लटजीरा. चिरचिरा ।

किलव–पु० निशाचरवृक्ष. धूस्तरवृक्ष । ग्रन्थिपर्ण का भेद भटेउर यह नेपाल देश में होता है । धत्तूरा ।

किन्तनु–पु० अष्टपादी । मकड़ी ।

किन्धिन्–पु० अश्व । घोड़ा ।

किम्भरा–स्त्री० नलीनामक गन्धद्रव्य । पवारी ।

किर–पु० सूकर । सुअर ।

किरात, किरातक, किरातिक्त – पु० भूनिंब । चिरायता ।

किराततिक्ती—स्त्री० जटामांसी । जटामासी ।
किरीटि—न० हिन्तालफल । तरखजूर का दरखत ।
किर्म्मी—स्त्री० पलाशवृक्ष. गृह । पलास का पेड़. घर ।
किर्म्मीर—पु० नारङ्गवृक्ष । नारङ्गी का पेड़
किलाटक—पु० नष्टदुग्धस्य पक्कस्य पिण्डः प्रोक्तः किलाटकः । गिजिरी ।
किलिम—न० देवकाष्ठ । देवदारु. दियार
किश(स) ल (य) पु० न० पल्लव, नूतनपत्र । नयापत्ता ।
कीकस—पु० कृमिविशेष (न) अस्थि (त्रि) कर्कश । कीड़ा. हड्डी. सखत ।
कीचक—पु० बांसविशेष । बांस. नल ।
कीट—पु० कृमिजाति । कीड़ा ।
कीटमाता—स्त्री० हंसपदी । करेंबू ।
कीलाल—न० जल. मधु. रुधिर. (पु) अमृत (त्रि) पशु । पानी. सहद. खून. अमृत. हैवान ।
कीलालधि—पु० समुद्र । दरिया ।
कुकभ—पु० मद्य । शराब ।
कुकूटी—स्त्री० शाल्मलीवृक्ष । सिंबल का दरखत सेमरा ।
कुक्कुट—पु० शितिवारशाक. दक्षपक्षी । सिरीआरी का शाक. मुर्ग. सुरुआरि
कुक्कुटाण्डक—पु० वार्षिकधान्यविशेष । वर्षाती धान का नाम ।
कुक्कुर (त्त) —पु० श्वा (स्त्री) शुनी (न) वर्हिबर्ह । कुत्ता. कुत्ती. ग्रन्थिपर्णी. स्यौणेयपने ।
कुक्ष—पु० कुक्षि । कोख ।
कुङ्कुम—न० कश्मीरदेशजा कुङ्कुम ।केसरि जाफरान ।
कुच—पु० स्तन । पिस्तान. चूंची ।
कुचन्दन—न० वकम् । पतंग ।
कुचफल—पु० दाडिमवृक्ष । अनार का दरखत ।
कुचाग्र—न०स्तनाग्रभाग । चूंचीकी वोड़ी ।
कुचेली—स्त्री० वृक्षविशेष । एक पौधा ।
कुच्छ—न० कुमुद । सुपेदकमलफूल. कूं- का वेलि ।
कुज—पु० वृक्षविशेष । कूजा ।
कुजक—पु० भद्रतरणिवृक्ष । कूजा का पुष्प ।
कुञ्जन—न० नेत्ररोग । आंख की बीमारी ।
कुञ्चि—पु० अष्टमुष्टिपरिमाण । आठ मूठी भर ।
कुञ्चिका—स्त्री० कृष्णजीरक. मत्स्यविशेष. तालोद्घाटकयन्त्र. गुञ्जा. मेथिका । कालाजीरा. मच्छली. चाबी. रत्ती. बांस की टहनी. मेथी. बनमेथी ।
कुञ्चित—न० तगरपुष्प । तगर का फूल ।
कुञ्ची—स्त्री० उपकुञ्ची । सुपेदजीरा ।
कुञ्ज—पु० हस्तिदन्त. लतागृह । हाथी का दान्त. कुञ्ज ।
कुञ्जनिका—स्त्री० राजिका । राई ।
कुञ्जरा—स्त्री० धातकी । धौ के फूल ।
कुट—पु० शिलाकुवृक्ष । कूट ।

कुटज—पु० गिरिमल्लिका । कुरैआ का पेड़ इसी के फल इन्द्रयव कहलाते हैं ।
कुटजबीज—न० इन्द्रयव । इन्द्रजव ।
कुटन्नट—पु०(टा) स्त्री. श्योनाकवृक्ष (न) कैवर्तीमुस्तक. । सोना पाढ़ा का पेड़. कोसचीमोथा. गुड़तजी ।
कुटप—पु० कुडवपरिमाण(न) पद्म । ३२ तोलेभर ऽ।=॥ कमल का फूल
कुटिचर—पु० जलशूकर । सुसमार ।
कुटिल—न० कालानुसार्य्य । तगर ।
कुटुम्बिनी—स्त्री० क्षुद्रक्षुपविशेष।एकबूटी
कुट्टिम—पु० न० दाड़िमवृक्ष। अनार का दरखत ।
कुठाटङ्क—पु० कुठार । कुल्हाड़ी ।
कुठार—स्त्री० कुठार. बर्बरीवृक्ष । कुल्हाड़ी. बबई का पेड़ ।
कुठेर—पु० श्वेततुलसी. वह्नि. अर्जकवृक्ष न्याजबू. बवई. अग्नि. सुपेदतुलसी ।
कुठेरक—पु० श्वेततुलसी. बर्बरी । सुपेद तुलसी . बबई ।
कुडुप(व)—पु० प्रस्थचतुर्थांशपरिमाण । ३२ तोला ऽ।=॥ छटांक भर ।
कुड्यमत्स्य—पु० गृहगोधिका (स्त्री) (त्सी) छिपकली ।
कुण्ड—गोलक—पु० काञ्जिक । कांजी ।
कुण्डल—पु० कोविदारवृक्ष । कचनार का पेड़ ।
कुण्डलिनी—स्त्री० मिष्टान्नविशेष। जलेवी
कुण्डलिन्—पु० सर्प्प. मयूर. चित्रमृग । सांप. मोर. चितकबरा हरिण ।
कुण्डली—स्त्री० गुडूची । गिलोय, गुरुच ।
कुतृण—न० कुम्भ । एक किस्म का पौधा ।
कुत्सला—स्त्री० नीलीवृक्ष । नील का पौधा ।
कुत्सितशाल्मली—स्त्री० कूटशाल्मली । सेमरा ।
कुत्य—त्रि० कुशतृण । कुशा घास
कुद्दाल—पु० श्वेतपुष्प—कोबिदारवृक्ष । सुपेद फूल वाला कचनार का पेड़. कुलाड़ का पेड़ ।
कुद्रव—पु० कोद्रव । कोदों ।
कुधान्य—न० क्षुद्रधान्य । ढेढ़र. कोदों ।
कुनटी—स्त्री० मनोगुप्ता. शतपुष्पा । धनिया. मैनशिल. मणशिल. मैनशिल ।
कुनाशक—पु० यासक । जवासा, जवांह ।
कुन्तल—पु० केश. यव. हस्त । बाल. जव हाथ ।
कुन्ति—पु० देशविशेष (स्त्री)(न्ती) गुग्गुलुवृक्ष.शल्लकी । गुग्गुल,गूगल.स्याहीपशु.।
कुन्द—पु० मुकुद. सदापुष्प. करवीरवृक्ष । कुन्दुरु सुगंध द्रव्य शल्लकी का गोंद. कुन्द का फूल. कनयर का फूल ।
कुन्दर—पु० तृणविशेष ।
कुन्दुरु—पु० कुन्दुरु. सुगंध द्रव्य शल्लकी-का गोंद ।
कुन्दुरुकी—स्त्री० शल्लकीवृक्ष । सालई ।
कुप्य—न० स्वर्णरौप्यातिरिक्तधातु । सोने रूपे से अलावा और सब धातें ।

कुवल—न० कर्कन्धु । मीठा बेरवृक्ष ।
कुवलयश्वेत—न० कुमुदिनी । कोई, कुंकां का बेलि ।
कुबेराक्षी—स्त्री०पाटली । पाड़रि,पाण्डरि।
कुब्ज—पु० खड्ग. अपामार्ग । तलवार. अयुठकांटा, लटजीरा ।
कुमार—पु० शुकपक्षी । तोता ।
कुमारजीव—पु० पुत्रजीवकवृक्ष । जीया-पोता. पुत्रजीवा ।
कुमारिका—स्त्री० नवमल्लिका. स्थूलैला । मालती का पौधा. मोटी इलायची ।
कुमारी—स्त्री० घृतकुमारी । घिकुआरि ।
कुमुद—न० कैरव. श्वेतोत्पल. रक्तपद्म. रौप्य (पु) वानरविशेष. कर्पूर. गुग्गुलु । सोसन. सुपेदकमल. सुरखकमल.चांदी. खासबन्दर. काफूर. गूगल ।
कुमुदबान्धव—पु० चन्द्र. कर्पूर । माहताब काफूर ।
कुमुदबीज—न० कैरवीबीज । भेंट. कुंकां का बेली के बीज ।
कुमुदिनी—स्त्री० कुमुद, । कुंकां का बेलि ।
कुमुद्वती—स्त्री० कुमुदिनी । कुंकां का बेलि ।
कुमुद्वतीबीज—न० कुमुदबीज । कुंकां-बेली के बीजा ।
कुम्भ—पु० घट. द्रोणद्वयपरिमाण. गुग्गुलु. त्रिवृत । घड़ा. ६४ सेर, गूगल. तिर-वी. निशोथ ।
कुम्भयोनि—पु० द्रोणपुष्पीवृक्ष । गूमा के फूल का पौधा ।
कुम्भाण्ड—पु० कूष्मांड (स्त्री) कूष्माण्डी । पेठा. कुम्हड़ा. कद्दू. लौकी ।
कुम्भिका—स्त्री० कट्फल. जलकुम्भी । कायफर. सेवार ।
कुम्भिन्—पु० हस्ती. कुम्भीर. गुग्गुलु । हाथी. घड़ियाल. गूगल ।
कुम्भिनीबीज—न०जयपाल। जमालगोटा।
कुम्भी—स्त्री० उखा. पाटलावृक्ष. वारि-पर्णी. दन्तीवृक्ष । हंडिया. पाड़रि. सेवार. दन्तूनि का पेड़ ।
कुम्भनिस—पु० क्रूरसर्प । ज़हरी सांप ।
कुम्भीर (ल)—पु० कुम्भीर । घड़ियाल ।
कुम्भीबीज—न० जयपाल । जमालगोटा।
कुरङ्कर—पु० सारसपक्षी । सारस ।
कुरङ्ग (क)—पु० हरिण । आहू, हरणा ।
कुरण्टक—पु० बाणपुष्प. पीतसैरेयक । बाण का फूल. पीलेफूल का कटस-रैआ या, करसैला ।
कुरण्ड—पु० मुष्कवृद्धिरोग । पोतों के बढ़ जाने की बीमारी ।
कुरर—पु० उत्क्रोशपक्षी (स्त्री) कुरर पक्षी टिटिहरी स्त्री, मेषी । कूंज. कूंज की मदीन. भेंड़ी ।
कुरव(क)—पु० रक्तझिण्डी. पीतझिण्डी. कूंज. सितमंदार । गुलखैरा लाल या पीला सुपेद मदार ।
कुरीर—न० मैथुन. सोहबत ।
कुरु—पु० कण्टकारिका । कंडियारीबूटी. भटकटैया ।

कुरुम्बिका—स्त्री० द्रोणपुष्पीलता । गूमा का पौधा ।

कुरुवक—पु० रक्तझिण्टी. रक्तम्लान. पीतझिण्टी । गुलखैरा ।

कुरुविन्द—पु० मुस्ता. कुल्माष. दर्पण. हिङ्गुल (न) पद्मरागमणि । नागरमोथा। कुलिथ. आइनह. शिंगरफ. ईंगुरु. मानक ।

कुरुविल्व—पु० पद्मरागमणि । मानक ।

कुर्पर—पु० जानु । घुटना. कोहनी ।

कुलक—पु० कुपीलुवृक्ष. वल्मीक (न०) पटोलवल्ली । कोचिला का पेड़. वरमी. पलवल. परवर की बेलि ।

कुलङ्गी—स्त्री० कर्कटशृङ्गी । ककड़ासिंही

कुलत्थ—पु०
कुलत्थिका स्त्री } कुलथी खुरथी का पेड़

कुलाट—पु० क्षुद्रमत्स्यविशेष । छोटीसी मच्छली ।

कुलाली—स्त्री० नीलोत्पल । नीलोफर ।

कुलि—पु० हस्त । हाथ (स्त्री) कण्टकारी बड़ी कण्टियारी. भटकटैया बूटी ।

कुलिङ्ग—पु० चटक. भृङ्ग (स्त्री०)(ङ्गी) कर्कटशृङ्गी । गरगवा. भौंरा. काकड़ासिंही ।

कुलिश—पु०न० वज्र अस्थ्यहारवृक्ष. मत्स्यविशेष । हीरा. हड़सिंघार का पेड़. खाशमच्छली ।

कुली—स्त्री० कण्टकारी. बृहती । कण्टियारी. बड़ी भटकटैया ।

कुलीनस—न० जल । पानी ।

कुलीरविषाणिका
कुलीरशृङ्गी } स्त्री० कर्कटशृंगी । ककड़ासिंही बूटी ।

कुलुक—न० जिह्वामल । जबानपर की मैल

कुल्माष—पु० सूर्य्य के पारिपार्श्विक. अर्द्धस्विन्नगोधूमचणकादि. काञ्जिक. यावक. वोरवधान्य. कुलत्थ. काश्मीरजतुलसी. राजमाष. पाचितमाषादि । अधचुरे गेहूं चने वगैरह. कांजी. महाउरु. कुलथी. काश्मीरदेश की तुलसी. लोबिआ. पकाये हुये उड़द आदि ।

कुल्य—न० अस्थि. अष्टद्रोणपरिमाण. आमिष । हड्डी. ३२ सेर. मांस. गोश्त.

कुश—पु० न० बर्हिष (न) जल । कुश घास. पानी ।

कुशेशय—न० कमल (पु०) सारस पक्षी. कर्णिकारवृक्ष । कमल. सारस. कनयर का पेड़. नयनिआ का पेड़. अमिलतास का पेड़ ।

कुष्ठ—न० रोगविशेष. आमय औषध । कोढ़ की बीमारी. कुट्ठ दवा. कूटदवा

कुष्ठगन्धिनी—स्त्री० अश्वगंधा । असगंध ।

कुष्ठघ्नी—स्त्री० सोमराजी । वाकुची ।

कुष्ठभेद—न० पौष्करमूल । पुष्करमूल ।

कुष्ठहा—पु० पटोल । परवर. पलवल ।

कूष्माण्ड—पु० पीतपुष्पफल । कुम्हड़ा पेठा फल ।

कुसुम—न० फल. पुष्प, स्त्रीरज, नेत्ररोगविशेष । फूल, हैज, आंख की एक बीमारी।

कुसुमासव—न० मधु । शहद ।

कुसुम्भ—न० स्वर्ण,वन्हिशिखपुष्प । सोना, कुसुम्भे का फूल ।
कुसुम्भबीज—न० वन्हिशिखबीज । कुसुंम के बीज, बरे ।
कुस्तालूखलक—न० गुग्गुलु । गूगल ।
कुस्तुम्बुरु—न० धान्यक । धनिया ।
कुहलि—पु० पूगपुष्पिका । पान का पत्ता
कुहा—स्त्री० क्षुद्रकोल । झरबेरिआ, बैरि का पेड़ ।
कूच—पु० स्तन (स्त्री) (ची) । पिस्तान, बालों की कलम ।
कूट—पु०-न० कदली । केला का पेड़ ।
कूटज—पु० कुटजवृक्ष । कोरैआ का पेड़ ।
कूटशाल्मलि—पु० कुत्सितशाल्मलि । कुट सिंबल का पेड़ ।
कूटस्थ—न० व्याघ्रनखाख्यगंधद्रव्य । बघनखी औषध ।
कूपिका—स्त्री० जलजातोत्पल । पानी का कमलफूल ।
कूर—न० अन्न । पके हुये चावल, भात।
कूर्च—पु० भ्रूमध्य, मयूरपुच्छमुष्टि, श्मश्रु, शीर्ष । भवों का दरिम्यान, मोरपंख की चौंरी, दाहड़ी, शिर ।
कूर्चशीर्षक—पु० नारिकेलवृक्ष, जीवक । नारियल, जीवक बूटी ।
कूर्प—न० भ्रूमध्य । भौं के बीच की जगह।
कूर्म—पु०न० कच्छप । कछुआ ।
कूष्माण्ड—पु० ककारु (स्त्री) (ण्डी) पेठा कुम्हड़ा ।
कूष्माण्डकवटी—स्त्री० कूष्माण्ड युक्त माषवटी । कुम्हरौड़ी ।
कूलक—पु० पटोल । परवर ।
कृकवाकु—पु० कुक्कुट, मयूर, सरट । मुरग, मोर, गिरगिट ।
कृच्छ्र—त्रि० मूत्रकृच्छ्र । पेशाब बन्द की बीमारी ।
कृतमाल—पु० आरग्वध । अमिलतास, किरवाल, घनबहेरा ।
कृतवेधना—स्त्री० धामार्गव । तोरई ।
कृताञ्जलि—पु० औषधिभेद । हाथाजोरी ।
कृतिन—न० देवदारुवृक्ष । देवदारु ।
कृत्ति—स्त्री० कृष्णसारचर्म, त्वच्, भूर्ज । काले हरिण का चमड़ा, छिलका, भोजपत्ता ।
कृत्रिम—न० विट्लवण । खारी निमक ।
कृत्स—न० जल । पानी ।
कृत्स्न—न० जल, सर्व, कुक्षि । पानी, तमाम, कोख ॥
कृन्तनिका—स्त्री० क्षुरिका । छूरि, छुरी ।
कृपीट—न० उदर, जल, विपिन । पेट, पानी, जंगल ।
कृमि—पु० कीट, लाक्षा, उदरजात कीट रोग । कीड़ा, लाख, पेट का कीड़ा ।
कृमिकृत्—स्त्री० राजिका । राई ।
कृमिघ्न—पु० विटङ्ग, विडङ्ग, पलाण्डु, भल्लातक । वायविडंग, पियाज, भिलांवा ।
कृमिघ्ना—स्त्री हरिद्रा । हल्दी ।

कृमिज } न० अगरु. कृष्णागुरु । सुपेद
कृमिजग्ध } या स्याह अगर ।

कृमिवृक्ष–पु० कोशाम्र । कोशम्भ ।

कृशर–पु० त्रिसर (स्त्री) (रा) द्विदलमिश्रितान्न । तिलचावली. खिचड़ी ।

कृशला–स्त्री० केश. कुन्तल । बाल. जुल्फ ।

कृशानु–पु० अग्नि चित्रकवृक्ष । आग. चित्रा का दरखत ।

कृशोदरी–स्त्री० सारिवा । गोरिआं सांऊ सुपेद दुधउरु ।

कृष्टपच्य–त्रि० व्रीहिधान । धान ।

कृष्टल–न० गुञ्जा. प्रस्तरविशेष । रत्ती. घसौटी ।

कृष्ण–न० मरिच. लोह. नीलाञ्जन । स्याहमिरच. लोहा. सुरमा ।

कृष्णकाय–पु० महिष । भैंसा ।

कृष्णजीर–पु० कृष्णजरण । स्याह जीरा ।

कृष्णतार–पु० हरिण । हन्ना ।

कृष्णपाकफल–पु० करमर्द्दः । करौंदा. करौंदी ।

कृष्णपुच्छ–पु० रोहीमत्स्य । रोहूमच्छली ।

कृष्णफला–स्त्री० सोमराजी. कोलशिम्बी वाकुची. सुवशेम्बि. सेमा ।

कृष्णवृन्ता–स्त्री० माषपर्णी. पाटला. गम्भारी । बनउर्दी. पाडरि. खम्भारी ।

कृष्णभेदा–स्त्री० कटुका । कुटकी ।

कृष्णमल्लिका–स्त्री० स्यामतुलसी । काली तुलसी ।

कृष्णमृत्– } स्त्री० कृष्णमृत्तिका ।
कृष्णमृत्तिका } कालीमिट्टी. कालीमाटी

कृष्णराजिका–स्त्री० कृष्ण सर्षपा । स्याह राई ।

कृष्णल–पु० गुञ्जा (स्त्री) (ला) । रत्ती, रत्तियों का पौधा । चौंटली. घोंघची ।

कृष्णलोह–न० अयस्कान्त । चुम्बकपत्थर

कृष्णवर्ण–पु० अरिष्टः । रीठा ।

कृष्णबीज–न० कालिन्दा । कलींदा. तरबूज़

कृष्णव्रीहि–पु० वर्षाली धानविशेष । स्याढ़

कृष्णशारिवा–स्त्री० कृष्णसारिवा । कालादुधउरु । करिआं वांसा ।

कृष्णशिग–पु० शोभाञ्जनवृक्ष । सुहांजने का पेड़ ।

कृष्णशृङ्ग–पु० महिष । भैंसा ।

कृष्णसर्षप–पु० कृष्णराजिका । स्याह राई

कृष्णसार–पु० हरिण. शिंशपावृक्ष । खदिरवृक्ष । हरिन. शीशम का पेड़. खैरा दरखत ।

कृष्णसारा–स्त्री० शिंशपावृक्ष । शीशम का पेड़ ।

कृष्णा–स्त्री० नीलीवृक्ष. पिप्पली. द्राक्षा. कृष्णजीरक. गम्भारी. राजसर्षप. पर्पटी. काकोली. सोमराजी सेवती । नील का पौधा. पिपली. दाख. स्याहजीरा. खम्भारी. सेरसों. पद्मावती. काकोली बूटी. वाकुची. सेवतीगुलाब ।

कृष्णाकङ्गु–स्त्री० कृष्णकङ्गुनी । काली काकुनि ।

कृष्णातिल–पु० श्यामतिल. कालतिल । स्याह तिल ।

कृष्णाप्रियङ्गु–पु० कृष्णकङ्गुनी । काली कांकुनि ।

कृष्णाफला–स्त्री० सोमराजी । बाकुची ।

कृष्णाभा–स्त्री० कालाञ्जनी । कलौंजी ।

कृसर–पु० कृशर । तिलचावली ।

कृसरा–स्त्री० कृशरा । खिचड़ी ।

कृसा–स्त्री० मांसरोहिणी । रोहिणी का पेड़ । कुटकी ।

केकिन्–पु० मयूर । मोर ।

केतक–पु० केतकी वृक्ष । केवड़े का फूल ।

केतुग्रहवल्लभ–न० वैदूर्य्यमणि ।

केदारजल–न० बरहा या खेत का पानी ।

केपीजि–पु० अश्व । घोड़ा ।

केमुक–पु० वृक्षविशेष । केमुआ का पेड़ इसमें कन्द होता है ॥

केलास–पु० स्फटिक । कांच. बिल्लोर ।

केश–पु० मज्जातोपधातुविशेष. चिकुर. बालक औषध । बाल. सुगन्धवाला. नेत्रवाला ।

केशपर्णी–स्त्री० रक्त अपामार्ग । लाल-चिरचिर. सुरखलटजीरा ।

केशर–पु०न० किञ्जल्क (पु०) नागकेशर-वृक्ष. बकुलवृक्ष. पुन्नागवृक्ष. सिंहजटा, हिंगुवृक्ष । फूलों की तिरी । नागकेशर का पेड़. सुपारी का पेड़. कचनार का पेड़. हींग का पेड़ ।

केशरञ्जन, केशराज } पु० भृङ्गराज । घमिरा का पौधा ।

केशरिन्–त्रि० बीजपूरवृक्ष । बिजौरा निम्बू का पेड़ ।

केशहन्त्री–स्त्री० शमी । छीकुरिका पेड़ ।

केशामुष्टि–पु० महानिम्बवृक्ष । बकायन का पेड़ ।

केशिन्–स्त्री० नीलीवृक्ष । नील कापेड़ ।

केशी–स्त्री० माचिका । भोइआ केवैआ का पौधा ।

केसरिन्–पु० पुन्नागवृक्ष । सुपारी का पेड़ ।

कैटर्य्य–पु० कटुफल । कायफर ।

कैतक–न० केतकीपुष्प । केतकी का फूल

कैतव–न० वैदूर्य्यमणि । खाशमणि ।

कैरव–न० कुमुद. श्वेतोत्पल । कोईं. सु-पेदकमल ।

कैरविन्–पु० मेथिका । मेथी ।

कैरविका–स्त्री० कुमुद । छांका बेलि ।

कैरविणीफल–न० कुमुदबीज । भेंट. छां-का वेलि के चावल ।

कैरवी–स्त्री० बनमेथिका । जंगली मेथी।

कैरात–पु० न० भूनिम्ब. शम्बरचन्दन । चिरायता. संदलविशेष ।

कैराल–न० विडङ्ग. टङ्कण । वायविडंग सोहागा ।

कोक–पु० चक्रवाक. वृक. ज्येष्ठी. खर्जू-रीवृक्ष. भेक । चकवा. भेडिया. छि-पकली. खजूर का पेड़ ।

कोकनद–पु० रक्तकमल । लाल कमल ।
कोकिलाक्ष–पु० काकेक्षु । तालमखाना ।
कोटिर–पु० नकुल । नेउला ।
कोटिवर्षा–स्त्री० स्पृक्का । लंकोइ कपुरी ।
कोड़कसेरुक–पु० मुस्था । नागरमोथा ।
कोणकूण–पु० मत्कुण । खटमल ।
कोद्रव–पु० कोद्रव । कोदव ।
कोथ–पु० नेत्ररोग । आंख की बीमारी ।
कोबिदार–पु० श्वेत–रक्त–कञ्चनार । सुपेद या सुरख़ कचनार का पेड़ ।
कोमलवल्कल–पु० लवलीवृक्ष । हरफा रेवरी का पेड़ ।
कोरङ्गी–स्त्री० सूक्ष्मैला । छोटी इलायची ।
कोरदूषक–पु० कोद्रव । कोदव अन्न ।
कोल–न० बदरी । मीठी बेरि ।
कोलक–न० कंकोल । शीतलचीनी ।
कोलकाकुल–न० कङ्कुष्ठ । मुरदाशंख ।
कोलकैषिका–स्त्री० त्रिवृत्तश्यामा । स्यामपनिलरा. स्याहनिशोथ ।
कोलवल्ली–स्त्री० गजपिप्पली । गजपीपल
कोलमूल–पु० पिप्पलीमूल । मद्य. पीपरामूल ।
कोलशिम्बि–पु० शूकशिम्बि । सुवशेम्बि खजोहरा. केवाच ।
कोला–स्त्री० पिप्पली । पिपली ।
कोली–स्त्री० बदरीवृक्ष. क्षुद्रबदरी । बेरि. झरबेरिआ ।
कोल्या–स्त्री० पिप्पली । मद्य. पीपली ।
कोश–पु० अण्ड. हिरण्य. बयजा. सोना ।
कोशकार–पु० इक्षु । पौंड़ा. गन्ना ।
कोशवासिन्–पु० शम्बुक. तन्तु. कीट. स्फटिक । घोंघा. डोरा. कीड़ा. बिल्लौरीपत्थर ।
कोशातक–पु० केश । बाल ।
कोशातकी–स्त्री० पटोली । परवर की बेल ।
कोशाम्र–पु० क्षुद्राम्र । रीरी आम. कोशम्भ ।
कोशिकार–पु० इक्षु । करिया कुसियारि ऊख. पौंडा या गन्ना ।
कोशी–स्त्री० उपानत् । जूता ।
कोष–पु० न० खड्गपिधान. अर्थसमूह. दिव्य. अण्ड. पात्र. शब्दाभिधान. भाण्डागारी. योनि. शिम्बा. । गुंचह मियान. खज़ाना. कसम. बयजा' बर्तन. लुगत. कुस. सूढ़ी ।
कोषक–पु० अण्ड. अण्डकोष । बयज़े. पोते ।
कोषचञ्चु–पु० सारसपक्षी ।
कोषफल–न० कङ्कोल । शीतलचीनी ।
कोष्ठीसिता–स्त्री० विदारीकंद. क्षीरबिदारी । गैंठि. विलारीकन्द ।
कोष्टुबिन्ना–स्त्री० पृश्निपर्णी । पिथवन. पिठवन ।
कोसिक–पु० गुग्गलु । गूगल ।
कोहल–पु० मद्यभेद । एक किसिम की शराब ।
कौञ्च–पु० हिमालयपर्वतविशेष । हिमालय पहाड़ ।

कीट–पु० कुटजवृक्ष (न) धूर्त । कोरैआ का पेड़. शरीर ।

कौनख–न० कुनखीरोग । एक बीमारी जिस्से नखून गिर पड़ते हैं या काले पड़जाते हैं ।

कौन्ती–स्त्री० रेणुका औषध । यह मरिच के सदृश होती है और रेणुका नाम से मशहूर है ।

कौप. कौप्यजल–न० कूपोदक । कुए का पानी ।

कौपीन–न० कच्छा. अकार्य्य. गुह्य. पाप कुपीन. खराब काम गुदा गुनाह ।

कौप्यजल–न० कूपोदक । कुए का पनी ।

कौप्यमत्स्य–पु० कूपमत्स्य । कुए की मच्छली ।

कौमारभृत्य–न० कुमारा बालाः तेषां भृतिं भरणं पोषणं च भृता. तस्या इदं तन्त्रमिति कौमारभृत्यम् ।

कौलालकं–न० मृण्मयपात्र । मट्टी का बर्तन ।

कौलीन–न० गुह्य । गुदा ।

कौवेर–न० कुष्ठरोग । कोढ़ की बीमारी

कौश–त्रि० कौशेयवस्त्र । रेशमी कपड़ा ।

कौशिक–पु० गुग्गुलु. उल्लूक. नकुल (त्रि) कौशेय । गूगल. उल्लू. खूसट. नेउला. रेशमी कपड़ा । (न) रेशम ।

कौशेय–त्रि० पट्टवस्त्र (न) रेशम । रेशमी कपड़ा. रेशम ।

क्रकच–पु० न० करपत्र. ग्रन्थिलपत्र । आरा. किवड़ा का वृक्ष ।

क्रकच्छद–पु० स्वर्णकेतकीवृक्ष केवड़ा का पेड़ ।

क्रकण–पु० तितरविशेष । एक किसम का तीतर ।

क्रकर–पु० करीरवृक्ष । करीर का पेड़ ।

क्रमि–पु० कृमि. रोगविशेष । कीड़ा. कीड़ों की बीमारी ।

क्रमिज–न० अगुरु । रेशम. लाख ।

क्रमिजा–स्त्री० लाक्षा । लाख ।

क्रमिदन्तक–पु० दन्त में काले छेद हों दन्त हिलें और पीड़ा हो ।

क्रमु } स्त्री० गुवाकवृक्ष । सुपारी
क्रमुकी } का पेड़ ।

क्रव्य–न० मांस । गोश्त ।

क्रिमि–पु० कीट. द्रुमामय. रोगविशेष । कीड़ा. लाख. एक खास बीमारी ।

क्रिमिजा–स्त्री० लाक्षा । लाख ।

क्रीडारत्न–न० रति । मुबाशरत ।

क्रीडासरस–न० जलाशय । तालाब ।

क्रूर–पु० श्येनपक्षी. बक. रक्तकरवीरवृक्ष । बाज. बगला. सुरख कनयर का दरखत

क्रूरकर्म्मा–स्त्री० अर्कपुष्पी ।

क्रूरा–स्त्री० रक्तपुनर्नवा । सुरख गदापुरैना की बेल ।

क्रूर्च–पु० न० श्मश्रू । दाढ़ी ।

क्रोड़–पु० शूकर. वाराहीकन्द । सुअर. गोद अर्थात् बराहीकन्द ।

क्रोड़पाद–पु० कच्छप । कछुआ ।

क्रोष्टृ–पु० शृगाल (स्त्री) (ष्टी) शृगाली । गीदड़ गीदड़ी ।

क्रौञ्च–पु० स्त्री० कुररपक्षी । कूंज पक्षी ।

क्लमनाशन } न० जल । पानी ।
क्लमहर }

क्लीतका } स्त्री० नीलवृक्ष ।
क्लीतकिका } नील का पौधा ।

क्लीतनक–न० ज्येष्ठीमधु.जेठीमधु.मुलेठी

क्लीव–न० जल । पानी ।

क्लेदक–पु० श्लेष्मक । कफ ।

क्लेदन–पु० श्लेष्मा । कफ. गीला करना

क्लैव्य–न० दौर्बल्य. क्लीवलिंग. अपुरुषत्व कमजोरी. मुखन्नस. नामर्दी ।

क्लोम,(न्)–न० मूत्राधार । मसाना ।

क्वथिता–स्त्री० कढ़ी ।

क्वाथ–पु० दुःख. बासन. द्रव्यनिष्पाक. निर्य्यास. मण्ड । तक्लीफ. बर्तन. जुशांदा. रस. गुदा ।

क्वथित–त्रि० शृत । जोश दिया हुआ ।

क्षणदा } स्त्री० रात्रि । शब ।
क्षणिनी }

क्षतज–न० रक्त । खून ।

क्षतवृक्ष–पु० मुचुकुंदपुष्पलता । मुचुकुन्द फूल की बेल ।

क्षताभिजनक–पु० राजिका । राई. लाही

क्षपा–स्त्री० रात्रि. हरिद्रा । शब. हल्दी ।

क्षपाकर–पु० चन्द्र.कर्पूर.माहताब काफूर

क्षमा–स्त्री० अतसी. खदिर । अरसी. खैर

क्षयतरु–पु० नन्दीवृक्ष । बेलिया पीपल ।

क्षयथु–पु० काशरोग । खांसी की बीमारी

क्षर–न० जल, मेघ । पानी. बादल ।

क्षार–न० विड्लवण यवक्षार (पु) टङ्कण. लवण. काच, भस्म. गुड़ । खारानिमक जवाखार. सोहागा. निमक. कांच. राख. गुड़ ।

क्षारत्रय–न० १ स्वर्जिका २ यवाक्षार. ३ टङ्कण । सज्जीखार १ जवाखार २ सोहागा ।

क्षारद्वय–न० १ स्वर्जिका, २ यवाक्षार । सज्जीखार १, जवाखार २ ।

क्षारवृक्ष–पु० मोक्षवृक्ष । पर्वतों में पलाशक के सदृश होता है ।

क्षारमृत्तिका–स्त्री० लवणमृतिका । खारीमिट्टी. रेहू ।

क्षारश्रेष्ठ–पु० पलाशवृक्ष । ढीकलु का पेड़ ।

क्षाराष्टक–न० १ पलाश. २ सेहुण्ड, ३ लटजीरा. ४ अम्ली. ५ तिलपिञ्जी. ६ यवाक्षार. ७ सज्जीक्षार. ८ बहेरा ।

क्षारिका–स्त्री० क्षुधा भूख ।

क्षिति–स्त्री० रोचनानामगन्धद्रव्य । गोलोचन ।

क्षितिक्षम–पु० खदिरवृक्ष । खैरे का पेड़

क्षीर–न० जल. दुग्ध । पानी. दूध ।

क्षीरकाकोली–स्त्री० औषधविशेष ।

क्षीरवल्लिका–स्त्री० क्षीरकाकोली ।

क्षीरवल्ली–स्त्री० विदारीकंद. क्षीरविदारी । गेंठि. बिलारीकन्द ।

क्षीरवृक्ष–पु० अश्वत्थ. उदुम्बर। पीपल गूलर ।

क्षीरशर–पु० दधियोगेन पक्वोष्णदुग्धजातामिक्षा. संतानिका। उबलते हुये दूध में दही डाल देने से जो फुटके से हो जाते हैं. मलाई. ।

क्षीरशुक्ल–पु० जलकण्टक. राजादनीवृक्ष। सिंघाड़ा. खिरनी का पेड़ ।

क्षीरशुक्ला–स्त्री० क्षीरकाकोली. विदारीकंद। क्षीरशसा. विलारीकंद. गेंठि।

क्षीरा–स्त्री० काकोल. स्वादुपर्णी। शसाओषध. दूधी ।

क्षीराब्धिज–पु० चन्द्र (न) मौक्तिक. सामुद्रक्षार। माहताब. मोती. समुन्दरी खार ।

क्षीरिका—स्त्री० पायसान्न. क्षीरिणी. पिण्डखर्जूर। खीर. खिरनी का पेड़ पिंडखजूर का पेड़ ।

क्षीरिणी–स्त्री० क्षीरकाकोली ।

क्षीरी–स्त्री० बटवृक्ष. नन्दीवृक्ष। बरगद का पेड़. वेलिया पीपल का पेड़ ।

क्षुतक–पु० राजिका। राई ।

क्षुताभिजनन—पु० कृष्णसर्षप । स्याह सरसों ।

क्षुत्–स्त्री० क्षुधा. क्षुत। भूंख. छींक ।

क्षुद्र–पु० रक्तपुनरर्णवा। सुरखगदापुरना

क्षुद्रचन्दन–न० रक्तचन्दन। सुरखसन्दल. लालचन्दन ।

क्षुद्रजम्बू–स्त्री० जम्बुवृक्ष। नदीजामुनी. भदैली जमुनी ।

क्षुद्रदन्तीफल–न० लघुदन्तीबीज। छोटी दन्तूनि के बीज ।

क्षुद्रधान्य–न० कुधान्य। कोदव ।

क्षुद्रपनस–पु० लकुच। बड़हर का पेड़ ।

क्षुद्रपत्री–स्त्री० षड्ग्रन्था। बच ।

क्षुद्रभण्टाकी / क्षुद्रभद्रा }–स्त्री० बृहती। बड़ी भटकटैया. बरहण्टा ।

क्षुद्रमत्स्य–पु० लघुमत्स्य। छोटीमच्छली. चिल्लिया ।

क्षुद्रा–स्त्री० व्याघ्रीवृक्ष। कंडियारी. भटकटैया बूटी ।

क्षुद्राम्र–पु० कोशाम्र। कोशम्भ. रीरीआम

क्षुमा–स्त्री० अतसी. शणवृक्ष. नीलिकालता। अलसी. सन का पेड़. नील का पौधा ।

क्षुर–पु० कोकिलाक्ष. छेदनद्रव्य. नापित. लोमछेदकास्त्र। तालमखानाका पौधा. चाकू. उस्तरा. छूरा ।

क्षुरक–पु० तिलकवृक्ष. कोकिलाक्ष. भूताङ्कुश। तिलक फूल का पेड़. तालमखाना. गोखुरू ।

क्षुरपत्र–पु० दीर्घपत्रतृण। डाभ. कुशभेद

क्षुरप्र–पु० शर. घासछेदनास्त्र। तीर. खुरपा ।

क्षुरिणी—स्त्री० वराहक्रान्ता. नापितभार्या। रताली. नायिन ।

क्षुल्लक–पु० क्षुद्रशङ्ख। छोटा शंख. कौड़ी ।

क्षेत्रजा–स्त्री० श्वेतकण्टकारी । सुपेद

कंडियारीबूटी. भटकटैया सुपेद ।
क्षेत्रदूतिका—स्त्री० कण्टकारी । भटकटैया बूटी ।
क्षोम—न० दुकूल (पु) अट्ट । रेशमी. दुपट्टा ।
क्षौद्र—न० मधु. जल (पु) चम्पकपुष्पवृक्ष. वर्णशङ्कर । शहद. पानी. चम्बे का दरखत. दोगला ।
क्षौद्रमधु—न० क्षुद्रमक्षिकासञ्चितमधु । भुनगहाई का सहद ।
क्षौमी—स्त्री० अतसी. अलसी । तीसी ।
क्ष्वेड—न० लोहितअर्कपर्णफल. घोषापुष्प (पु) ध्वनि. कर्णरोग. विष (त्रि) कुटिल । लालमदारे का फल. करुई तोरई. शब्द. कानकी बिमारी. कपटी ।
क्ष्वेडी (डा)—स्त्री० वंशशलाका. सिंहनाद. कोषातकी । वांश की सलाई. सिंह की आवाज. करुई तोरई ।
क्ष्वेलिका, क्ष्वेली—स्त्री० क्रीड़ा. मेषी । खेल. बकड़ी ।

(ख)

खग—पु० वाण. सूर्य्य. वायु. शलभपक्षी । तीर. आफताब. हवा. मकड़ी. टिड्डी. चिड़िया ।
खगपति—पु० गरुड़पक्षी । पिढ़ैयाढंख ।
खगम—पु० पक्षी । पखेरु ।
खचमस—पु० चन्द्र । माहताब ।
खज—पु० दर्व्वी । चमचा. करछी ।
खजप—न० घृत । घी ।
खजल—न० आकाशवारि. नीहार । पाला. ओस ।
खजाक—पु० पक्षी (स्त्री) सच्छिद्रादर्वी । परिन्दह. चमचह जिसमें छेदहों झारना ।
खञ्जन, खञ्जरीट—पु० खञ्जरीठ । ममोला. खढ़रैचा पक्षी ।
खट—पु० कफ. टङ्कतृण. लाङ्गलकतृण । घास. खुशबूदार घास ।
खटिका—स्त्री० लेखनमृत्तिका. कर्णकुहर खड़िया मिट्टी. कान का सुराख ।
खट्टा—स्त्री० खट्वा. खाट. पलंग. तृणविशेष ।
खट्वा—स्त्री० काष्ठादिरचित शय्याधार. । खाट ।
खड़िका (खड़ी)—स्त्री० कठिनी । खड़िया मिट्टी ।
खड्ग—न० लोह. (पु) गण्डकपशु. रोचक नामगन्धद्रव्य । लोहा. गैंड़ा. गैंड़ा का सींघ ।
खड्गिक—पु० महिषीक्षीर. फेण. शौण्डिका भैंस के दूध की झाग. मांसवेचनेवाला ।
खण्ड—न० विड्लवण. गुड़. शर्करा. इक्षु । कालानिमक. गुड़. राब. गन्ना. शक्कर ।
खण्डधारा—स्त्री० कर्तनी । कैंची. मिकराज
खण्डपाल—पु० मोदक । लड्डुआ. मिठाई हलवा. मुरब्बा ।
खण्डलवण—न० विड्लवण । स्याहनिमक
खण्डिक—त्रि० कक्ष. कलाय अन्न । बगल. मटर ।

खण्डिन्–त्रि० बनमुद्ग (त्रि) भग्न । वन-मूंग. टूटा हुआ ।
खण्डीर–पु० पीतमुद्ग । मूंगी ।
खदिका–स्त्री० लाजा । खील ।
खदिर–पु० रक्तसारवृक्ष (स्त्री) (री) वृक्षविशेष । खैरादरखत ।
खदिरका } स्त्री० लज्जालुलता ।
खदिरपत्रा } लाजवन्ती का पौधा ।
खदिरपत्री }
खदिरा }
खदिरिका–स्त्री० लाक्षा । लाख ।
खपुर–पु० गुवाक. लशुन. वायुरोग (न) घट । सुपारी का पेड़. लहसन. वाई की बीमारी. घड़ा ।
खवल्ली–स्त्री० आकाश बेली । अमरबेली
खभ्रान्ति–पु० चिल्ह । चील ।
खमणि–पु० सूर्य्य । आफताब ।
खरच्छद–पु० शाखोट । सहोरावृक्ष ।
खरत्वक्–स्त्री० लज्जालूभेद । अलम्बुषा ।
खरदूषण–पु० धूस्तर । धत्तूरह ।
खरपर्णी–स्त्री० गोजिह्वावृक्ष । गोभी का पौधा ।
खरपुष्पा–स्त्री० बर्बरीवृक्ष । बबई का पौधा ।
खरबूज–न० दशाङ्गुलफल । खर्बूजा ।
खरस्कन्ध–पु० प्रियालफल । चिरोंजी ।
खरस्पर्शा–स्त्री० देवदाला । वन्दाल. सोनैश्रा ।
खरा–स्त्री० देवताड़वृक्ष । ताड़ ।
खराश्वा–स्त्री० दीप्यक । अजमोदा । मयूरशिखा. रुद्रजटा । मोर की चोटी. शिवाली ।
खरांशु–पु० सूर्य्य । आफताब ।
खरु–त्रि० दन्त । दान्त. दंदान् ।
खर्जु–पु० कण्डु. कीट । खाज. खारिश. कीड़ा ।
खर्जुघ्न–पु० चक्रमर्द्द. धूस्तरवृक्ष. अर्क-वृक्ष । चकवड़. धत्तूरा. आक का पौधा मदार ।
खर्जूर–पु० खर्जूरफल. रौप्य. हरिताल खल. खजूर का फल. छोहार. सेम. हड़ताल. बद ।
खर्जूरी–स्त्री० खर्जूरिका । खजूर. छोहार
खर्परी–स्त्री० रसक । खपरिश्रा ।
खल–न० भू (पु) सूर्य. तमालवृक्ष. धत्तू-रवृक्ष । जमीन. आफताब. तमाल का दरखत. धत्तूरा का पौधा ।
खलि–पु० तैलकिट्ट । खली ।
खलिनी } स्त्री० तालमूली । मुसली
खल्या } का पौधा ।
खलेश(य)–पु० खलिशमत्स्य ।
खल्ल–पु० वस्त्रप्रभेद. गर्त्त. चर्म्म. चात-कपक्षी. मशक. खल (स्त्री) (ल्ली) रोगविशेष । एक खाश कपड़ा. गढ़ा-चमड़ा. पपीहा. मसा. दुष्ट. एक खाश बीमारी गंजा ।
खशा–स्त्री० मुराश्रौषध । मुरहरी ।
खस–पु० पामा । खारिश की बीमारी ।

खसफलक्षर—न० श्राफूक । अफीम ।

खाखसतिल — पु० खसफलबीज । खाखस दाना पोस्ता ।
खाखसतिला — स्त्री०
खाखसबीज — न०

खाखसबीजतैल—न० खाखसतैल । खाखस का तेल, पोस्ता के दाना का तेल

खाखसमलोद्भूतवल्कल—न० पोस्ता का छिल का ।

खाजिक—पु० लाजा । खील, लाई ।

खादन—न० भक्षण (पु) दन्त । खाना दान्त ।

खापगा—स्त्री० गङ्गा नदी ।

खारी—पु० स्त्री० षोड़शद्रोण । ५[?]॥।-तौल ।

खिखि—स्त्री० उल्कामुखी । लोमड़ी ।

खुर—पु० शफ. नखीनाम गंधद्रव्य, छेदनवस्तु । सुंब, बघनखीबूटी उस्तरा ।

खुरक—पु० तिलवृक्ष । तिलों का पौधा ।

खुल्ल(क)—त्रि० क्षुद्र (न) नखीनाम गन्धद्रव्य । छोटा. बघनखीबूटी ।

खेचर—पु० पारद । (त्रि) आकाशचारी । पारा. पक्षी ।

खेचरान्न—न० द्विदलादिसहिततण्डुलान्न । खिचड़ी ।

खेट—पु० ग्रह (न) तृण (त्रि) अधम, घोटक, यष्टि (पु० न०) मृगया, कफ, चर्म्म । तिनका, अदना. घोड़ा. लाठी शिकार. बलगम. ढाल ।

(ग)

गगन(ण)—न० आकाश । आभ्रकधातु । आसमान. अवरक ।

गज—पु० हस्ती । हाथी ।

गजकर्णा—स्त्री० हस्तिकर्णा । हथिवन ।

गजकृष्णा—स्त्री० गजपिप्पली । गजपीपली ।

गजपादप—पु० अश्वत्थभेद । बेलि या पीपल ।

गजभक्ष्या—स्त्री० शल्लकीवृक्ष । शालई ।

गजमुक्ता—स्त्री० हस्तिमस्तकस्थमुक्ताविशेष । गजमोती ।

गजारि—पु० सिंह,वृक्षविशेष वाघ ।

गजाशन—पु० अश्वत्थवृक्ष । पीपल का पेड़ ।

गजाह्वा(या)—स्त्री० गजपिप्पली । गज पीपल ।

गञ्जा—स्त्री० भंगा । भांगबूटी ।

गड़लवण—न० साम्बरलवण । साम्भर निमक ।

गड़ि—पु० वत्सतर । बच्छा ।

गडु—पु० पृष्टगडुनामरोगविशेष. गलगण्ड कुब्ज. शल्यास्त्र. किञ्चुलुक. विषमग्रन्थि. गण्डमालारोग. कुब्बर. बर्छी केचुआ. घोंघा ।

गडोल—पु० गुड. ग्रास । गुड़. लुकमह ।

गणरूप—पु० अर्कवृक्ष । आक का दरख्त ।

गणहासक—पु० निशाचरबूटी। भटेउर यहबूटी नेपालदेश में प्रसिद्ध है।
गणिका—स्त्री० यूथिकापुष्पवृक्ष। जूही. चम्बेली।
गणिकारिका—स्त्री० अग्निमन्थ। रणि. अगेथि. गनियारि।
गणेरु—पु० कर्णिकारवृक्ष। कनेर का पेड़ नैनिआ. अमिलतास।
गणेशकुसुम—पु० रक्तकरवीरपुष्प। सुरख कनयर के फूल।
गण्ड—पु० स्फोटक। फोड़ा।
गण्डदूर्वा—स्त्री० गण्डाली. मत्स्याक्षी। गंडारि. दुविआ. मछेछी।
गण्डदेश } पु० कपोल। गाल रुख्सारह।
गण्डफलक }
गण्डमाला—स्त्री० गलरोगविशेष। घेघा।
गण्डाङ्ग (गण्डार)—पु० खङ्गी. गैंड़ा।
गण्डारि }
गण्डारी } स्त्री० रक्तपुष्पकोबिदारवृक्ष सुरख फूल वाला कचनार का पेड़।
गण्डाली—स्त्री० श्वेतदूर्वा. सर्प्याक्षी. गण्डदूर्वा। खण्डदूर्वा. सुपेददूब. सरहटी. गण्डिनी।
गण्डीरी—स्त्री० मञ्जिष्ठा। मञ्जीठ।
गण्डुपद्—पु० किञ्चुलक। केंचुआ।
गण्डोल—पु० गुड़, ग्रास। लुगमा।
गतार्तवा—स्त्री० वृद्धा. वन्ध्या। बूढ़ी-औरत, बांझऔरत।
गद्—न० विष (पु) रोग। जहर. बीमारी।

गन्ध—पु० सौरभ. लेश. सम्बन्ध. गन्धक. गर्व. शोभाञ्जन. घृष्टचन्दन. कृष्णागुरु। खुशबू. जरासा. रिश्तह. गन्धक. गरूर. घिसा हुआ सन्दल. सुहाञ्जने का पेड़. स्याह अगरु।
गन्धक—पु० शोभाञ्जनवृक्ष,गन्धपाषाणधातु सुहांजने का पेड़. गन्धकधातु।
गन्धकटा } स्त्री० एकाङ्गी, मुरानाम
गन्धकुटी } गन्धद्रव्य। मुरहरी।
गन्धकोकिला—स्त्री० औषधविशेष। एक खाश खुशबूदार चीज़।
गन्धखेड—न० गन्धवीरण। एक किसम का घास खस्स।
गन्धचेलिका—स्त्री० कस्तूरिका। कस्तूरी
गन्धजात—न० तेजपत्र। तेजपात।
गन्धदला—स्त्री० अजमोदा। अजमोद।
गन्धधूलि—स्त्री० कस्तूरी। मुशक।
गन्धनाकुली—स्त्री० रास्नाभेद। नाई. कन्दविशेष।
गन्धनामन्—पु० रक्ततुलसी। सुरख तुलसी
गन्धपलाशिका—स्त्री० हरिद्रा. हलदी।
गन्धपाषाण—पु० गन्धक।
गन्धपुष्प—पु० न० अशोकपुष्प। अशोक का फूल. चन्दन. संदल।
गन्धपुष्पी—स्त्री० नीली. केतकी. गणकारी। नील. केवड़ा. रणि. अगेथि।
गन्धफल—पु० कपित्थफल. बिल्वफल। कैथा. बेल।

गन्धफला—स्त्री० प्रियंगूवृक्ष. मेथिका. विदारी, शल्लकी । मालकङ्गुनी. मेथी. बनमेथी. विदारीकन्द. सालई मेहदी

गन्धफली—स्त्री० चम्पककलिका । चम्बेली की कली ।

गन्धभद्रा—स्त्री० लताविशेष ।

गन्धमादन—पु० गन्धक । (स्त्री) (नी) मदिरा । गन्धक. शराब ।

गन्धमादिनी—स्त्री० लाक्षा. पूरानाक गन्धद्रव्य। लाख "पूरानाक" नाम खुशबूदार चीज़ ।

गन्धमार्जारबीज—न० गौरासाखभेद । आखडी ।

गन्धमालती—स्त्री० सुगन्धद्रव्यविशेष ।

गन्धमूल—पु० कुलञ्जवृक्ष । कुलंज का दरखत ।

गन्धमूलिका—स्त्री० शठी । गंध पलाशी काश्मीर में प्रसिद्ध है ।

गन्धमैथुन—पु० वृष । बैल ।

गन्धरस—न० उपरस । बोल ।

गन्धराज—न० चन्दन. स्वनामख्यातश्वेतवर्णपुष्प । संदल. एक खाश सुपेद फूल ।

गन्धर्व्व—पु० घोटक. कस्तूरीमृग. पुंस्कोकिल । घोड़ा. कस्तुरिआहरिन. कोइल ।

गन्धर्व्वगंधा—स्त्री० अश्वगंधा । असगंध ।

गन्धर्व्वतैल—न० एरण्डतैल । एरण्डी का तेल ।

गन्धर्व्वहस्तक—पु० श्वेतएरण्डवृक्ष. सुपेद एरण्डा का पेड़ ।

गन्धवधू—स्त्री० पृथपलाशिका । गन्धपलाशी काश्मीर में प्रसिद्ध है ।

गन्धसार—पु० श्वेतचन्दन । सुपेदसन्दल ।

गन्धा—स्त्री० चम्पककलिका । चंपे की कली ।

गन्धाढ्य—न० यवआदि नामगंधद्रव्य. चन्दन (त्रि) गन्धयुक्त (पु) नारङ्गवृक्ष. खुशबूदार चीज़. संदल. खुशबूदार. नारङ्गी का दरखत ।

गन्धाढ्या—स्त्री० गन्धपत्री. स्वर्णयूथी. तरुणी. आरामशीतला. गंधाली. । सेवती गुलाब. सोनायूही ।

गन्धारिका—स्त्री० पृथुपलाशिका । गंधपलासी ।

गन्धारी—स्त्री० यासक । जवासा ।

गन्धालीगर्भ—पु० सूक्ष्मैला । छोटी इलाइची ।

गन्धाश्मन्—पु० गन्धक ।

गन्धाष्टक—न० १ चन्दन. २ अगरू. ३ कर्पूर. ४ चोर. ५ कुङ्कुम. ६ रोचना. ७ जटामासी. ८ कपियुत ।

गन्धिक—पु० गन्धक ।

गन्धोकटी—स्त्री० दमनकपुष्प । दवना ।

गन्धोत्तमा—स्त्री० मदिरा शराब ।

गव्यघृत—न० गोघृत । गाई का घी ।

गम्भारी—स्त्री० गम्भारि । खम्भारी ।

गम्भीर—कमलपुष्प. जम्बीर (त्रि) गभीर.

अगाध. निम्न (स्त्री) (रा) हिक्का । कमल का फूल. निम्बू. गहरा. नीचह. हिचकी ।
गर—न० विष. रोग । ज़हर. बीमारी. जहरमोहरा ।
गरगरा—स्त्री० गरगरामत्स्या । गरगरा मच्छली ।
गरघ्नी—स्त्री० गरई मच्छली ।
गरनाशिनी—स्त्री० देवदाली । सोनैआ. बंदाल ।
गरपुष्प—पु० मधूकवृक्ष । महुआ का पेड़ ।
गरल—पु० विष ज़हर ।
गरहाट—पु० पद्मादिकन्द । भिस ।
गरागरी—स्त्री० देवदाली । सोनैआ. बंदाल ।
गरुड़—पु० स्वनामख्यात पक्षी. मरकतमणि । पिढैयाढंख. पन्नारत्न ।
गरुड़ाश्मन्—पु० मरकतमणि । पन्नारत्न ।
गर्गर—पु० मत्स्यभेद । मच्छलीविशेष ।
गर्ज्जक—पु० " " ।
गर्ज्जर—न० मूलविशेष । गाजर ।
गर्द्दभ—पु० खर. गन्ध. (न) श्वेतकुमुद. विडङ्ग (स्त्री) (भी) गर्द्दभी । गधा. बू. सुपेद कमल का फूल. एक किसम का पौधा. गधी ।
गर्द्दभाण्ड—पु० गजदण्ड सहोरा । पिलखन का दरख़्त ।
गर्द्दभाह्वय—पु० श्वेतकुमुद सुपेदकमल ।
गर्द्दभिका—स्त्री० क्षुद्ररोगविशेष. गर्द्दभी । एक बीमारी. गधी ।
गर्द्ध—पु० स्पृहा. गर्द्दभाण्डवृक्ष । आरज़ूमन्दी. गजदण्डसहोरा. पिलखन का दरख़्त ।
गर्भ—पु० भ्रूण. शिशु. कुक्षि. सन्धि. मध्य. सूतिकागृह. अन्तःपुर. अन्तर. उदर । हमल. बच्चा. कोख. मेल की जगह.बीच.सौरि.रनवास.अन्दर.पेट ।
गर्भकर—पु० पुत्रजीवावृक्ष । पितौजिआ का पेड़ ।
गर्भकोष—पु० गर्भाशय । जरायु । वोझरी ।
गर्भदा—स्त्री० कण्टकारी।भटकटैया बूटी
गर्भधारिणी—स्त्री० माता. गर्भवती । वालदह. हामिलह ।
गर्भनुत—स्त्री० लाङ्गलीवृक्ष । करिहारी. करियारी ।
गर्भपातन—पु० अरिष्टक । रीठा
गर्भवती—स्त्री० अन्तरापत्या । हामिलह. लरिकौरी ।
गर्भशय्या—स्त्री० गर्भोत्पत्तिस्थान । वच्चाजनने की जगह ।
गर्भस्राविन्—पु० हिन्तालवृक्ष ।
गर्भाशय—पु० जरायु. पेट वच्चहदान ।
गर्भिणी—स्त्री० गर्भवती हामिलह ।
गर्म्मुत्—स्त्री० तृणधान्यविशेष. स्वर्ण. नड़ । मैनाघास. सोना. नली ।
गल—पु० कण्ठ. सर्जरस. मत्स्यविशेष. रज्जु । गला. राल. खासमच्छली. रस्सी

गलदेश—पु० ग्रीवा । गर्द्दन ।
गलस्तनी—स्त्री० छागी । बकरी ।
गलितकुष्ठ—न० महाव्याधि । गलित कोहड़ की बीमारी ।
गलू—पु० मणिविशेष । किसमेजवाहर ।
गल्ल(क)—पु० गण्ड । गाल. रूखसारा ।
गल्वर्क—पु० मद्यपानपात्र. स्फटिका । पियाला. बिल्लौर ।
गवय—पु० गलकम्बलशून्यगोसदृश पशु. वानरविशेष । बनगाय. खासबन्दर ।
गवल—पु० वनमहिष (न) महिषशृंग । जङ्गलीभैंसा. भैंसे के सींग ।
गवादन—पु० तृण. पत्र । घास. पत्ता ।
गवादिनी—स्त्री० इन्द्रारुणलता । बड़ी इन्द्रकाला.. बड़ी इन्दोरनि ।
गवालूक—पु० गवय । बन का बैल ।
गवाक्षी—स्त्री० इन्द्ररुणा । इन्दोरणिबेलि ।
गवी—स्त्री० धेनु. वाणी । गाय. कलाम ।
गवेडु—पु० मेघ, (स्त्री) धान्यविशेष । बादल. गड़गड़ी धान ।
गवेधु } स्त्री० धान्यविशेष ।
गवेधुका } गरहेहुआ ।
गवेधुका—स्त्री० गुरशङ्करी । गुरसकरी बूटी. सपेद फूल की बरियारी ।
गव्य—त्रि० गोसम्बन्धीय । दूध. घी. दही. गोबर. गोमूत्र ।
गव्या—स्त्री० गोरोचना । गोलोचन ।
गाङ्गधाराजल—न० क्वार की ओस ।
गाङ्गेय—न० स्वर्ण. धूस्तरवृक्ष. (पु) मत्स्य विशेष. भद्रमुस्था । सोना. धतूरा. मच्छली विशेष. नागरमुस्था ।
गाङ्गेरुकी—स्त्री० गुरसंकरी । गुरसकरी ।
गाजर—न० गृञ्जरकन्द । गाजर ।
गायत्री—स्त्री० खदिरवृक्ष । खैरा का पेड़ ।
गारित्र—पु० ओदन. अन्न. भात. उबले. हुये चावल ।
गारुड़—पु० मरकतमणि. स्वर्ण । पन्नारत्न. सोना ।
गारुत्मत्—न० मरकतमणि. (पु०) गरुड़ पक्षी । पन्नारत्न ।
गालव—पु० लोध्रपुष्प. तेन्दुकवृक्ष । लोध्र का फूल: तेंदू का वृक्ष ।
गालितदधि—न० पट्टद्रावितदधि । कपड़े का बांधा दही ।
गालोडन—न० उन्मादरोग । मस्ती की बीमारी ।
गालोड्य—न० पद्मबीज । कमलफूल के बीज ।
गिरिकदम्ब—पु० नीप. धाराकदम्ब । हलदू. यह दरख़्त जम्बू के आसपास होता है ।
गिरिकर्णी—स्त्री० श्वेत और नील विष्णुक्रान्ता । सुपेद या स्याह फूल की विष्णुकान्ता लता ।
गिरिज—पु० वृक्षविशेष. मधूकवृक्ष (न) शिलाजतु. लोह. अभ्रक. गैरिक.(स्त्री) (जा) मातुलुङ्गी. त्रायमाणा लता. गिरिकदली । मौहा का पेड़. शिला-

जीत. लोहा अभरख. गेरू. चम्बेली. लाजवन्ती. पहाड़ी केला ।
गिरिजामल–न० आभ्रक । अभरख ।
गिरिधातु–पु० गैरिक । गेरू मट्टी ।
गिरिपुष्पक–न० शैलेय । शिलाजीत ।
गिरिप्रिया–स्त्री० चमरी । सुरागाय ।
गिरिभिद्–पु० पाषाणभेद ।
गिरिमल्लिका–स्त्री० कुटजवृक्ष । खोईद का पेड़ । कुरैया का पेड़ ।
गिरिवासिन्–पु० हस्तीकन्द । हाथीचक्क ।
गिरिसानुजा–स्त्री बलभद्रा । त्रायमाणा.
गिरिसार–पु० लौह. टीन । मलय पहाड़ लोहा. टीन ।
गिलग्राह–पु० नक्र । मगर, या तेंदुआ ।
गीर्वाणकुसुम–न० लवङ्ग । लौंग ।
गु–पु० विष्टा । गूह ।
गुग्गुल(लु)–पु० रक्तशोभाञ्जनवृक्ष । गूगल का पेड़ ।
गुच्छक–न० ग्रन्थिपर्ण (पु०) स्तवक । गठिवन बूटी. गुलदस्तह ।
गुच्छपत्र–पु० तालवृक्ष । ताल का दरखत
गुच्छफला–स्त्री० अग्निदमनी. काकमाची. निष्पावी. द्राक्षा. कदली । आगदमन. केवैआ. मटर. दाख. केला ।
गुच्छा–स्त्री० सूक्ष्मैला । इलायची गुजराती. इलायची खुर्द ।
गुच्छाल–पु० भूतृण । एक किसिम का घास ।
गुञ्जा–स्त्री० रक्तिका लता. त्रियव. वा चतुर्धान्यपरिमाण । रत्ती. तीन जौ या चार धान भर ।
गुटि–स्त्री० सूक्ष्मैला । इलायची खुर्द ।
गुटिका–स्त्री० बटिका । दवाई की गोली
गुड़–पु० कार्प्पासीवृक्ष. इक्षुपाक । कपास का पौधा. गुड़ ।
गुडघी–स्त्री० गुडूची । गिलोय, गुरच ।
गुडतृण } न० इक्षु । गांड़ा. ऊख ।
गुडमूल }
गुडल–न० "रम" नाम शराब ।
गुडा–स्त्री० सेहुण्डवृक्ष । सेहुंड़ का पेड़ ।
गुडाख्य–न० शाकम्भरिलवण । साम्भर-निमक ।
गुडिका–स्त्री० गुटिका । दवाईकी गोली
गुडूची–स्त्री० अमृता । गुरच. गिलोय ।
गुडूचीपत्र–न० अमृता शाक । गुरच के पत्तों का शाग ।
गुडेर–पु० ग्रास. गुडक । लुकमह. गुड़ ।
गुणा–स्त्री० दूर्वा. मासरोहिणी । दूब. रोहिणी ।
गुण्ड–पु० तृणभेद । एक खाश खुशबूदार घास ।
गुत्स–पु० ग्रन्थिपर्णवृक्ष । गठिवन ।
गुद–न० मलत्यागद्वार । गांड़ ।
गुदकील (क)–पु० अर्शरोग । बवासीर या कब्ज़ की बीमारी ।
गुन्द्र–पु० शरतृण । पटेर घास ।
गुन्द्रफला–स्त्री० गन्धपालसी । गन्धपलासी ।

गुन्द्रमूला—स्त्री० एरक । मोथी तृण· पटेर घास ।

गुन्द्रा—स्त्री० भद्रमुस्तक. गवेधुका. प्रियङ्गु । नागरमोथा. गुरशंकरी, एरका. कंगुनी ।

गुन्द्राशरी—स्त्री० एरका । मोथी तृणविशेष ।

गुम्फ—पु० श्मश्रू । दाहड़ी· मूछ ।

गुरु—पु० कपिकच्छू. शिंशपा । केवाच. शीसव का पेड़ ।

गुरुघ्न—पु० गौरसर्षप । सुपेद सरसों ।

गुरुसारा—स्त्री० शिंशपाभेद । कपिलशीसव का पेड़

गुर्विणी, गुर्वी—स्त्री० गर्भिणी । हामिलह ।

गुल—पु० ऐक्षव । गुड़ ।

गुलफल—पु० शीतफल। पीलू का दरखत

गुला—स्त्री० वृक्षविशेष ।

गुली—स्त्री० विस्फोटकरोग. वटी । चेचक की बीमारी. दवाई की गोली ।

गुल्फ—न० पादग्रन्थि। गिट्टा. टखना ।

गुल्म—पु० रोगविशेष। पेटकी बीमारी. वायगोला ।

गुल्मशूल—न० आर्द्रक । अदरक ।

गुल्मिनी—स्त्री० विस्तृतलता. प्लीहारोग। फैली हुई बेल. पिलही की बीमारी. तिल्ली का रोग ।

गुल्य—पु० मधुर, स्वादु । मीठा. मज़ेदार

गुवाक—पु० पूगवृक्ष। सुपारी का पेड़ ।

गुहा—स्त्री० शालिपर्णी. पृश्निपर्णी । सरिवन. पिथवन ।

गुहाशय—पु० व्याघ्र । बाघ ।

गुह्य—न० उपस्थ.(त्रि)रहस्य (पु) कमठ. दम्भ (स्त्री) मलद्वार । केर. एकान्त. कछुआ. फरेब. गुदा ।

गुह्यबीज—न० भूतीक । भूतृण ।

गू—पु० विष्ठा गूंह ।

गूढ़पथ—पु० अन्तःकरण । दिल ।

गूढ़पात्—पु० कमठ । कछुआ ।

गूढ़मैथुन—पु० काकपक्षी । कौवा ।

गूढ़ाङ्ग—पु० कच्छप । कछुआ ।

गूढ़ाङ्घ्रि—पु० सर्प्प । सांप ।

गूथ—पु० मल । गूह ।

गृञ्जन—न० नारङ्गवर्ण । गाजर कन्द ।

गृत्स—पु० कन्दर्प । कामदेव ।

गृध्र—पु० पक्षीविशेष । गीध ।

गृष्टि—स्त्री० वाराहक्रान्ता. शूरणकन्द. बदरीवृक्ष· काश्मीरीवृक्ष. प्रथम प्रसूता गौ । रतालू· ज़मीकन्द. बेरी का पेड़. खम्भारि का पेड़. पहिलां गाय ।

गृहकन्या—स्त्री० घृतकुमारीवृक्ष । घीकुआरि का पौधा ।

गृहपाल—पु० कुक्कुर । कुत्ता ।

गृहबलिभुज्—पु० चटक. काक. बक । गरगवा. कौवा. बगला ।

गृहमणि—पु० प्रदीप । दीया. चिराग।

गृहमाचिका—स्त्री० चर्म्मचटिका । चमगीदड़ पक्षी ।

गुहाशया—स्त्री० ताम्बूली. पानका पौधा
गैरिक—न० रक्तवर्णमृत्तिका। गेरू मट्टी।
गैरेय—न० रक्तवर्णमृत्तिका. शिलाजतु। गेरू मट्टी. शिलाजीत।
गो—पु० सूर्य्यरश्मि. बज्र. चन्द्र. वृष. सूर्य्य. (स्त्री) गौ. चक्षु. बाण. दिक्. वाक्. भू (पु० न०) लोम. जल। किरण. हीरा. चांद. बैल. आफताब. गाय. आंख. तीर. दिशा. कलाम. जमीन. बाल. पानी।
गोकर्णी—स्त्री० चूर्णहार। मुरहरी बूटी।
गोकण्टकी—स्त्री० गोक्षुर। गोखुरू औषध
गोकृत—न० गोमय। गोबर।
गोक्षुर—पु० } गोक्षुरमूल। गुखुरू।
गोक्षुरक—पु० } ” ”
गोगृष्टि—स्त्री० सकृत्प्रसूता गौ। पहलनी गाय।
गोछाल—पु० करतल। हाथ की ताली।
गोजा } स्त्री० गोलोभिकावृक्ष।
गोजिका } गोभी का पेड़।
गोजिह्वा }
गोजिह्वापत्र—न० गोलोभिकापत्र। गोभी का शाग।
गोण्डु—पु० गोण्ड। नाभि पर बढ़ा हुआ मांस बोड़र।
गोतुम्ब—पु० शीर्णवृन्त (स्त्री) (म्बा) कालिन्दा। खीरा. तरबूज़।
गोत्रवृक्ष—पु० धन्वङ्ग. धामिन बूटी।
गोद—पु० मस्तकस्नेह। मगज़।
गोदधि—न० गोदधि। गाय का दही।
गोदन्त—पु० हरिताल. लवण विशेष। हरतालधातु. गुडारी निमक।
गोदुग्ध—न० गाय का दूध।
गोद्रव—पु० गोमूत्र। गाय का मूत।
गोधा—स्त्री० जलजन्तु विशेष। गोह. घड़ियाल।
गोधि—पु० ललाट. गोधिका। माथा. घड़ियाल।
गोधूम—पु० गेहूं।
गोधूमचूर्ण—न० चूर्णीकृतगोधूम। आटा. मैदा वगैरह।
गोनर्द—न० कैवर्तीमुस्तक (पु) सारसपक्षी मोथा घास।
गोनस—पु० सर्पविशेष. रत्नविशेष।
गोप—न० बोल. जातिविशेष। सुवह. अहीर।
गोपकन्या—स्त्री० शारीरौषध। सुपेद दुधउरू।
गोपति—पु० सूर्य. वृष. ऋषभ नामौषधि।
आफताब. बैल. ऋषभबूटी।
गोपन—न० तमालपत्र। तमाल का पत्ता पत्रज।
गोपवधू—स्त्री० श्यामशारिवा। काला दुधउरू।
गोपवल्ली—स्त्री० श्वेतशारिवा। सुपेद दुधवरू।
गोपा—स्त्री० श्यामा लता। ”

गोपाकन्या—स्त्री० श्वेतशारिवा । सुपेद दुधवरू ।
गोपालिका—स्त्री० कीटविशेष ।
गोपी—स्त्री० श्वेतशारिवा। सुपेद दुधवरू
गोपुटा—स्त्री० स्थूलैला । मोटी इलायची।
गोपुरीष—पु० गोमय । गोवर ।
गोभी—स्त्री० गोलोमी । गोभी ।
गोमायु—पु० शृगाल । गीदड़ ।
गोमूत्र—न० गाय का मूत ।
गोमेद—पु० राहुरत्न । गोमेद जवाहर ।
गोरस—पु० न० दुग्ध. दधि. तक्र । दूध दही छाछ ।
गोरक्ष—पु० सुरभी । हसुकुरु ।
गोराटी—स्त्री० शारिका । मयना चिड़िया ।
गोरोच—न० हरिताल । हड़ताल ।
गोरोचना—स्त्री० गोमस्तकस्थ पीतवर्णद्रव्यविशेष । गोरोचन ।
गोर्द्द—न० मस्तिष्क । मगज़ ।
गोला—स्त्री० मनःशिल । मैनशिल ।
गोलिह, गोलट —पु० मोक्षवृक्ष । सुपेद या स्याह पहाड़ी पलाश के सदृश पेड़
गोलोमी—स्त्री० वच. श्वेतदूर्वा । बच. दूब ।
गोशीर्ष—न० चन्दन. हरिचन्दन । सन्दल।
गोस—पु० भोल. उषःकाल । सुवह. भोल ।
गोस्तना, गोस्तनी —स्त्री० गोस्तनी द्राक्षा । अंगूर का गुच्छा. मुनक्का ।
गोहित—पु० घोषलता. बिल्व । खास बेल. बिल्व का दरखत ।
गोहिर—न० पादमूल । गिट्टा. टखना ।
गोह्य—न० गुदा । गांड़ ।
गौ—पु० वृष । बैल ।
गौञ्जिक—पु० स्वर्णकार । सोनार ।
गौडशाक—न० रक्तवास्तूक । बड़े पत्रों की लाल बथुई ।
गौडिक—त्रि० मद्यविशेष. गुड़सम्बन्धीय । गुड़ की शराब. ।
गौडी—स्त्री० गुडादिकृतसुरा । गुड़ की शराब ।
गौधार, गौधेय, गौधेर —पु० गोधिकात्मज. गोधा । गोह. गिरगिट ।
गौर—न० पद्मकेशर. कुङ्कुम. स्वर्ण (पु) श्वेतसर्षप. चन्द्र. धववृक्ष । पद्म की जिरी. केशर. सोना. सुपेद सरसों. माहताब. धव के फूल ।
गौरसर्षप—पु० श्वेतसर्षप । सुपेद सरसों
गौरिल—पु० श्वेतसर्षप . लोहचूर्ण । सुपेद सरसों. लोहे का चूर ।
गौरी—स्त्री० हरिद्रा. गोरोचना. वसुधा. मञ्जिष्ठा. श्वेतदूर्वा. मल्लिका तुलसी. सुवर्णकदली. आकाशमांसी. । हलदी. गोरोचन. जमीन. मंजीठ. सुपेद दूब. मोतिया का पौधा. सुपेद या स्याह तुलसी. सोनाकेला. गोरोचन अमर बेलि ।
गौरीज—न० अभ्रक । अभरक धात ।
ग्रन्थि—पु० वंशादिसन्धि. भद्रमुस्ता. हि-

तावली. पिण्डालु. कौटिल्य. ग्रंथि-पर्णवृक्ष । गांठ. नागरमुस्था., पिंडारु. कुटिलता. गठिवन

ग्रन्थिक—न० पिप्पलीमूल । मद्य, पिपला मूड़ ।

ग्रन्थिपर्ण—न० ग्रन्थि । गठिवन ।

ग्रन्थिमान्—पु० अस्थिसंहारी । हड़सङ्कार का वृक्ष ।

ग्रन्थिमूल—न० गृञ्जन. लशुन । गाजर. लहसुन ।

ग्रन्थिल—पु० कण्टकारी । भटकटैया ।

ग्रहणी—स्त्री० रोगविशेष । अतीसार की बीमारी ।

ग्रहणीहर—न० लवङ्ग । लौंग ।

ग्रहामय—पु० आवेश. मृगीरोग । भूत बाधा मिरगी की बीमारी ।

ग्रामिणी—स्त्री० नीलीवृक्ष । नील का पौधा ।

ग्रामीण—पु० नीलीवृक्ष । नीलका पौधा ।

ग्राम्या—स्त्री० श्वेता तथा कृष्णा तुलशी । सुपेद या स्याह तुलसी ।

ग्राहक—पु० सतावर । छतावर. जिस में बिना फूल के फल लगता है ।

ग्राहिन्—पु० कपित्थ । कैथा का पेड़ ।

ग्रीष्महास—न० इन्द्रतूलक । आककी फूस. मदारे की रुई ।

ग्रीष्मी } —स्त्री० नवमल्लिका । मालती
ग्रैष्मी }

ग्लौ—पु० चन्द्र. कर्पूर । चांद. काफूर ।

(घ)

घट—पु० कलश. कुम्भपरिमाण. द्रोण-परिमाण ।

घड़ा. १०२४ तोला ।ऽ२॥. ।॥ तौल ।

घटक—पु० वनस्पति । विना फूल के फलने वाली बूटी ।

घटकर्प्पर—न० मृत्कपाल । घड़े का खप्पर

घटिक—न० नितम्ब । चूतड़ ।

घण्टा—स्त्री० शणपुष्पा । चहुली ।

घण्टापाटलि—पु० काष्ठपाटलि । कठ-पाड़रि ।

घण्टिका—स्त्री० तालूर्ध्व सूक्ष्म जिह्वा।घंडी

घण्ड—पु० भ्रमर । भौंरा ।

घन—पु० मेघ. मुस्ता. शरीर. कफ. अभ्रक धातु । बादल. नागरमोथा. जिसम. बलगम. अवरकधातु ।

घननाभि—पु० धूम । धूआं ।

घनपेयूष—न० किनार ।

घनरस—पु० कर्प्पूर. सान्द्रनिर्यास. मो-रठ. पीलूपर्णी (न) जल । काफूर. गाढ़ारस. आखरोट. मूर्वालता ।

घनसार पु० दक्षिण वर्तपारद. वृक्षभेद. कर्पूर (न) जल । पारद. खासदरखत. काफूर. पानी ।

घना—स्त्री० रुद्रजटा ।

घनाघना—स्त्री० काकमाची । केवैआ का पौधा ।

घनामय—पु० खर्जूरवृक्ष । खजूर का दरखत ।

घनोपल–पु० करका. गला. ओला ।
घर्षणी–स्त्री० हरिद्रा । हलदी ।
घल–न० तक्र । छाछ. मट्ठा ।
घस्मर–त्रि० अदूमर । पेटार्थी ।
घाट–पु० ग्रीवापश्चाद्भाग । गर्द्दन की पिछली हड्डी ।
घासि–पु० अग्नि । आग ।
घुट –पु० चरणग्रन्थि । गिट्टा. टखनह
घुटी –स्त्री० „ „
घुण–पु० काष्ठकृमि । लकड़ी का कीड़ा ।
घुणप्रिया–स्त्री० लघुदन्ती छोटी दन्तून का वृक्ष ।
घुणवल्लभा–स्त्री० अतिविषा । अतीस ।
घुघुर –पु० कीटविशेष । झींगर ।
घुर्घुरा –स्त्री० „ „ ।
घुर्घुरी –स्त्री० „ „ ।
घुसृण–न० कुङ्कुम । केशर ।
घृणावास–पु० कूष्माण्ड । पेठा. कुम्हड़ा ।
घृत–न० पक्वनवनीत. जल (स्त्री) (ता) घृतकुमारीवृक्ष । घी. पानी. घिकुआरी का पौधा ।
घृतकुमारिका–स्त्री० कुमारिका वृक्ष . घिकुआरि का पौधा ।
घृतपूर्णकरञ्ज–पु० बृहत्करञ्ज । घोरा करञ्जुआ की वेल ।
घृष्टि–स्त्री० वाराहीकन्द. अपराजिता । (पु) शूकर । गेठि. विदारीकंद. विष्णुकान्ता लता ।
घोट (क)–पु० घोटक (स्त्री) (टी.की) । घोड़ा. घोड़ी ।
घोटकारि–पु० महिष । भैंसा ।
घोटा–स्त्री० कोलवृक्ष । बेरिका पेड़ ।
घोटिका–स्त्री० बृहल्लोणीशाक । बड़ी लोणी का शाक ।
घोणा–स्त्री० नासिका । नाक ।
घोणिन्–पु० शूकर । सुअर ।
घोरण्ठ–पु० पूगवृक्ष । सुपारी का पेड़ ।
घोरा–स्त्री० रात्रि. देवदाली लता । रात. बंदाली बेल ।
घोल–न० शर्करायुक्तमथितदधि । खांड़-युक्त मट्ठा ।
घोली–स्त्री० पत्रशाकविशेष ।
घोष–न० कांस्य. (पु) घोषलता. मशक । कांसी. नेनुआ की बेल. मच्छर ।
घोषक–पु० घोषालता । नेनुआ की बेल
घ्राण–न० नासिका । नाक ।
घ्राणदुःखदा–स्त्री० छिक्का नकछिकनी ।

(ङ)

ङ–पु० विषयस्पृहा । ख्वाहिश नफसानी ।

(च)

चक्रकारक–न० व्याघ्रनखसुगन्धद्रव्य । वघनखी ।
चक्रभेदिनी–स्त्री० रात्रि । रात ।
चक्रमुख–पु० शूकर । सुअर ।
चक्रमर्द्द–पु० दद्रुघ्नवृक्ष । चकवड़ ।
चक्ररद–पु० शूकर । सुअर ।
चक्रवर्तिन्–पु० वास्तूकशाक । बथुई का साग ।

चक्रश्रेणी—स्त्री० अजशृङ्गी । मेढ़ासिंही बूटी ।

चक्रा—स्त्री० मुस्था. कर्कटशृङ्गी । नागरमुस्था. ककड़ासिंही ।

चक्राङ्गी—स्त्री० कटुरोहिणी. हंसी. मञ्जिष्ठा. वृषपर्णी. कर्कटशृङ्गी । कटुकी. हंसी चिड़िया. मजीठ. वृषपर्णी. ककड़ासिंही ।

चक्राह्व—स्त्री० मधुपर्णिका । सुदर्शन का पौधा ।

चक्रिका—स्त्री० जानु. शर्करा । घुटना. चीनी ।

चक्री—स्त्री० चक्रमर्द । चकवड़ का पौधा

चक्षुस्—पु० दर्शनेन्द्रिय । आंख. चशम ।

चक्षुवेष्टन—पु० भद्रमुञ्ज । रमशर. शरपत ।

चक्षुष्य—न० प्रपौण्डरीक । खुशबूदार चीज. पुण्डेरी नाम से प्रसिद्ध है ।

चक्षुश्रवस्—पु० सर्प्प । सांप ।

चक्षुष्य—न० पौण्डरीक (पु) केतकवृक्ष. शोभाञ्जन वृक्ष. रसाञ्जन (त्रि) प्रियदर्शन । कमल. केवड़ा का पेड़. सुहाजने का पेड़. सुरमा. खुशनुमा ।

चक्षुष्या—स्त्री० कुलत्थिका. सुभगा. अजशृङ्गी. अरण्यकिलत्थिका । कुलथी. खूबसूरत औरत. मेढ़ासिंही. जङ्गली कुलथी ।

चञ्च—पु० रक्तैरण्ड । लाल एरण्डा ।

चञ्चल—पु० राजमाषान्न । लोबिआ ।

चञ्चला—स्त्री० विद्युत. पिप्पली । वर्क. पिपली ।

चञ्चु—स्त्री० चञ्चु (पु) दीर्घपत्राशाक । चोंच चेवना का शाग ।

चञ्चुकी—स्त्री० चिञ्चाशाक चेवनाका शाग

चटक—पु० गृहपक्षी (स्त्री)(का) पिप्पलीमूल । गरगवा चिड़िया. पिपलामूल ।

चटु—पु० उदर । पेट ।

चणक—पु० हरिमन्थ. शस्य । चना. छोला।

चणकशक्तव—पु० चणसक्तू । चने के सत्तू ।

चणकशाक—न० सकलप्रिय शाक । चने का शाग ।

चणकाम्ल—न० चणकलोणी। चने की लोनी

चणक्यारोटिका—स्त्री० चणकरोटिका । चने की रोटी ।

चणिका—स्त्री० अतसी । अलसी । तीसी ।

चण्ड—पु. तिन्तिड़ीवृक्ष (स्त्री) दुर्गा. लताविशेष । इमली का दरख्त. देवी. एक खाश बेल ।

चण्डान्त—पु० रक्तकरवीर वृक्ष । सुरख कनयर का पेड़ ।

चतुरङ्गुल—पु० आरग्वधवृक्ष । अमिलतास. किरवार. चावसू का वृक्ष ।

चतुर्द्दश—पु० चाङ्गेरीसदृश शाकविशेष । चौपतिआ शाग ।

चतुरम्ल—न० १ अम्लबेत. २ विषाम्ल. ३ जम्भीरी निम्बू ४ कागदी निम्बू ।

चतुर्थकज्वर—पु० चौथिया. चौथे दिन आने वाला ज्वर ।

चतुर्बीज—न० १ मेथी. २ चन्दशूर. ३ कलोंजी. ४ अजवाइन । चारदाना ।

चतुरूषण—न० शुराठी १. पिपली २. मिरच ३. पिपलामूल ४ ।

चदिर—पु० हस्ती. चन्द्र. कर्पूर. सर्प । फील. माहताब. काफूर. सांप. ।

चन्दन—न० श्वेतचन्दन. रक्तचन्दन । सुपेदसन्दल. सुरखसन्दल ।

चन्द्र—पु० स्वर्ण. जल. कर्पूर । सोना. पानी. काफूर (पु०) कम्बीला. वज्र । कवीला. हीरा ।

चन्द्रक—पु० नख (न०) सितमरिच । नखून. सुपेदमिरच ।

चन्द्रकला—स्त्री० चन्द्रकान्तमणि ।

चन्द्रकान्ति—न० रजत । चांदी ।

चन्द्रकिन् } पु० मयूर । मोरपक्षी ।
चन्द्रचूड़

चन्द्रद्युति—पु० श्वेतचन्दन । सुपेदसन्दल

चन्द्रपुष्पा—स्त्री० कराटकारी । भटकटैया. कण्डियारी ।

चन्द्रबाला—स्त्री० बृहदेला। बड़ी इलायची

चन्द्रभा—स्त्री० कराटकारी । भटकटैया. कण्डियारी ।

चन्द्रसञ्ज्ञ—पु० कर्पूर । काफूर ।

चन्द्रसम्भवा—स्त्री० क्षुद्रैला । छोटीइलायची ।

चन्द्रहासा—स्त्री० कराटकारी । भटकटैया ।

चन्द्रा—स्त्री० एला. गुडूची । इलायची. गुरच. गिलोय ।

चन्द्रिका—स्त्री० स्थूलैला. मल्लिका. श्वेतकराटकारी. मेथिका. सूक्ष्मैला. चन्द्रशूर । बड़ी इलायची. मालती. सुपेद भटकटैया. मेथी. छोटी इलाची. चन्द्सुर ।

चन्द्री—स्त्री० कराटकारी । भटकटैया ।

चपल—पु० पारद. राजमाषान्न । पारा. लोबिआ ।

चपला—स्त्री० पिप्पली । पिपली ।

चबिका } स्त्री० चाव । चाभ ।
चव्य } न० „ „

चमत्कार—पु० अपामार्गवृक्ष । अपुठ कांटे का पौधा । लटजीरा ।

चमरी—स्त्री० चमरीगौ । सुरहगाय ।

चमरिक—पु० कोविदार वृक्ष । सुपेद कचनार का पेड़. पहाड़ी आबनूस का पेड़ ।

चमस—पु० पर्पट. लड्डुक । पापड़ लडुआ

चम्पक—न० कदलीफल. (पु) चम्पापुष्प. वृक्षविशेष । केला. चम्बे का फूल. ढेऊ का दरखत ।

चम्पककदली—स्त्री० कदलीविशेष । एक खास केला ।

चम्पेय—पु० चम्पापुष्प । चम्पा का फूल ।

चरक—पु० पातञ्जलमुनि. चरक आयुर्वेद ग्रन्थ । चरक ।

चरट—पु० खञ्जनपक्षी । ममोला. खढ़रैचा

चरण—पु० पाद । पांव ।

चरणग्रन्थि—स्त्री० गुल्फ । गिट्टा. टखना ।

चरणायुध–पु० तमीचरपक्षी । मुर्ग ।
चरित्रा–स्त्री० तिन्तिडी । इमली ।
चर्पटि–स्त्री० पर्पट पापर अन्न की चीज
चर्मकषा(सा)–स्त्री० शातला पीत पुष्प वाला सेहुण्डा का पेड़ ।
चर्मकरी–स्त्री० रोहिणी ओषधिविशेष ।
चर्मकरालुक–पु० विदारीकन्द. क्षीरविदारी । गेंठिंड. विदारीकन्द ।
चर्मकील–न० किणरोग । मोक्कह. बवासीर ।
चर्मचटिका–स्त्री० निशाचरपक्षी । चमगीदड़ ।
चर्मदूषिका–स्त्री० दद्रू. कुष्ठ दाद. कोढ़
चर्महन्त्री–स्त्री० चन्द्रशूरद्रव्य । चन्दसुर ।
चलपत्र–पु० पिप्पलवृक्ष । पीपल का पेड़
चषक–न० मधु. मद्य भेद । सहद. खाश शराब ।
चाणक्यमूलक–न० लघुमूलिका छोटी मूरी
चातक–पु० स्वनामख्यातपक्षी । पपीहा ।
चातुर्जातक–न० तज १, पत्रज २, इलाइची ३, नागकेशरि ४, ।
चाङ्गेरी–स्त्री० अम्ललोणी । अमलोनिया का शाक ।
चान्द्राख्य–न० आर्द्रक । अदरख । आदी ।
चामीकर–न० स्वर्ण । सोना ।
चाम्पेय–पु० नागकेशरौषध । नागकेशरि ।
चाम्पेयक–न० किञ्जल्क । केशर ।
चार–न० कृत्रिमविष. (पु) प्रियालवृक्ष । वनावटी जहर. चिरौंजी का पेड़
चारी–स्त्री० हिलमोचिकावृक्ष । हुरहुर का पेड़ ।
चारुकेशरा–स्त्री० सेवती । सेवतीगुलाब ।
चारुक–पु० शरबीज ।
चालन–न० स्थानात् स्थानान्तरं नयनम् । एक जगः से दूसरी जगह लेजाना ।
चाष–पु० स्वर्णचातकपक्षी नीलकण्ठ ।
चिकित्सक–पु० भिषक । तबीब ।
चिकित्सा–स्त्री० रोगप्रतीकार । तिबाबत
चिकिरजल–न० स्रोतोद्भवजल । सोते का पानी (जो बालू हटा के निकालने से हो) ।
चिकुर–पु० केश. सर्प्प. पक्षीभेद. वृक्षभेद । बाल. सांप. खास चिड़िया. खास पेड़ ।
चिक्कण–पु० पूगवृक्ष । सुपारी का दरखत. चिकनी सुपारी ।
चिक्कणी–स्त्री० पूगफल । सुपारी ।
चिक्कस–पु० यवचूर्ण । जव का आटा.
चिचिण्डा–स्त्री० फलशाकविशेष । चचेड़ा की तरकारी ।
चिचोड़–न० मुस्ताकृति कसेरुकन्दविशेष । कसेरू. कस्यार ।
चिञ्चा–स्त्री० चेवनाशाक. नाड़ी शाक अम्ली का वृक्ष ।
चिञ्चिका–स्त्री० तिन्तिड़ी । इमली ।
चित्र–न० कुष्ठविशेष (पु०) एरण्डवृक्ष । अशोकवृक्ष. चित्रकवृक्ष. वर्तिकापक्षी। कोढ़ की बीमारी. सुपेद एरण्ड का

पेड़. अशोक का पेड़. चीते का पेड़. बटई पक्षी ।

चित्रक—पु० मुचुकुन्दलता । मुकुन्द फूल की बेल ।

चित्रकण्ठ—पु० कपोतपक्षी । कबूतर ।

चित्रतण्डुला—स्त्री० वायुभृङ्ग । वायविडङ्ग

चित्रपदा—स्त्री० गोधापदी लता ।

चित्रपक्षपाण्डु—पु० पित्तरोषापक्षी ।

चित्रपर्णी—स्त्री० पृश्निपर्णी । पिठवन. पिथवन ।

चित्रफला—स्त्री० कर्कटीकभेद. मत्स्यविशेष । खीरा. एक खाश मच्छली ।

चित्रभानु—पु० अग्नि. सूर्य्य. अर्क्कवृक्ष । आगि. आफताब. आक का पेड़ ।

चित्रमृग—पु० ऐणेय.हरिण । आहू.हरिन.

चित्रमेखल—पु० मयूर । मोरताऊस ।

चित्रलोचना—स्त्री० सारिका पक्षी । मयना चिड़िया ।

चित्रा—स्त्री० मूषिकपर्णी. बृहद्दन्ती. श्यामालता. गण्डदूर्वा. मञ्जिष्ठा. इन्द्रारुण लता । मूसाकन्नी. बड़ी दन्तूनी का पेड़. श्यामाबेल. दूब. मञ्जीठ. इन्द्रोरनि की बेल ।

चित्राङ्ग—न० हिङ्गुल. हरिताल (पु०) चित्रक (त्रि०) रक्तचित्रक. सर्प । ईंगुरू. हरताल. चीता. लाल चीते का पौधा. सांप ।

चित्राङ्गी—स्त्री० मञ्जिष्ठा. कर्णजलौका । मञ्जीठ. कानकोल या खनखजूर ।

चित्रोपचित्रा—स्त्री० बृहदन्ती । बड़ी दन्तूनि ।

चिपट, चिपिट, चिपिटक, चिपीटक—पु० पृथुक । चिड़वा. चिऊरा. मुरमुरा ।

चिमि(क)—पु० शुकपक्षी. वृक्षविशेष । तोता. खाश पेड़ ।

चिरजीविन्—पु० काक. जीरकवृक्ष । कौवा. जीरे का पेड़ ।

चिरबिल्वक—पु० करञ्जवृक्ष । करञ्ज का पेड़ ।

चिरभिट—न० गोरक्षकर्कटी । गुरभी. हमुकुरु ।

चिरमेहिन्—पु० गर्द्दभ । गधा ।

चिरम्भण—पु० चिल्ल । चील ।

चिल्ल—पु० चिरम्भणपक्षी (त्रि) क्लिन्नचक्षु । चील. चुंधी आंख ।

चिल्ली—स्त्री० लोध्र. पत्रशाकभेद लोधर. पठानीलोध एक खास पत्र शाक ।

चिल्हकी—स्त्री० चिल्लपक्षी चील ।

चीन—पु० चीनाकव्रीहि । चीना धान. सांवा ।

चीनक—पु० कङ्गुभेद. चीनाकधान्य । चीना. सांवां काङ्गुनि. कंगुनी ।

चीरी—स्त्री० भृङ्गारककीट । झींगर ।

चुक्र—न० चुक्र. अमलबेतस. विषाम्ल । चूक.अमिलबेत ।

चुक्रा—स्त्री० तिन्तिडीवृक्ष । इमली का पेड़ ।

चुक्रिका–स्त्री० तिन्तिड़ी. अम्ललोणिका. चुक्र । इमली, लूनक का शाक. चूक ।
चुञ्चुक–त्रि० कुचाग्र (पु) स्तनवृत । पिस्तनी. या सिरेपिस्तान, पिस्तान की गुलाइश ।
चुत(ति)–पु० गुदद्वार. भगद्वार । कुस. योनिद्वार ।
चुम्बक–पु० अयस्कान्त प्रस्तर । चुम्बक-पत्थर ।
चूड़ाल–न० मस्तक (स्त्री)(ला) तृणविशेष । सिर. खाश घास ।
चूर्णक–पु० सक्तु । सत्तू ।
चूर्णपारद–न० हिंगुलू । ईंगुरु ।
चूर्णि–स्त्री० कपर्द्दक । कौड़ी ।
चूत–पु० आम्र. गुह्यद्वार । आम. योनिद्वार. गुदद्वार ।
चूनी–न० मरकतमणि । चुन्नी. पन्ना रत्न ।
चेतका–स्त्री० जातीलता । चम्बेली ।
चेतकी–स्त्री० हरीतकी । हरीड़ । हर्र ।
चेतना–स्त्री० बुद्धि । अकल ।
चेदार–पु० ज्येष्टिक । गिरगिट ।
चेल–न० वस्त्र(पु)कोल । कपड़ा. फलदार बेर ।
चेलाल–पु० फललताविशेष । खीरे की बेल
चोद–न० त्वक् । तज ।
चोरितच्छदा–स्त्री० वास्तुकाकारा । पलाकी का शाक ।
चोक्षजल–न० उपलजल । पथरीला पानी ।
चौरी–स्त्री० चोरपुष्पी लता ।
च्युति–स्त्री० भग. गुद. क्षरण । कुस. गांड़. झरना ।
च्युप–पु० मुख । चेहरह ।
च्योल–त्रि० अण्डज । जो अण्डेसे पैदाहो ।

(छ)

छग–पु० छाग । बकरा ।
छगण–पु० न० करीष । सूखा गोबर. बिनुआ वा अन्ना कण्डा ।
छगल–पु० छाग । बकरा ।
छगला–स्त्री० पुष्पविशेष ।
छच्छिका–स्त्री० सारहीन तक्र । छांछ. मट्ठा ।
छटाफल–पु० गुवाकवृक्ष । सुपारी का पेड़ ।
छटाभा–स्त्री० विद्युत । बिजुली ।
छत्रा–स्त्री० शिलींध्र. सोआशाक. शतपुष्पा । खुब. सोआशाग. सौंफ ।
छत्राशालेय–पु० सोआशाक । सोआ का शाग ।
छत्रिका–स्त्री० शतपुष्पा । सौंफ ।
छद–पु० पत्र. पक्ष. ग्रन्थिपर्णवृक्ष । पत्ता. पर. गठिवन. इसके फूल स्याह होते हैं ।
छदन–न० पत्र. पक्ष. पिधान. तमालपत्र. तेजपत्र । पत्ता. पर. ढकना, तमाल के पत्ते. तेजपात ।
छदपत्र–पु० भूर्जपत्रवृक्ष । भोजपत्रे का पेड़ ।
छद्मिका–स्त्री० गुडूची । गुरच । गिलोय ।
छन्द–पु० विष । जहर ।

छन्दस्–न० मद्य । शराब ।
छर्द्द–न० (र्द्दी) स्त्री० वमन । कै ।
छर्द्दन–न० वमन. (पु) निम्बवृक्ष । छोटी नीम का पेड़ ।
छल्ली–स्त्री० कुसुमविशेष । एक खाश फूल का नाम ।
छाग–पु० स्त्री० मेष (स्त्री) (गी) अजा । बकरा. बकरी ।
छागदुग्ध, छागपय – न० छागीपय । बकरी का दूध ।
छागल–पु० छाग । बकरा ।
छागीदधि–न० अजादधि । बकरी का दही ।
छात्र–पु० शिष्य (न) वरटीछत्र सम्भव-मधु । सहद ।
छात्रदर्शन–न० हैयङ्गवीन । ताज़ह म-क्खन. नैनू ।
छात्रा–स्त्री० धान्यक । धनिया ।
छायाजित्–पु० वृद्धदारुक । विधारा का पेड़ ।
छिक्कक–त्रि० नस्य । नसवार. नास ।
छिक्कन–न० क्षुत (स्त्री) (नी) घ्राणदुः-खदा । छींक. तमाकू का पौधा. न-कछिकनी का पौधा ।
छिक्का–स्त्री० क्षुत । छींक ।
छिक्किनी–स्त्री० घ्राणदुःखदावृक्ष । त-माकू का पौधा. नकछिकनी का पौधा ।
छिदि–स्त्री० कुठार । कुल्हारी ।
छिन्नरुहा–स्त्री० गुडूची स्वर्णकेतकी. श-ल्लकी । गिलोइ. ज़र्दकेतकी. सेही ।
छिन्ना–स्त्री० गुडूची । गिलोय. गुरच ।
छिन्नोद्भवा–स्त्री० गुडूची । गिलोय. गुरच
छिलिहिण्ड–पु० पातालगरुड़ी । छिर-हटा. छरेहटा ।
छुय–पु० क्षुप । झाड़ी ।
छुरिका–स्त्री० अस्त्रविशेष. पलक्याशाक छूरी. पलाकी का साग ।
छेदिक–पु० वेत्र. वेतस । छड़ी. बेंत ।
छेदु–पु० सोमराजी वृक्ष । बाकुची का पेड़ ।
छेलिका–स्त्री० अजा । बकरी ।
छोलङ्ग–न० जम्बीर. निम्बू । गिलगिल. चकोतरा ।

ज

जकुट–न० वार्ताकुपुष्प । बेंगन का फूल ।
जगल–पु० सुराकल्क. मदनवृक्ष । मदिरा. मयनफल का पेड़ ।
जघन–न० वक्षण. कटिदेश. ऊरुस्थल । औरतों की कमर या गाली. कमर. जांघपाट ।
जघनफल–न० कटुम्भरीवृक्ष । कठूमरि ।
जङ्गम–त्रि० अस्थावर । मुतहर्रिक । चलने वाला ।
जङ्गुल–न० विष । ज़हर ।
जङ्घा–स्त्री० गुल्फोद्र्ध्वजानु अधोभाग. सक्थि । जांघ ।
जङ्घाल–पु० एण । हरिण ।
जट–पु० प्लक्षवृक्ष । पाकरिया का पेड़ ।

जटा—स्त्री० जटामांसी. रुद्रजटा. शतावरी. भूम्यामलकी । जटामासी. शतावरी. भुईआंवला ।

जटाजूट—पु० रुद्रजटा । खास एक बूटी. जटामासी ।

जटामांसी—स्त्री० रुद्रजटा. गन्धमासी । जटामासी ।

जटायु—पु० गुग्गुलु । गूगल ।

जटाल—पु० कर्चूर. बटवृक्ष. मुष्कक. गुग्गुलु । कचूर. वर का पेड़ । कठपाखरि. गूगल ।

जटाला—स्त्री० जटामांसी । जटामासी ।

जटि—पु० प्लक्ष का वृक्ष । पिलखन का पेड़ । पाकरि का पेड़ ।

जटिल—पु० उग्रगन्धा. षड्ग्रन्था । वच ।

जटिला—स्त्री० जटामांसी । जटामासी ।

जठर—पु० उदर । पेट ।

जड़—न० जल. शीशक । पानी. शीशा ।

जडुल—पु० देहस्थितिलक । देहका तिल ।

जतु—न० वृक्षनिर्यासविशेष. लाक्षा लाख ।

जतुक—न० हिङ्गू. लाक्षा । हींग. लाख ।

जतुका—स्त्री० पद्मावती. सुगन्धद्रव्य. चर्म्मचटिका । पर्पटी खुशबूदार चीज़ उत्तर में मशहूर है. चमगीदड़ परेरू

जतुकृत्, जतुकृष्णा } स्त्री० पद्मावती. पर्पटी. सुगन्धद्रव्य उत्तर में प्रसिद्ध है

जतुनी—स्त्री० चर्म्मचटिका । चमगीदड़ ।

जतुमुख—पु० वार्षिकधान्य । बर्षाती धान विशेष ।

जननी—स्त्री० माता. चर्म्मचटी. मञ्जिष्ठा. यूथिका. अलक्तक. जटामांसी. पर्पटी । मा. चमगीदड़. मजीठ. जूही. लाख का रस. महावरु जटामांसी. पद्मावती सुगन्धद्रव्य उत्तर में प्रसिद्ध है ।

जनि—स्त्री० पर्पटी. पद्मावती. जनी नाम गन्धद्रव्य ।

जनी—स्त्री० पर्पटी । पद्मावती. सीमन्तिनी. लाक्षा । जनीना सुगन्धद्रव्य. पर्पटी नाम से प्रसिद्ध है. हामिल. लाख ।

जनेष्टा—स्त्री० जतुका. वृद्धिनाम औषधि. जातिपुष्प. हरिद्रा । लाख. वृद्धिबूटी. चमेली का फूल. हलदी ।

जन्तुका—स्त्री० नाड़ीहीङ्गू. जतुका । एक किसम की हींग. लाख ।

जन्तुघ्न, जन्तुनाशन } न० विडङ्ग. हिङ्गू (पु) अम्बीर । वायविडंग. हीङ्ग. जम्बीरीनिम्बू ।

जन्तुफल—पु० उदुम्बरवृक्ष । गूलर का पौधा

जपा—स्त्री० जपापुष्पवृक्ष । दुपहरी के फूल का पौधा. ओड़हुल. गुड़हल. सांफो ।

जम्बु—न० जम्बुफल । जामन. जमुनी ।

जम्बुक—पु० शृगाल. जम्बुफलवृक्ष. स्वर्णकेतकी । सियार. जामुन का पेड़. जर्द केवड़ा ।

जम्बुकप्रिय—न० भूस्तृण । भूघास ।

जम्बूल—पु० जम्बूवृक्ष. केतकीवृक्ष । जामुन का दरख़्त. केवड़ा का दरख़्त ।

जम्भ–पु० जम्बीर. हनु. तृण । जंबीरी निम्बू. दाढी. दांत. घास ।

जम्भक–पु० जम्बीर(स्त्री) (का)जृम्भा । जम्बीरी निम्बू. जम्हाई ।

जम्भन–न० मैथुन । जमा ।

जम्भल–पु० जम्बीर । जम्बीरी निम्बू ।

जम्भारि–पु० अग्नि. वज्र । आग. हीरा वरक ।

जम्बीर } पु० जम्बीर । जम्बीरी-
जम्बीरी } स्त्री० निम्बू ।

जय–पु० जयन्ती अगेथि. गनियारि रणि

जयन्तिका–स्त्री० हरिद्रा । हलदी ।

जयन्ती–स्त्री० जया । अगेथि. गनियारि. रणि ।

जयपाल–पु० बृहद्दन्तीवृक्ष । जमालगोटे का पेड़ ।

जया–स्त्री० विजया. जयन्ती । भांग. गांजा. अगेथि. गनियारि. रणि ।

जरण–न० हिङ्गू. कुष्ठौषधि (पु)जीरक. कृष्णजीरक. सौवर्चल लवण. कासमर्द्द. हींग. कुट्ठ. सुपेदजीरा. स्याहजीरा. सोंचल निमक. कूसा ।

जरा–स्त्री० वृक्षविशेष ।

जरायुज–त्रि० जरायुगर्भाशय. जरायुणा-जाता जरायुजाः । वोझरी. बच्चहदान से पैदा ।

जरायुस्–पु० गर्भाशय । बच्चहदान ।

जर्जर–पु० शैलज । शिलाजीत ।

जर्त(र्तु) पु० योनि. हस्ती । कुस. हाथी ।

जल–न० तोय. क्षोद. शीतलता । पानी. पेट. सर्दी ।

जलकण्टक–पु० पानीफल । सिंघाड़ा ।

जलकपि–पु० शिशुमार । घड़ियाल ।

जलकरङ्क–पु० नारिकेल. पद्म. शङ्ख. मेघ तरङ्ग । नारियल. कमलफूल. शंख. बादल. पानी की लहर ।

जलकल्क–पु० पङ्क । कीचड़. दलदल ।

जलकारिका–स्त्री० लज्जालुलता।लजारू. लाजवन्ती ।

जलज–न० पद्म. शङ्ख (पु) शिशुमारादि मत्स्य. हिज्जलवृक्ष. शैवाल । कमल. शंख. मच्छली. घडियाल वगैरह. शेवार. काई ।

जलतण्डुलीय–न० शाकराट् शाक । चव-राई का शाग ।

जलतुम्बिका–स्त्री० नदीजाम्बुनी । नदीजामुनि ।

जलद–पु० मेघ. मुस्तक । बादल. नाग-रमोथा ।

जलधर–पु० मेघमुस्तक. तिलिशवृक्ष । बादल. नागरमोथा. एक खास दरख्त

जलपिप्पली–स्त्री० मत्स्यादिनी. पनिसग

जलप्रिय–पु० चातक. मत्स्य । पपीहा. मच्छली ।

जलफल–न० शृङ्गाटक । सिंघाड़ा ।

जलबन्धु–पु० मत्स्य. मच्छली ।

जलवेतस–पु० जलवेत । वेत ।

जलमोद–न० उशीर । खस ।

जलरुह–पु० पद्म । कमल ।

जलसूचि–पु० कङ्कत्रोटमत्स्य. शृङ्गाटक. शिशुमार(स्त्री)जलौका. काक. बक । टेंगना मछली. सिंघाड़ा, घड़ियाल. जोंक. कौवा. बगला ।

जलाका–स्त्री० जलौकस । जोंक ।

जलाटन–पु० कङ्कपक्षी (स्त्री) (नी) जलौका । बगला. जोंक ।

जलाबुका–स्त्री० जलौका । जोंक ।

जलायूका–स्त्री० जलौका । जोंक ।

जलालूक–न० पद्मकन्द. शालूक (स्त्री) (का)जलौका । भिसिंड. जोंक ।

जलाशय–पु० शृङ्गाटक (न) उशीर(स्त्री) (या) गुण्डालावृक्ष । सिंघाड़ा. खस्स. गुण्डाला का पेड़ ।

जलिका } स्त्री०
जलूका } स्त्री० जलौका । जोंक ।
जलौकस } त्रि०
जलौका } स्त्री०

जागर } पु० जागरण । जागना ।
जागर्य्या } स्त्री०

जागृवि–पु० अग्नि । आग ।

जाङ्गलमांसवर्ग–त्रि० जंघाल १, विलस्थ २, गुहाशय ३, पर्णमृग ४, विष्किरि ५, प्रतुद ६, प्रसह ७, ग्राम्य ८ ।

जातरूप–न० स्वर्ण. धूस्तरवृक्ष । सोना. धत्तूरा ।

जातवेदस–पु० अग्नि. चित्रकवृक्ष । आग. चीता का पौधा ।

निशोत्रा—स्त्री० श्वेता त्रिवृता । सुपेद निशोथ ।

निश्चला—स्त्री० पृथिवी. शालपर्णी । जमीन. सरिवन बेल ।

निषेक—पु० गर्भाधान. सिञ्चन । हमल ठहराना ।

निष्क—पु० न० हेम. पल परिमाण । सोना ४ कर्ष चार तोला ।

निष्कुटि—(टी) एला । इलायची पूर्वी ।

निष्ठीव—(न०) पु० न० निष्ठीवन । थूक ।

निष्पाव—पु० राजशिम्बी । भेटवासु छीमी का अन्न ।

निस्त्र (स्त्रा) व—पु० भक्तमण्ड. अपक्षरण । मांड़. चूना ।

नीच—त्रि० चौरनामकगन्धद्रव्य । भटेउर यह नैपाल में होता है ।

नीप—पु० कदम्बवृक्ष. बन्धूकवृक्ष. नीलशोकवृक्ष (कदम का पेड़) । दूपहरी गुड़हल. का पेड़ स्याह अशोक का पेड़ ।

नीर—न० जल. रस । पानी. अर्क ।

नीरज—न० पद्म. मुक्ता. कुष्ठौषधि. (त्रि) जलजात. (पु) जलजन्तुविशेष । कमल. मोती. कुट्ठ. पानी में पैदा. जलजीव. उदबिलाव ।

नीरद—पु० मेघ. मुस्तक (त्रि) दन्तरहित । बादल. मुस्था. बेदांत ।

नीरस—पु० दाडिम (त्रि) रसहीन । अनार. खुश्क ।

नील(म्)—न० मणिविशेष । नीलमरत्न।

नीलकण्ठ—पु० मयूर. पीतसार. दात्यूह. ग्रामचटक. खञ्जन. (न) मूलक । मोर. संदल की किसम. पपीहा. गरगवा. ममोला. जड़ ।

नीलकण्ठशिखा—स्त्री० मधुच्छदावल्ली । मोरशिखा ।

नीलदूर्वा—स्त्री० शतपर्विकातृण । स्याम दूब ।

नीलपुष्प—न० ग्रन्थिपर्ण । गठिवन ।

नीलपुष्पा–स्त्री० नीलिकावृक्ष । नील का पौधा ।

नीलपुष्पी–स्त्री० सेन्दुवारवृक्ष. अतसी । संभालू का पेड़. अलसी. अरसी ।

नीलवृक्षाकृति–पु० शरपुंखावृक्ष । सरफोंका का पेड़ ।

नीलालिकुलसंकुला–स्त्री० कुब्जकपुष्पवृक्ष । कूजा ।

नीलाम्बक–पु० रोहूमत्स्य । रोहू मच्छली

नीलिका, नीलिनी, नीली –स्त्री० नीलपुष्पावृक्ष । नील का पौधा ।

नीलोत्पल—न० नीलवर्णउत्पल । नीलोफ़र ।

नीवार–पु० तिनिसधान्य । पसही के धान ।

नूतनघृत–न० नवीनघृत । नयाघी ।

नूद–पु० वृक्षविशेष । शहतूत का दरखत ।

नृपकन्द–पु० राजपलाण्डु । बड़ा पियाज़ ।

नेत्र–न० वृक्षमूल. जटा. नाड़ी. शलाका. चक्षु । जड़. रग. सलाई. आंख ।

नेत्रोपमफला–स्त्री० वातद । बादाम ।

नेप–पु० जल । पानी ।

नेपालमूलक–न० बृहन्मूलिका । नेवारि की मूली ।

नेपाली–स्त्री० वासन्तीपुष्प. मनःशिल । नेवारि का फूल. मैनशिल ।

नेम पु०, नेमि स्त्री० तिनिश । तिरच्छ ।

नैपाली–स्त्री० इक्षुभेद । ऊख ।

नैयग्रोध–न० वटफल । बड़ का फल ।

नैर्झरजल–न० झरनोद्भूतजल । झरना का पानी ।

न्यग्रोध–पु० वटवृक्ष. शमीवृक्ष. व्यायामपरिमाण. (स्त्री) (धा) बृहद्दन्ती (स्त्री) (धी) मूषिकपर्णी । बड़ का दरखत. जड़ी. छीकुरि का पेड़. चारहाथ की माप. बड़ी दतूनी का पेड़. मूसेकन्नी बूटी ।

न्यङ्कु–पु० मृगविशेष । बारासिङ्गा ।

न्युब्ज–त्रि० अधोमुखकुब्ज. कुश (न०) कर्म्मरङ्गफल । कुबड़ा. कुशाघास. कमरख का फल ।

(प)

प–पु० पवन. पर्ण । हवा. पत्ता ।

पक्वदुग्धदधि–न० पके हुये दूध का दही ।

पक्षाघात–पु० अर्द्धाङ्गाघात । लकवे की बीमारी ।

पक्षिप–पु० पलाशवृक्ष । छिऊलु. ढांख ।

पक्ष्मन्–न० नेत्रावरक. लोम. पद्मादि केशर. खगादिपक्ष । पलक. रोंआं. कमल फूल की तिरी. परिन्दों का पर ।

पङ्क–पु० न० कर्द्दम. पाप । कीचड़. गुनाह

पङ्कज–न० पद्म. सारसपक्षी । कमल. सारस ।

पङ्कार–पु० शैवल. सेतु. सोपान । शिवाल फूल. बन्द. सीढ़ी ।

पङ्केरुह–त्रि० पद्म. सारसपक्षी । कमल. सारस ।

पङ्करुहा–स्त्री० पद्मिनी । कमलनी ।

पङ्क्तिचर– पु० कुररपक्षी । कूंज. कुलंग ।

पङ्ग–पु० पतङ्ग. पतङ्गा. पांखी. पखाना ।

पचत–पु० सूर्य्य. अग्नि. चन्द्र । आफताब. आगि. चांद ।

पचम्पचा–स्त्री०दारुहरिद्रा । दारुहल्दी ।

पचि–पु० वह्नि. पचन । आग. पकाना ।

पचेलिम–पु० सूर्य्य. अग्नि. माष । आफताव. आग. उड़द ।

पञ्च–त्रि० संख्याविशेष । पांच ।

पञ्चकषाय–पु० महास्नानीयपञ्चप्रकारकषायद्रव्य. यथा. जम्बु १ शाल्मलि २ वाटवाल ३ वकुल ४ बदर ५ ।

पञ्चकोल–न० कोलपरिमाणपञ्चप्रकारद्रव्य. यथा. पिप्पली १ पिप्पलीमूल २ चव्य ३ चित्रक ४ नागर ५ ।

पञ्चक्षीरवृक्ष–पु० यथा. वट १ उदुम्बर २ अश्वत्थ ३ शाखोट ४ प्लक्ष ५

पञ्चगव्य–न० गोसम्बन्धीयपञ्चद्रव्य. यथा गोमल १ गोमूत्र २ गोदुग्ध ३ गोदधि ४ गोघृत ५ ।

पञ्चप्राण–पु० (बहु) प्राणादि पञ्चवायु । १ प्राण २ अपान ३ समान ४ उदान ५ व्यान ।

पञ्चप्रासाद–पु० देवगृहविशेष. पञ्चरत्न । यथा. स्वर्ण. रौप्य. ताम्र. विद्रुम. मौक्तिक ।

पञ्चवल्कल–पु० यथा. १ वट २ उदुम्बर ३ पीपल ४ साखोट या गजदण्डमहोरा. ५ प्लक्ष ।

पञ्चशस्य–न० पञ्चधान्य. यथा । १ धान २ मुंग ३ माष ४ यव ५ कोद्रव ।

पञ्चशाख–पु० हस्त । हाथ ।

पञ्चाङ्ग–न० वृक्ष का छिलका १ पत्ता २ फूल ३ फल ४ मूल ५ । कछुआ ।

पञ्चामृत–न० दुग्धं च शर्करा चैव घृतं दधि तथा मधु । १ दूध २ खांड़ ३ घी ४ दही ५ शहद ।

पञ्चाम्ल–न० १ अम्लवेतस. २ वृक्षाम्ल. ३ बृहज्जम्बीर ४ निम्बुक. ५ बीजपूर ।

पञ्चाशत्–त्रि० संख्याभेद।पचास.पञ्जाह ।

पञ्चेन्द्रिय–न० पञ्चज्ञानेन्द्रिय. यथा १ श्रोत्र. २ त्वच् ३ नेत्र. ४ रसन. ५ घ्राण । पञ्चकर्म्मेन्द्रिय. यथा. १ वाच् २ पाणि. ३ पाद ४ पायु. ५ उपस्थ. । हवासखमसा. हवासनातका ।

प(पि)ञ्जर–पु० न. शरीरास्थिवृन्द । पिञ्जर ।

पटल–न० छदि. नेत्ररोग. फलविशेष (पु) वृक्ष । पड़दा. फूली आंख की बामारी. खाशफल. दरखत ।

पटि(टी–)स्त्री० पटविशेष. ताम्बुली. कुम्भिकाद्रुम । पड़दा. सुपारी.खाशपेड़ ।

पटु–पु० पटोल. पटोलपत्र. कारवेल्ल. चोरक.(न) छत्रा. लवण. पांशुलवण । पलवल. परवर. परवर का पत्ता. करे-

ला. खुसबूदार चीज़. खुब. भूतृण. निमक. शोरानिमक ।

पटुपर्णी–स्त्री० स्वर्णक्षीरिणीवृक्ष । सोना खिरीबूटी ।

पटेरक–पु० गन्धपटेर.गुद्र । गुन्द. पटेर ।

पट्टरञ्जक–पु० पतङ्ग । बकम् ।

पट्टशाक–पु०नाडीशाक । पटुआ का शाक

पट्टिकालोध्र–पु० स्थूलवल्कल । पठिआलोध ।

पणस–पु० कण्टकिफल । कटहर ।

पण्यालता–स्त्री० तेजोवती । उमजिनी. मालकङ्गुनी ।

पतङ्ग–पु० सूर्य्य. पक्षी. शलभ. धान्यविशेष, (न) पारद. पट्टरञ्जक. अग्नि. वाण । आफताब. टिड्डी. खासधान. पारा. पतङ्ग. बकम्. आग. वाण ।

पतिम्बरा–स्त्री०कृष्णजीरक । कालाजीरा

पत्तूर–न० पतङ्ग । बकम् ।

पत्र–न० पत्रक । पत्रज. तेजपात ।

पत्रनामक–न० पत्रक । पत्रज. तेजपात ।

पत्रपुष्प–पु० रक्ततुलसी (स्त्री) (ष्पा) तुलसी । लालतुलसी. तुलसी ।

पत्रसूचि–पु० कण्टक । कांटा. खार ।

पत्राङ्ग–न. भूर्यपत्र. रक्तचन्दन । भोजपत्ता. सुरख चन्दन ।

पत्राम्ला–स्त्री० चुक्र । चूक ।

पत्रीग्रन्थिल–पु० करीरवृक्ष ।

पत्रोर्ण–न० श्योनाकवृक्ष । सोनापाढ़ा ।

पथ्य–त्रि० रोगी(न)सैंधव.(पु)हरीतकीवृक्ष(स्त्री) (थ्या)हरीतकी । बीमारी. सेंधानिमक. हरीड़ ।

पद–न० पाद । पांव ।

पद्म–न० पु० पद्म. कमल. अम्बुज. पुष्करमूल. सीसकधातु । गुलेसौसन. कमल. पोहकरमूल. सीसाधातु ।

पद्मक–न० पद्माक । पद्माख ।

पद्मकर्कटी–स्त्री० कमलाक्ष । कमलगट्टा ।

पद्मकिनू–पु० भूर्जवृक्ष । भोजपात का दरख़्त ।

पद्मकेशर–न० किञ्जल्क । कमल फूल की लिरी ।

पद्मगन्धि–न० पद्माक । पद्माख ।

पद्मगुग्गुलु–न० गुग्गुल । गूगल ।

पद्मचारिणी–स्त्री० स्थलकमल । गुलाब ।

पद्मपत्र–न० पौष्करमूलक । पुष्करमूल ।

पद्मपत्रा–स्त्री० कर्पूरहरिद्रा । कपूरहल्दी

पद्मराग–पु० माणिक्यरत्न । मनक ।

पद्मबीज–न० पद्मकर्कटी । कमल के बीज

पद्मबीजाभ–न० माखान्न । मखाना. मखाने के लावा ।

पद्मा–स्त्री० भार्ङ्गी । भारंगी. बभनेठी ।

पद्माक्ष–न० पद्मबीज । कमलगट्टा ।

पद्माट–पु० चक्रमर्दवृक्ष । चकवड़ का पेड़

पद्माह्वय–न० पद्माक । पद्माख ।

पद्मिनी–स्त्री०स्वनाम्नाप्रसिद्धा। कमलनी

पनस–पु० कण्टकिफल । कटहर का पेड़. कटहर ।

पन्नग–पु० सर्प्प । सांप ।

पयस्(स)—न० जल दुग्ध । पानी दूध ।
पयःप्रसादि—स्त्री० कतक । निर्मली ।
पयरस—पु० जल. । पानी ।
पयसनवनीत—न. दूध का मक्खन ।
पयस्विनी—स्त्री० क्षीरकाकोली. जीवन्ती. क्षीरविदारी. विदारीकंद । गेठि.
पयस्य—त्रि० पयोविकार. (पु) विडाल. (स्त्री)(स्या) दुग्धिका. आमिक्षा । दूध से बनी हुई चीज़ें. विल्ली. दूधीया बूटी. गरम दूध में दही डालने से जो फुटके से हो जाते हैं ।
पयसा—स्त्री० अर्कपुष्पी । अर्कपुष्पी दूधीया ।
पयोधर—पु० स्त्रीस्तन. मेघ. नारिकेल. कसेरु । औरतों के स्तन. बादल. नारियल. कंगरोड़. कसेरु ।
परपुष्ट—पु० कोकिल । कोईल ।
परभृत्—पु० काक । कौआ ।
परभृत—पु० कोकिल । कोइल ।
परमान्न—न० पायस । खीर. जाउरि तसमई ।
परशु, परश्वध } पु० अस्त्रविशेष । फरसा. कुल्हाड़ी ।
परा—स्त्री०वन्ध्याकर्कोटकी । बांझ खेखसा
पराक—पु० रोगविशेष. जन्तुविशेष ।
परानसा—स्त्री० चिकित्सा । तिब्राबत ।
परापर—न० पारूषक । फरुसा. फालसा ।
पराह्ण—पु० दिवसस्य चरमभागे । दिन का पिछला पहर ।
परिकर्म्मी, परिचारक } पु० सेवक । दास. खिदमतगार ।
परिपक्क—त्रि० सुपक्क. पटु. वृक्ष ।
परिदर—पु० दन्तमांसफटजावे. और थूकते रक्त गिरे ।
परिपाकिनी—स्त्री० त्रिवृता. तेउड़ी ।
परिपेल, परिपेलव } न० कैवर्तीमुस्तक । कोसचीमोथा ।
परिप्लुत—त्रि० जलमग्न(स्त्री) (ता)मदिरा. रतिसमये वेदनायुक्ता योनि. । पानी में डूबा हुआ. शराब. रति के समय जिस योनि में पीड़ा होती है ।
परिमल—पु० विमर्द्दन. मर्द्दनोत्थितमनोहरगन्ध. कुंकुमादिगन्ध. मैथुन । मलना. मलने से उठी हूई दिलचस्प खुशबू. केसर वगैरः की बू ।
परिवह—पु० वायुविशेष । हवा ।
परिव्याध—पु० जलवेतस. कर्णिकारवृक्ष । बेत. नैनिया ।
परुष, परुषक } न० पारूषक । फालसा ।
परेत—त्रि० मृत । मराहुआ. मुर्दह ।
पर्कटि, पर्करी } स्त्री० प्लक्ष । पाकरि. पकरिया का पेड़ ।
पर्जन्य—पु० इन्द्र. मेघ (स्त्री) (न्या) दारुहरिद्रा । इन्द्र. बादल. दारुहल्दी ।
पर्जन्या, पर्जनी } स्त्री० दारुहरिद्रा । दारुहल्दी
पर्ण—न० पत्र. पक्ष । पत्ता. पंख ।

पर्णक–पु० शितिवारशाक सुरुआरि । का शाग ।

पर्णलता–स्त्री० ताम्बूलीलता । पान की बेल ।

पर्णास–पु० तुलसी (स्त्री) (सा,सि) वर्बरी । तुलसी. बबई का पौधा ।

पर्णी–स्त्री० पलाशवृक्ष । छीऊल ।

पर्द्द–पु० केशसमूह. अपानवायुत्याग । जूड़ा. पाद. गोज़ ।

पर्पट } पु० वरतिक्त । दवनपापरा.
पर्पटक } पित्तपापरा ।

पर्पटपत्र–न० वरतिक्तपत्र । दवनपापरे के पत्ते ।

पर्पटा–स्त्री० पापड़ । पापर ।

पर्पटी–स्त्री० पद्मावतीसुगन्धद्रव्य ।

पर्य–न० नवतृण । नया घास ।

पर्य्यङ्कपट्टिका–स्त्री० शूकशिम्बी । सुवाशेम्बि ।

पर्य्येट–पु० क्षुपभेद. मुद्गादिचूर्णकृतपिष्टकभेद (स्त्री)(टी) पद्मावतीसुगंधद्रव्य । क्षेतपापड़ा. पापड़. पद्मावती । खुशबूदार चीज़ उत्तर में प्रसिद्ध है ।

पर्व्वत–पु० गिरि. मत्स्यभेद. वृक्षविशेष. शाकविशेष । पहाड़. खाशमच्छली ।

पर्षरुह–पु० दाडिम । अनार ।

पल–न० मांस. कर्षचतुष्टयपरिमाण । गोश्त. चार तोला ।

पलक्या–स्त्री० छुरिकाशाक । पलाकी ।

पलङ्कष–पु० गुग्गुलु । गूगल ।

पलङ्कषा–स्त्री० लाक्षा. गोक्षुर. रास्ना । लाख. गोखुरू. रहसनि ।

पलल–न० मांस. पङ्क. तिलचूर्ण । गोश्त. कीचड़. तिलकुट ।

पलाण्डु–पु० यवनेष्ट । पियाज़ु ।

पलाश–न० पर्णीवृक्ष । (स्त्री) (शी) लाक्षा. गन्धप्रसारणीलता । छीऊलु. लाख, गन्धपसारनि. गजदण्डसहोरा. गन्धपलासीलता ।

पलासी–स्त्री० गन्धपलासी ।

पलित–न० केशपाक. केशशुक्लता जनकरोग. शिलाजतु. ताप. कर्द्दम । बालों की सुपेदी. बालों को सुपेद करने वाली बीमारी. शिलाजीत. घाम. कीचड़ ।

पल्यङ्क–पु० पर्य्यङ्क । खाट ।

पल्ली–स्त्री० छिपकली ।

पल्लवक–पु० वेश्यापति. मत्स्यविशेष । भयाश. खाशमच्छली ।

पल्लिका–स्त्री० गृहगोधिका । छिपकली

पल्वल—न० क्षुद्रजलाशय । पोखरा. तलैया ।

पवन–पु० वात (न) जल । हवा. पानी ।

पवनाश–पु० सर्प्प । सांप ।

पवनाल–पु० पुनेराधान्य । पुनेरा ।

पवमान–पु० वायु । हवा ।

पवि–पु० वज्र । हीरा ।

पवित–त्रि० पवित्र (न) सूत्र । पाक.सूत ।

पवित्र–स्त्री० न० कुश. ताम्र. जल. वर्षण. घर्षण. यज्ञोपवीत. मधु.घृत.

(न) कुशद्वय (त्रि) व्रतादिनाशुद्ध. (पु) तिलवृक्ष. पुत्रजीववृक्ष. (स्त्री०) (त्रा) तुलसी. हरिद्रा. नदीविशेष । कुस. तांबा.पानी. सहत. घी. २कुसा.तिल. पुत्रजीवा. तुलसी.हरदी. नदी खास।

पवित्रक–पु० अश्वत्थ. उदुम्बर. कुश. दूर्वा । पीपल. गूलर. कुश. दूब ।

पशुमेहनकारिणी–स्त्री० चन्द्रशूर।चंदसुरु

पश्चिम–त्रि० शेष. प्रतीचीदिक् । बाकी. पछांह. मगरब ।

पसद्–न० रीतिहेतुधातु । जस्ता ।

पांशव–पु० लवणविशेष । शोरा निमक ।

पांशु–(सु) पु० धूलि. सस्यार्थं चिरसंचितं गोमयं. कर्पूरविशेष । खाक. खात. काफूर ।

पांशुपर्य्याय–पु० पर्पट । दवनपापरा. पित्तपापरा ।

पांशुल–पु० पापी । गुनहगार ।

पांशुलवण–न० लवणविशेष । शोरा निमक ।

पाक–न० शोचरलवण । विरिआ शोचर. स्याह निमक ।

पाकक्षार–पु० यवक्षार । जवाखार ।

पाकल–न० कुष्ठौषधि (पु) कुञ्जरज्वर. वायु. वह्नि । कूट. हाथी का बोखार. हवा. आग ।

पाक्य–न० विड्लवण. पांशुलवण (पु) यवक्षार. । सोंचर निमक. शोरा निमक. जवाखार ।

पाचक–न० पित्तविशेष (पु०) अग्नि. (त्रि) अन्नादिपाककारकौषधि । पित्त का नाम. आतिश. हाजमे की दवाई ।

पाचनक–पु० टङ्क । सोहागा ।

पाचनी–स्त्री० हरीतकी । हरीड़ ।

पाचक–न० पचन (पु०) पाचक. अग्नि. वायु । पकाना. रसोइया. आतिश. हवा ।

पाञ्चाङ्गुल–पु० श्वेतएरण्ड । सुपेद. एरण्डा ।

पाञ्चाल–त्रि० पञ्चालदेशोद्भव । पञ्जाब देशी ।

पाटल–पु० वार्षिकधानविशेष । श्वेत-रक्तवर्ण. (न) पाटलीपुष्प । बरसाती धान. गुलाब का फूल. गुलाबीरङ्ग ।

पाटला, पाटलि } स्त्री० पाटलि । पाड़रि ।

पाटिया–स्त्री० रक्तालुभेद । अरईकन्द ।

पाठिन, पाठीन } पु० मत्स्यविशेष. गुग्गुलुवृक्ष । पढ़िना मच्छली. गूगुल ।

पाढा, पाढिका } स्त्री० पापचेलिका । पाढ़ा. पाढ़ी ।

पाण–पु० हस्त (त्रि) ताम्बूलीपत्र । हाथ पान ।

पाणि–पु० हस्त । हाथ ।

पाणिका–स्त्री० दार्वीविशेष । कड़छी. चमचा ।

पाण्डु–पु० पटोल. (त्रि०) रोगविशेष. (स्त्री) सुगन्धमूला । परवर । पांडुरोग.

लवली. हरफारी. हरफारेवरी ।

पाण्डुक–पु० हैमन्तधान । ठण्ढकाली-धान ।

पाण्डुद्रुम–पु० कुटजवृक्ष । कोरैया का पेड़ ।

पाण्डुपुत्री–स्त्री० राजपुत्री । रेणुका. यह मिरच सदृश होती है ।

पाण्डुफल–पु० पटोल । परवर ।

पाण्डुल–पु० माषपर्णी । बन उर्द ।

पातण्णोदा–स्त्री० दक्षपक्षी । मुरग ।

पातालगरुड़ाह्वया } स्त्री० पातालगरु-
पातालगरुडी } ड़ी । छिरहटा ।

पातुकाशीश–न० कौशीश । हीराक-शीस ।

पाथ–न० जल.(पु)सूर्य्य. अग्नि । पानी आफताब. आग ।

पाथस्–न० जल । पानी ।

पाथोज–न० कमल । गुलेसोसन. कमलफूल ।

पाथोद–पु० मेघ । बादल. अब्र ।

पाद–पु० चरण. वृक्षमूल । पाव. जड़ ।

पादचत्वर–पु० छाग. सैकत. पिप्पल. करक । बकरा. बालू. पीपल. ओला ।

पादत्राण–न० पादुका । जूती ।

पादपोत्पल–पु० कर्णिकारवृक्ष । नैनिआ ।

पानस–न० पनसभवमद्य । कटहर का शराब ।

पानीय–न० जल । पानी ।

पानीयद्विविध–न० दिव्य । भौम ।

पानीयफल–न० मखान्न । मखाना. मखाने के लावा ।

पानीयामलक–न० प्राचीनामलक । पनिअमरा. पनिआंवला ।

पापघ्न–पु० तिल ।

पापचेलिका–स्त्री० अम्बष्ठा । पाढ़ा. पाढ़ी ।

पापशमनी–स्त्री. शमीवृक्ष । जड़ी का दरखत. छीकुरि का दरखत ।

पामघ्न–पु० गन्धक. कण्डुरोगनाशक । गोगिरद. खारिश की बीमारी को दूर करने वाला ।

पामन्–पु० विचर्चिका । खुजली की बीमारी ।

पामन–त्रि० पामरोगविशिष्ट । कच्छूर ।

पायस–पु० न० दुग्धद्वारासंस्कृतान्न । खीर. जाऊर ।

पायु–पु० गुह्यद्वार. दूर्व । दुब. गुदद्वार ।

पार–पु० पारद । पारा ।

पारज–पु० स्वर्ण । सोना ।

पारटीट–पु० प्रस्तर । पत्थर. संग ।

पारत–पु० पारद । पारा. सीमाब ।

पारद–पु० रसराज । पारा. सीमाब ।

पारवत–पु० कपोत । कबूतर ।

पारशव–पु० लौह । लोहा ।

पारसीकवचा–स्त्री० हैमवती । खुरासानी बच ।

पारसीकयवानी–स्त्री० खुरासानी अजवाइन ।

पारावत—पु० कपोत । कबूतर ।
पारावतपदी—स्त्री० तेजोवती. काकजङ्घा । मालकङ्गुनी. मसी ।
पारिजात—पु० सुरतरु. पुष्पविशेष । फरहद का पेड़ ।
पारिभद्र(क)—पु० वृक्षविशेष. परिजातवृक्ष. देवदारुवृक्ष. निम्बवृक्ष. (न) कुष्ठौषधि । फरहद का पेड़. दियारु-देवदारु का पेड़. नीम का पेड़. कुट्ठ कूट ।
पारिभव्य—न० कुष्ठौषधि । कूट्ठ ।
पारिमाण्डल्य—न० परमाणुपरिमाण जर्रा
पारिश—पु० पालशवृक्ष. पारीरवृक्ष । छिउलु का पेड़. गजदण्ड सहोरा ।
पारीष—पु० पारीषवृक्ष । पिप्पलभेद. गजदण्डसहोरे का पेड़ ।
पारु—पु० वह्नि. सूर्य्य । आतश. आफताब
पार्थ—पु० अर्जुनवृक्ष । अर्जुन का पेड़ ।
पार्थिव—न० तगरपुष्प । तगर का फूल ।
पार्वत—पु० निम्बवृक्ष (त्रि) शल्लकी ।
पार्वती—स्त्री० आतसी अरसी, अलसी ।
पार्श्व—न० पु० कक्षाधो भाग । एक फासा फसली ।
पार्श्वक—त्रि० कक्षाधो भाग । फसली ।
पार्श्वपिप्पल—न० हरीतकी वि० । गजहरड़ ।
पार्ष्णि—पु० स्त्री० गुल्फाधो भाग । एड़ी ।
पालक—पु० घोटकरक्षक. चित्रकवृक्ष । सईस. चित्रा का दरख्त ।
पालाश—न० तेजपत्र । तमाल का पता. तेजपात ।
पालि (ली)—स्त्री० कर्णकोण. नितम्ब । कान की पाली. चूतड़ ।
पालिन्दी—स्त्री० कृष्णत्रिवृत । श्यामनिशोथ ।
पावन—पु० अग्नि. सिल्हक. पीतभृङ्गराज. गोमय. रुद्राक्ष. कुष्ठ. चित्रक. (स्त्री०) (नी) गौ. गङ्गा. तुलसी । आतिश. हीराकशीश. पीलाघमिरा. गोबर. मेलावा. कुट्ठ ।
पाशुपत—पु० बकवृक्ष । कचनार ।
पाषाण—पु० प्रस्तर । पत्थर ।
पाषाणभेद—पु० अश्मभेद । पाषाणभेद औषध ।
पिक—पु० चातक. कोकिल । पपीहा. कोइल ।
पिकवल्लभ—पु० आम्रफल । आम ।
पिङ्ग—न० शावक. (स्त्री)(ङ्गा) हरिताल । हरताल. चूहा. बच्चा ।
पिङ्गल—न० रीति. पित्तल. हरिताल. (पु)सूर्य्य. नीलपीतमिश्रितवर्ण. अग्नि. नकुल. कपि (स्त्री) (ला) रीति । पीतल. हड़ताल. आफताब. जर्दरङ्ग. आग. नेउला. बन्दर ।
पिङ्गसार—पु० हरिताल । हड़ताल ।
पिचण्डु—पु० उदर । पेट. शिकम ।
पिचव्य—पु० कर्पासवृक्ष । कपास का पौधा. वंगा ।

पिचु—पु० कर्प्पास. कुष्ठभेद. कर्ष। रुई. एक खाश कोढ़रोग. तोला।

पिचुमन्द
पिचुमर्द्द } पु० निम्बवृक्ष। नीम का पेड़।

पिच्च
पिच्चट } न० सीसक (पु) नेत्ररोगविशेष रांगा. आंख की खाशबीमारी।

पिच्छ—न० मयूरपुच्छ. (स्त्री०) (च्छा) कदली. मण्ड. चोलिका. शिंशपावृक्ष। मोरपङ्ख. केला. मांड़. चोली. शीशम का दरखत।

पिच्छा—स्त्री० शाल्मलीवेष्टक. मोचरस। सेमरका गोंद।

पिच्छला—स्त्री० शिंशपावृक्ष.शाल्मलीवृक्ष। शीशम का पेड़. शिमला का पेड़।

पिच्छिली—स्त्री० बहुआर। दुद्दाल. बहुआर।

पिञ्ज—न० शक्ति (पु) कर्पूरविशेष (स्त्री) (ञ्जा) तूल. हरिद्रा। ताकत. काफूर रुई. हल्दी।

पिञ्जट—पु० नेत्रमल। आंख की मैल।

पिञ्जर—न० हरिताल. स्वर्ण. नागकेशर. देहास्थिसमूह। हरताल. सोना. नागकेशर. देह की हड्डी।

पिञ्जल—न० कुशपत्र. हरिताल। कुश के पत्ते. हरताल।

पिञ्जान—न० स्वर्ण। सोना. तिला।

पिञ्जूष—पु० कर्णमल। कान की मैल।

पिटक—पु० मञ्जूषा। पिटारी. फोड़ा।

पिण्ड—न० अय (पु) जवापुष्प. मदनवृक्ष. (स्त्री) (ण्डी) खर्जूरी। लोहा. जवाफूल. खजूर. बेल।

पिण्डखर्जूरिका—स्त्री० पिण्डखार्जूरी। पिण्डखजूर।

पिण्डतगर—न० कालानुसार्य्यक। पिण्डतगर।

पिण्डपुष्प—पु० अशोकवृक्ष। अशोक का पेड़।

पिण्डा—स्त्री० वंशपत्री। बांसपाती।

पिण्डार—न० कन्दविशेष. विकंकतवृक्ष। पिण्डारू. विकंकत का दरखत।

पिण्डालुक—पु० कन्दविशेष। सुथनी।

पिण्डीतक
पिण्डीनट } —पु० मदनफल। मयनफल।

पिण्याक—न० पु० तिलकल्क. हिङ्गु. रोगविशेष। खल. पीना. हिङ्गु. हीङ्ग. पीनस की बीमारी।

पितृहू—पु० दक्षिणकर्ण। दहना कान।

पित्त—न० शरीरस्थधातुविशेष। सफरा।

पित्तज्वर—पु० पतलेदस्तहों निद्रा थोड़ी. वमन हो कंठ ओष्ठ नाक पक जावे पसीना चले रोगी बकाकरे मुंह कडू रहे मूर्च्छा दाह मद और तृषालगे।

पित्तजित्—स्त्री० मेथिका। मेथी. वनमेथी।

पित्तल—न० आरकूट. भूर्जवृक्ष। पीतल. भोजपत्ते का पेड़।

पित्तौष्ठरोग—पु० पित्तसंबंधी ओष्ठरोग।

पिन्यास—न० हिङ्गु। हींग।

पिपासा—स्त्री० पानेच्छा । प्यास ।

पिपीलक—पु० कृष्णकीट (स्त्री) (लिका) स्याह चींऊटा. चिंउटी ।

पिप्पल—न० जल (पु) अश्वत्थवृक्ष । पानी. पीपल का पेड़ ।

पिप्पली—स्त्री० मागधी । पिप्पली. मघ ।

पिप्पलीमूल—पु० ग्रन्थिक पिप्पलीमूल. पिपलामूल ।

पिप्पका—स्त्री० दन्तमल । दान्तों की मैल ।

पियाल—पु० चारवृक्ष । चिरौंजी का पेड़ ।

पिल्ल—पु० क्लेदयुक्तचक्षु । चुन्धिआंख ।

पिशित—न० मांस (स्त्री) (ता) जटामांसी । गोश्त. जटामासी ।

पिशुन—न० कुङ्कुम । केशर ।

पिष्ट—न० शीशक. पिष्टक। सीसा. पीठी ।

पिष्टिका—स्त्री० पिष्टद्विदल । पीठी ।

पिसिली—स्त्री० चाङ्गेरी । अमलोनिआ का शाक ।

पीठ—पु० चित्रकवृक्ष । चित्रा. चीता ।

पीडन—न० व्रणस्य पूयादिनिर्गमनार्थं अङ्गुल्यादिना ।

पीत—न० हरिताल । हड़ताल ।

पीतक—न० हरिताल. कुङ्कुम. अगरु. रीति. हरिद्रा. पित्तल. माक्षिक (पु०) श्योनाकभेद. किङ्किरातवृक्ष । हड़ताल. केशर. अगर. शीशम. पीतल. हल्दी. सहद. तुन का पेड़ ।

पीतगणिका—स्त्री० स्वर्णयूथिका । जर्द्द-जूही ।

पीतचेतिका—स्त्री० स्वर्णजाती । जर्द्द चम्बेली ।

पीतदारु—स्त्री० दारुहरिद्रा । दारुहल्दी

पीतदुग्धा—स्त्री० चुक्र । चूक ।

पीतद्रु—स्त्री० दारुहरिद्रा । दारुहल्दी ।

पीतन—न० कुङ्कुम. हरिताल. पीतदारु. (पु) वृक्षविशेष. आम्रातक । केशर. हड़ताल. पिलखन. आमड़ा ।

पीतपर्णी—स्त्री० लताविशेष । बिळ-ड़ीबूटी ।

पीतपुष्प—पु० कर्णिकारवृक्ष (स्त्री) (ष्पा) इन्द्रवारुणी(स्त्री)(ष्पी) सहदेवी. कर्कोटकी. त्रपुषी (पु) धामार्गव । अमिलतास का पेड़. इन्द्रोरनि की बेलि. वोड़तुंबा. सहदेइया. खेखसा. खीरा. तोरई. कडुई तोंबी ।

पीतफलक—पु० शाखोट । सहोरा का पेड़

पीतफेन—पु० माङ्गल्य । रीठा ।

पीतवृक्ष—पु० सुरभिदारुकवृक्ष । धूपसरल

पीतभद्रक—पु० किङ्किरातवृक्ष । किंकिराठ का पेड़ ।

पीतमणि—पु० मणिविशेष । पुखराजरत्न ।

पीतमालती—स्त्री० स्वर्णमालती । जर्द्द-चम्बेली ।

पीतयूथिका—स्त्री० स्वर्णयूथी । जर्द्दजूही ।

पीतरत्न—न० गोमेदमणि । पुखराजरत्न ।

पीतराग—न० केशर. सिक्थक् । फूल की तिरी. मोम ।

पीतराजपुत्रिका—स्त्री० स्वर्णजाती । जर्द्द-

चम्बेली ।

पीतरोहिणी–स्त्री० गम्भारी । खंभारि का पेड़ ।

पीतशालक–पु० असन । विजैसार ।

पीतसार–न० हरिचन्दन. (पु) गोमेदक मणि. असन. तुरुष्क. शिलरस. बीजक । ज़र्द सन्दल. पुषराजरत्न. विजैसार. शिलारस. लोहवान ।

पीतसारि–न० अञ्जन । सुरमा ।

पीतसुनना ⎫ स्त्री० स्वर्णजाती ।
पीतहृद्यगन्धा ⎭ " ज़र्दचम्बेली ।

पीता–स्त्री० हरिद्रा. दारुहरिद्रा । हल्दी. दारुहल्दी ।

पीताकङ्गु–पु० स्त्री० पीताकङ्गुनी । जर्दकांगुनी ।

पीतादेवदाली ⎫ स्त्री० सोनैआ । बंदाल
पीतापरा ⎭

पीताप्रियङ्गु–स्त्री० स्वर्ण कङ्गुनी । जर्दकांगुनी ।

पीताभ–न० पीतचन्दन । कलम्बक. जर्द सन्दल ।

पीताम्बष्ठा–स्त्री०स्वर्णयूथिका । ज़र्दजूही

पीतिका–स्त्री० हरिद्रा स्वर्णयूथी । हल्दी. ज़र्द जूही ।

पीतिन्–पु० घोटक । घोड़ा ।

पीतु–पु० सूर्य्य. अग्नि । सूरज. आतिश ।

पीथ–न० घृत. जल (पु) सूर्य्य. अग्नि. काल । घी. पानी. सूर्य्य. आग. वक्त ।

पीनस–पु० पतिश्या । खांसी. जुकाम ।

पीनस्कन्ध–पु० महिष । भैंसा ।

पीपरि–पु० ह्रस्वप्लक्ष । पकरिआ ।

पीयूष–न० दुग्ध । दूध ।

पीलक–पु० पिपीलिका । चिउंटा. मकौड़ा ।

पीलु–पु० प्रसून. परमाणु. अस्थिखण्ड. कृमि. प्रसिद्धफल. वृक्षविशेष । फूल. जरह. हड्डी का टुकड़ा. कीड़ा. पीलू का फल. दरखत ।

पीलुपर्णी–स्त्री० मूर्वा. कुन्दुरुकी । मुरहरी. कुंदुरु ।

पीवन्–त्रि० स्थूल(पु)वायु । मोटा. हवा

पीवर–त्रि० स्थूल (स्त्री)(रा) अश्वगन्धा. शतावरी. (स्त्री) (री) शतमूली. शालपर्णी. युवतीस्त्री. तरुणीगौ । मोटा. असगंध. छतावरि. महाछतावरि. सरिवन. जवान औरत. जवान गौ ।

पुंसवन–न० दुग्ध. गर्भसंस्कारविशेष । दूध. सियौर ।

पुञ्जिन्–पु० कुक्कुट । मुरग़ ।

पुट(क)–न० जातीफल. औषधिपाकपात्र (पु०न०) अश्वखुर (त्रि) आच्छादन । जायफल. सरावसम्पुटपात्र. घोड़ों का सुम्ब. ढकना ।

पुटिका–स्त्री० एला । इलायची ।

पुण्डक–पु० माधवीलता ।

पुण्डरिन्–पु० औषधिविशेष ।

पुण्डरीक–पु० व्याघ्र. आम्र. सर्प्प. हस्तिज्वर. दमनकवृक्ष. कमण्डलु. श्वे-

लवण. कुष्ठविशेष. कीटविशेष (न) सितपद्म. श्वेतछत्र. भेषज(त्रि) श्वेत ।

पुण्ड्र—न० कृष्णाइक्षु. वङ्ग देश. पिपीलकृमि. ह्रस्वप्लक्ष । स्याहपौंड़ा. बंगाले का मुल्क. चिऊटा. छोटीपिलखन. पकरिया ।

पुण्य—न० धर्म्म. (स्त्री) (ण्या) तुलसी ।

पुण्यगन्ध—पु० चम्पक । चम्पे का फूल ।

पुण्यजन—पु० सज्जन । राक्षस ।

पुण्यतृण—न० श्वेतदूर्वा । सुपेददूब ।

पुत्रक—पु० सन्तान. वृक्ष विशेष । बेटा. पतौजिआ का पेड़ ।

पुत्रका } —स्त्री० लक्ष्मणबूटी ।
पुत्रकारिका } सपेदफूल की भटकटैया ।

पुत्रजीव—पु० पुत्रजीवकवृक्ष । पितौजिआ का पेड़ ।

पुत्रदा—स्त्री० बन्ध्याकर्कोटकी. बांझ करोल बेल. बांझ खेखसा ।

पुत्रभद्रा—स्त्री० बृहज्जीवन्ती लता ।

पुत्रशृङ्गी—स्त्री० अजशृङ्गी । मेढ़ासिंही बूटी ।

पुनर्नव—पु० नख (स्त्री) (वा) शोथघ्नी औषध । नाखून. गदापुरैना ।

पुनर्भव—पु० नख । नाखून ।

पुन्नाग—पु० विडंगवृक्ष. श्वेतपद्म. जातिफल । बाइविड़ग का दरखत. सुफेद कमल का फूल. जायफल ।

पुन्नाट—पु० प्रपुन्नाट । चकवड़ का वृक्ष ।

पुर—न० गेह. देह. पाटलिपुत्रनगर. मुस्ता. चर्म्म. नागर(पु) गुग्गुलु । घर. जिस्म. पटना. नागरमुस्था. चमड़ा. गूगल ।

पुर्—न० स्त्री० नगरी (पु) गुग्गुलु । शहर गूगल ।

पुरग—पु० कुटन्नत्वक् । गुड़तजी. कोसची मोथा ।

पुरञ्जन—पु० जीव (स्त्री) (नी) मति । रूह. अक़्ल ।

पुरट—न० सुवर्ण । सोना ।

पुरण—पु० समुद्र । समुंदर ।

पुरन्दर—न० चविक (पु) इन्द्र. चोर. (स्त्री) (री) भागीरथीनदी । स्याह मिरच. इन्द्र. चोर. गङ्गानदी ।

पुरा—स्त्री० पूर्वदिशा । मशरक ।

पुराणघृत—न० पुराना घी ।

पुरासिनी—स्त्री० सहदेवीलता । सहदेइया बेल ।

पुरीष—न० विष्ठा । गूह ।

पुरु—न० गुग्गुलु । गूगल ।

पुरुष—पु० पञ्चमहाभूतशरीरसमवायः । पृथिव्यादिक पञ्चतत्त्व और जीव के संयोगरूप को पुरुष कहते हैं ।

पुल—पु० पर्वतीयमृत्तिकाविशेष ।

पुलक—पु० रोमाञ्च. अङ्गुष्ठ, कीट पाषाणविशेष. हरिताल. मद्यपात्र. राजसर्षप । रोंआं की फूट. अंगूठा. कीड़ा. खाशपत्थर. हरताल. शराब का प्याला. राई ।

पुलकिन्—पु० धाराकदम्ब । केलि कदम्ब ।

पुष्कर—न० जल. व्योम. मुख, पद्म, पुष्करमूल.(पु)रोगविशेष. सारसपक्षी । आब. आसमान. चेहरा. गुलेसोसन. पोहकरमूल. खाशबीमारी. सारस ।

पुष्करणी—स्त्री० पद्मिनी । कमलनी ।

पुष्करमूल—न० पुष्करदेशप्रसिद्ध. कुष्ठभेद. औषधविशेष । पोहकरमूल ।

पुष्करिणी—स्त्री० स्थलपद्मिनी. पुष्करमूल. पद्मनी । सूरजमुखीफूल कुट्ठ ।

पुष्टि—स्त्री० अश्वगन्धा । असगन्ध ।

पुष्प—न० कुसुम. स्त्रीरज. नेत्ररोगविशेष. रसाञ्जन । फूल. हैज.फूली. रसवत

पुष्पकाशीश—न० पीतकाशीश । कौशीश. काशीशमाङ्ग, फूल ।

पुष्पपुर—न० पाटलिपुत्रनगर । पटना ।

पुष्पफल—पु० कपित्थ । कैथा का पेड़ ।

पुष्पवस्ता—स्त्री० ह्रीबेरद्वय । हाहूवेर दोंनौ ।

पुष्पराग—पु० मणिभेद पद्मराग । पुषराजरत्न ।

पुष्परोचन—पु० नागकेशर । नागकेशर ।

पुष्पाण्डक—पु० हेमन्तऋतुकाधान । ठंढकालोधान ।

पुस्तशिम्बिका } —स्त्री० राजशिम्बी ।
पुस्तशिम्बी } सेमा, शेंबा ।

पूग—पु० गुवाकवृक्ष. कण्टकीवृक्ष. स्थूलपूग (न) पूगफल (स्त्री) (गी) गुवाकफल । सुपारी का पेड़. झाली. तूत का पेड़. सुपारी ।

पूगीफल—न० गुवाकफल । सुपारी ।

पूत—न० अपनीततुषधान्य. (पु) शङ्ख. श्वेतकुश । छड़ेहुएचावल. शंख ।

पूतधान्य—न० तिल. यव । तिल. जौ ।

पूतना—स्त्री० हरीतकी. गन्धमांसी. रोगविशेष. हरीड़. जटामांसी. खाशबीमारी ।

पूता—स्त्री० दुर्वा । दूब ।

पूति—स्त्री० पवित्रा. दुर्गन्ध. (न) रोहिषतृण । पाकीजगी. बदबू. हरद्वारीकुश

पूतिक—न० विष्ठा (पु) पूतिकरञ्जवृक्ष । रोगविशेष. गूह. घोराकरञ्ज. खाश एक बीमारी ।

पूतिकरञ्ज—पु० घोराकरञ्ज । घोराकञ्जा ।

पूतिका—स्त्री० विडाली । बिल्ली ।

पूतिगन्ध—न० रङ्ग(पु)गन्धक. इङ्गुदीवृक्ष । राङ्गा. गन्धक. हिङ्गोट का पेड़ ।

पूतितैला—स्त्री० ज्योतिष्मतीलता । लताफटकड़ी बेल. मालकङ्गनी ।

पूतिफला—स्त्री० वाकुची । बकुची ।

पूप—पु० पिष्टक । बड़ा ।

पूय—न० क्षतज । पीब. रेम ।

पूयन—न० पूय । पीब. रेम ।

पूयारि—पु० निम्बवृक्ष । नीम का पेड़ ।

पूर—पु० शष्कुली. पिष्टकशष्कुली । पूरी. कचौरी. ।

पूरक—पु० बीजपूर । बिजौरानिम्बू ।

पूरणी—न० कुटन्नट (स्त्री) (णी)शाल्मलीवृक्ष । खस. कोसचीमोथा. सिम्बले

का पेड़. वस्तिनेत्र प्रभृतिषु तैलादिना।
पूरिका—स्त्री० पिष्टिका। पूरी. कचौरी।
पूष—पु० ब्रह्मदारुवृक्ष। तून का दरखत।
पृथक्पर्णी—स्त्री० पृष्ठिपर्णी। पिठवन।
पृ(थ)थिवी—स्त्री० धरा। ज़मीन।
पृथिता—स्त्री० आलुकी। अरई।
पृथु—पु० कृष्णजीरक (स्त्री) अहिफेन. हिङ्गुपत्री। स्याहजीरा. अफीम. हिंगुपत्ती. हिङ्गोट की पत्ती।
पृथुक—पु० न० चिपिटक (पु) वालक (स्त्री) हिङ्गुपत्री. वालिका। चिउरा. लड़का. हिङ्गोट ली पत्ती।
पृथुकृष्णा—स्त्री० कृष्णजीरक। कलौंजी।
पृथुपलाशिका—स्त्री० सुव्रता। गन्धपलासी काश्मीरमें प्रसिद्ध है।
पृथुरोमा—स्त्री० मत्स्यविशेष।
पृथुला—स्त्री० हिङ्गुपत्री। हिंगोटकी पत्ती
पृथुशृङ्गा—स्त्री० दुम्बक। दुम्बा मेंढ़ा।
पृथुसिम्ब—पु० श्योनाक। सोनापाढ़ा।
पृथ्वी—स्त्री० पृथिवी. स्थूलैला. पुनर्नवा. कृष्णजीरक। ज़मीन. बड़ी इलायची. गदापुरैना. कलौंजी. स्याहजीरा।
पृथ्वीका—स्त्री० बृहदैला. सूक्ष्मैला. हिङ्गुपत्री. कृष्णजीरक। बड़ीइलायची. छोटी इलायची. हिङ्गोटपत्ती. कलौंजी. स्याहजीरा।
पृदाक—पु० सर्प्प. वृश्चिक. व्याघ्र. चित्रक. हस्ती. वृक्ष। सांप. बिच्छु. वाघ. चीता. हाथी. पेड़।
पृश्निपर्णी—स्त्री० पृष्ठिपर्णी। पिठवन।
पृषत्—पु० श्वेत विन्दुयुक्त.विन्दु। हरिन जिस पर सुफेद धब्बे हों. बून्द।
पृषदश्व—पु० वायु। हवा।
पृषदाज्य—न० दधिसिक्तघृत। दही से मिला घी।
पृषन्ति—पु० विन्दु। बूंद. कतरा।
पृष्ठ—शरीरपश्चाद्भाग। पीठ. पीछा।
पृष्ठदृष्टि—पु० भल्लूक। रीछ।
पृष्ठिपर्णी—स्त्री० पृश्निपर्णी। पिठवन।
पेचु—न० शाकविशेष।
पेट—पु० प्रहस्त (त्रि)पेटक. उदर (स्त्री) (टी) मञ्जूषा। चपेड़. पटार. शिकम. पिटारी।
पेटक—पु० वंशवेत्रादिमयसमुद्गकप्रायमञ्जूषा. (न) कदम्बक. समूह। पेटार. मजमह।
पेड़ा—स्त्री० महापेटिका। बड़ा सन्दूक।
पेत्व—न० अमृत. घृत। घी।
पेय—न० जल. दुग्ध। आब. दूध (त्रि) पातव्य. मांड़।
पेयूष—न० पु० अभिनवपयः। नई व्याई गाय का दूध. घी. अमृत।
पेरु—पु० वन्हि. समुद्र. पक्षीविशेष. सूर्य। आग. समुन्दर. सूजर।
पेरोज—न० उपरत्नविशेष। फ़िरोज़ा।
पेल—न० पुँश्चिन्ह। पुरुष चिन्ह वयज़ा. जाना।
पेशि (शी)—स्त्री० अण्ड. मांसपिंड।

वैजा. गोस्त का पिण्ड ।
पेषण–न० चूर्णयन्त्र. पीसना. चक्की ।
पेषणि–स्त्री० पेषणशिला । सिलबट ।
पैठर–त्रि० स्थालीपक्वमांसादि । डेगचे में रन्धे हुए मांस वगैरह ।
पैष्टी–स्त्री० पिष्टकविकाररूपमद्यभेद । आटे से निकाली हुई शराब ।
पोगण्ड–पु० दशवर्षीयबालक । दश वर्ष का लड़का ।
पोट–पु० वेश्मभूमि (स्त्री) (टा) पुरुषलक्षणयुक्ता स्त्री । दाहड़ी मूछ वाली स्त्री ।
पोटगल–पु० नल. कुश । नरकुल. कुशा घास ।
पोटिक–पु० विस्फोटक । मातारोग ।
पोतकी–स्त्री० पोदिकाशाक । पोयशाग ।
पोत्रित्–पु० बराह । सुअर ।
पोलिका–स्त्री० पिष्टकविशेष । चपाती. फुलका ।
पोलिता–स्त्री० पिष्टिका । पूरी. दुनौरी. फुलौरी ।
पौण्ड्र–पु० देशविशेष । चन्देलीका मुल्क ।
पौण्ड्रक–पु० श्वेतइक्षु । सुफ़ेद गन्ना. पौंड़ा ।
पौण्डर्य्य } न० पुण्डेरी ।
पौण्डरीयक } सुगन्धद्रव्यविशेष ।
पौतिक–न० पौतिकमधु । कैरामाखी का सहद ।
पौर–न० नगर. रोहिषतृण । शहर. रामकपूर, हरद्वारीकुश ।
पौलि–पु० पाकावस्थागतकलायादि । भूंजे हुये जौ. मटर. चने आदि ।
पौष्कर–न० पुष्करमूल । कूटकाभेद पुष्करमूल है ।
प्रक्षालन–न० जल आदि से धोना ।
प्रधमन–न० नाक में नास सूंघना ।
प्रमार्जन–न० शोधना. पोंछना. झाड़ना ।
प्रकर–न० अगरू । अगर ।
प्रकीर्ण–न० चामर. अध्याय. व्यजन. (पु) पूतिकरञ्ज. अश्व (त्रि) विक्षिप्त । चंवर. बाब. पङ्खा. घोराकरञ्ज. घोड़ा बिखरा हुआ ।
प्रकीर्य्य–पु० पूतिकरञ्ज । घोराकरञ्ज.
प्रकृति–स्त्री० स्वभाव. योनि. लिङ्ग. स्वामी. अमात्य. सुहृत्. कोष. राष्ट्र. दुर्ग. बल. पुरवासीसमूह. शिल्पी. शक्ति. योषित्. स्त्री. परमात्मा. पञ्चभूत. गुह्य. जन्तु. एकविंशत्यक्षरपादछन्दोविशेष. माता. प्रत्ययप्रथम. सत्वरजस्तमसां साम्यावस्थाप्रकृतिः । मिजाज. फ़र्ज. केर. मालिक. वजीर. दोस्त. खजाना. जिला. क़िला. फौज. शहर का वासि. मजमह. कारीगर. औरत. खुदा. गुदा. जानवर. २१ हर्फोंका बहर. मापनेवाला. प्रत्यय का पहला. कायम मिज़ाज़ ।
प्रकोष्ठ–पु० कूर्पराधोभागस्थमणिबन्धपर्य्यन्त हस्तावयव । कोहनी से हाथ के पौंहचे तक ।

प्रगण्ड–पु० कूर्परोपरिकक्षपर्य्यन्तभाग । कोहनी से लेके बगल तक बाज़ू ।
प्रगे–व्य० अतिप्रातःकाल । सुबह के वक्त
प्रग्रह–पु० कर्णिकारवृक्ष । कनयर का पेड़
प्रचण्ड–पु० श्वेतकरबीर । सुफ़ेद कनयर
प्रचोदनी–स्त्री० कण्टकारी । कंडियारी. भटकटैया ।
प्रच्छर्दिका–स्त्री० वमि । ओकी. उखाल. ।
प्रजाहित–न० जल । पानी ।
प्रजि (जी) न० पु० वायु । हवा ।
प्रणाद–पु० कर्णरोगविशेष । कान की बीमारी ।
प्रतल–पु० चपेट । हथेली ।
प्रतापिनी–स्त्री० गन्धप्रसारणी । गन्धपसारनि ।
प्रतिदि(दी)वन्–पु० सूर्य्य । सूरज ।
प्रतिविषा–स्त्री० अतिविषा । अतीश ।
प्रतिविष्णुक–पु० मुचुकुन्दवल्ली । मुचुकुन्द की बेल ।
प्रतिश्या } स्त्री० रोगविशेष । पीनस
प्रतिश्याय } पु० का रोग. जुकाम ।
प्रतीक–पु० अवयव. पटोलवल्ली । अंग. परवर ।
प्रतीयस–पु० श्वेतार्कवृक्ष । सुफ़ेद मदार का पेड़ ।
प्रत्यक्पर्णी–स्त्री० बृहद्दन्ती. अपामार्ग । बड़ी दतूनिका पेड़ । लटजीराका पौधा
प्रत्यूषस्–पु० प्रभात । सुबह ।
प्रदर–पु० योनिरोगभेद । औरतों की बीमारी ।
प्रदीपन–पु० विषविशेष । प्रदीपनज़हर ।
प्रपथ्या–स्त्री० हरीतकी । हरीड़. हरड़ ।
प्रपद–न० पादाग्र । पांव. पांव का शिरा
प्रपा–स्त्री० पानीयशाला । पौसाला. छबील ।
प्रपाणि–पु० कराधोदेश । हाथ की पीठ ।
प्रपादिक–पु० शिखी । मोर. ताऊस ।
प्रपुन्नाट–पु० चक्रमर्दवृक्ष । चकवड़ ।
प्रपौण्डरीक–न० पुण्डेरी नामक सुगन्धद्रव्य । पुंडेरिया ।
प्रबरलोह–न० कृष्णागरु । स्याहअगर ।
प्रबाल–न० वैडूर्य्य । मूंगारत्न ।
प्रबालफल–न० रक्तचन्दन । लालसन्दल
प्रभञ्जन–पु० वायु । हवा ।
प्रभद्र–पु० निम्बतरु । नीम का पेड़ ।
प्रभाकर–पु० सूर्य्य. अग्नि. चन्द्र. समुद्र. अर्कवृक्ष । सूरज. आग. माहताब. समुंदर. आक का पेड़ ।
प्रभाकीट–पु० खद्योत । पटबीजना. जुगनू ।
प्रभात–न० प्रातःकाल । सुबह ।
प्रभु–पु० पारद । पारा ।
प्रमथा–स्त्री० हरीतकी । हरड़ ।
प्रमद–पु० हर्ष (न) धूस्तरफल (त्रि) मत्त (स्त्री) (दा) उत्तमास्त्री । खुशी. धतूरह. मतवाला. खूबसूरत औरत ।
प्रमुख–पु० पुन्नागवृक्ष । सुपारी का पेड़ ।
प्रमेह–पु० रोगविशेष । मेह रोग. यकीन ।

प्रमोदिनी—स्त्री० झिङ्गिनी । जिङ्गिनी ।

मोदक—पु० गर्भ ही में पकने वाला धान सेढ़ ।

प्ररूढ़—पु० जठर । पेट ।

प्ररोही—स्त्री० पिप्पलभेद । बेलिया पीपल ।

प्रलम्ब—पु० त्रपुष. पयोधर । टीन. पिस्तान ।

प्रलेह—पु० अवलेह । चटनी

प्रवण—त्रि० उदर । पेट ।

प्रवार—न० अगरु । अगर ।

प्रवाणि(णी)—स्त्री० तन्त्रशलाका । तांती की तुरी ।

प्रवाल—पु० न० पला. मूंगा । नयापत्ता सींगा ।

प्रष्ठौही—स्त्री० बालगर्भिणी । पहिलन ।

प्रशस्तजल—न० स्वच्छजल । साफ पानी ।

प्रसाधना—स्त्री० कङ्कतिका. सिद्धि । कंघी. बूटी ।

प्रसारणी—स्त्री० लज्जालुलता. गंधप्रसारणी । लाजवन्ती. गन्धपसारणि ।

प्रसू—स्त्री० माता. घोटकी. कदली. वीरुत्लता । महतारी. घोड़ी. केला. खाम बेल ।

प्रसृत—न० पलद्वय (पु) अर्द्धाञ्जलि (स्त्री) (ता) प्रजङ्घा । ८ तोला. चुल्लूभर. जांघ ।

प्रस्थ—पु० परिमाणविशेष । ६४ तोला ऽ॥।-॥। तौल ।

प्रस्थपुष्प—पु० मरुवक । मरुआ ।

प्रस्थिका—स्त्री० माचिका । केवैया का पौधा ।

प्रस्राव—पु० मूत्र । पेशाब ।

प्रहर्षणी—स्त्री० हरिद्रा । हल्दी ।

प्रहारवल्ली—स्त्री० रोहिणी लता ।

प्राचीना—स्त्री० अम्बष्ठा । पाढ़ा. पाठा ।

प्राचीनामलक—न० पानीयामलक । पनिअमरा ।

प्राण—पु० वक्त्रसंचारीवायुः । मूर्द्धोरः कंठनासिकापि प्राणस्य स्थानं । दुष्टप्राणहिक्काश्वासप्रतिश्यायभेदकासादिकरोग करता है । बोल ।

प्राणस्—पु० शरीरस्थपञ्चप्राण. यथा, १ प्राण, २ अपान, ३ समान ४ उदान ५ व्यान ।

प्रातर्—व्य० प्रभात । सुबह ।

प्रालिका—स्त्री० जयावृक्ष । दुपहरिया का पेड़ ।

प्रामाद्य—पु० वासकवृक्ष । रूसा का पेड़

प्रालेय—न० हिम । बरफ ।

प्रावृषायणी—स्त्री० कपिकच्छुवल्ली । किमाच. खजोहरा की बेल ।

प्राह्ण—पु० पूर्वान्ह । दिन का पहला पहर ।

प्राह्णेतराम् (तमां)—व्य० अतिप्रत्यूष । बहुत सुबह ।

प्रिय—पु० भर्ता. पति. मृगभेद. ऋद्धिनामौषधि (त्रि) हृद्य (स्त्री) (या) भार्य्या. एला. मल्लिका. मदिरा. गंधप्रियङ्गु.

हरिद्रा । स्वामी. खासहरिण. खासबँटी. दिलपसंद. जोरू. इलायची. मालती. शराब. खुशबूदार खास प्रियंगु. हल्दी ।

प्रियक–पु० कदम्बवृक्ष. असनवृक्ष । कदम का पेड़. विजैसार का पेड़ ।

प्रियकरी–स्त्री० कण्टकारी । भटकटैया ।

प्रियङ्गु(ङ्गू)–स्त्री० फलिनीवृक्ष. राजिका. पिप्पली । खास खुशबूदार बेल. राई. पिपली. मद्य ।

प्रियतम–पु० वृक्षविशेष ।

प्रियदर्शन–त्रि० सुदृश्य (पु) शुकपक्षी. क्षीरिकावृक्ष । खूबसूरत. तोता. खिरनी का दरख्त ।

प्रियाल–पु० बहुलवल्कलवृक्ष । चिरोंजी का पेड़. पीपल का पेड़ ।

प्रेत्यच्छूणी–स्त्री० बृहद्दन्ती । बड़ी दन्तून का पेड़ ।

प्रेष्ठ–त्रि० अतिप्रिय (स्त्री) भार्य्या. जङ्घा. बहुत प्यारा. जोरू. जांघ ।

प्रो(प्रौ)ष्ठ–पु० (स्त्री(ष्ठी) मत्स्यभेद. गौ खास मच्छली. गाई ।

प्रोथ–पु० न० कटी. स्त्रीगर्भ । कमर. औरत का हमल ।

प्लक्ष–पु० वृक्षविशेष । पाकड़ का पेड़ ।

प्लव–पु० पर्कटीवृक्ष (न) कैवर्तीमुस्तक. गन्धतृण । पाकड़ का दरखत. नागर मुस्ता. खस ।

प्लवग(म)–पु० वानर. भेक. सारथी. कैवर्तीमुस्तक । बन्दर. मेढ़क. गाड़ीवान् नागर मोथा. गुड़तजी ।

प्लि(प्ली)हा–स्त्री० रोगविशेष । तिल्ली की बीमारी. पिलही ।

प्लीहशत्रु–पु० शरपुङ्खा । सर्फोका का पेड़

प्लीहहन्त्री–स्त्री० हबुषा । हौहबेर ।

(फ)

फञ्जिपत्रिका–स्त्री० आखुपर्णी । मूसेकन्नी बूटी ।

फरञ्जी–स्त्री० भाङ्गी । भारंगी. बभनैटी।

फटा–स्त्री० दन्त. शरीर । दांत. देह ।

फणा–स्त्री० सर्प्पमस्तक । सांप का फन ।

फण(णा)धर–पु० सर्प्प. सांप ।

फणिज्झक–पु० मरुवक । मरुआ ।

फणिप्रिय–पु० वायु । हवा ।

फणिभृत्
फणिन् } –पु० सर्प । सांप ।

फणी–स्त्री० मरुबक । मरुआ ।

फल–न० शस्य. लाभ. फलक. कार्य्य. जातीफल. त्रिफला. कक्कोल. पूगफल. (पु) कुटजवृक्ष. अस्थिखण्ड. नागकेशर। अन्न. फल. नफा. ढाल. काम. जायफल. (आंवला १, हर २, वहेरा ३) शीतलचीनी. कुरैआ का पेड़. हड्डी का टुकड़ा. नागकेशर. सुपारी ।

फलकेशर–पु० नारिकेलवृक्ष । नारियल का पेड़ ।

फलगू–स्त्री० काष्ठोदुम्बरिका । कठूमरि ।

फलत्रिक–न० त्रिफला । (आंवला १,

हर २, बहेड़ा ३)।

फलपुच्छ—पु० एरण्डवृक्ष । एरण्डी का पेड़ ।

फलपुष्पा—स्त्री० पिण्डखर्जूरी. निम्बुक। पिण्ड खजूर. निंबू ।

फलपूरक—पु०बीजपूरक। बिजौरानिम्बू।

फलफिनी—स्त्री० मत्स्यविशेष। मछली ।

फला—स्त्री० शमीवृक्ष। छौकुरि का पेड़।

फलाध्यक्षा—स्त्री० क्षीरिणी । खिरनी ।

फलिनी—स्त्री० प्रियङ्गु । खुशबूदार चीज. गन्धप्रियंगू ।

फलेन्द्रा—स्त्री० फलेंद्राजम्बूवृक्ष । फेरद्- जामुनि का पेड़ ।

फलेपुष्पा—स्त्री० द्रोणपुष्पी । गूमा ।

फलेरुहा—स्त्री० पाटला । पाण्डरि ।

फाणि—पु० गुड़विकार. करम्भ. दधिसिश्रितसक्तु । गुड़ का सीरा. राब. दही सतुआ ।

फाणिज—न० गुड़विकारविशेष । फेणी ।

फाल—त्रि० कर्पासवस्त्र । सूती कपड़ा ।

फाल्गुन—पु० मासविशेष । फागुन का महीना ।

फाल्गुनानुज—पु० वसन्तकाल । बहार ।

फुत्कर—पु० अग्नि । आग ।

फेणिका—स्त्री० बुद्बुद । बुलबुला ।

फेणि(नि)—स्त्री० पक्वान्नविशेष । फेनी

फेन—पु० समुद्रफेन ।

फेनिल—पु० अरिष्टक। रीठा (न) कोल । बेरि ।

फेर(ण्ड)—पु० शृगाल। गीदड़. सिआर।

फेरव—पु० शृगाल. राक्षस। सिआर. दुष्टमनुष्य ।

फेरु—पु० शृगाल.वञ्चक। सिआर.फरेबी।

फेल(क)—न० भुक्तसमुज्झित (स्त्री)(लि= ली=लिका) । जूठ ।

(ब)

बडवा—स्त्री० घोटकी । घोड़ी ।

ब(व)दरा—स्त्री० अश्वगन्धा.क्षीरविदारी। असगंध. विदारी कंद ।

ब(व)दरामलक—न० प्राचीनामलक । बड़ा आमला ।

ब(व)दरी—स्त्री०। कोल बैरि ।

ब(व)दरीफला—स्त्री० नील शेफालिका। संभालू ।

ब(व)द्धफल—पु०करञ्जवृक्ष। करंजुआ कंज।

ब(व)द्धशिखा—स्त्री० उच्चटा । सफेद या लालरत्ती ।

बधिर—त्रि० श्रवणेन्द्रियरहित। बहिरा ।

बन्ध—न० सीसक(स्त्री)(न्धनी) चर्म्मरज्जु। सीसा. चमड़े की रस्सी ।

बन्धन—न० रज्वादिना । बांधना ।

बन्धु—पु० वृक्षविशेष "बन्धुआलो" दरखत

बन्धुजीव—पु० जया। गेजुनिआ. दुपहरिआ का पौधा ।

बन्धुर(ल)—न० स्त्रीचिन्ह (पु) तिलकल्क. बिडङ्ग. बकपक्षी. बन्धुजीववृक्ष (स्त्री) (रा) सक्तुक.औरत की निशान. खली. वायविडङ्ग. बगुला. दुपहरिया. सत्तू ।

बन्धूक—पु० बन्धुजीवपुष्पवृक्ष । गुलेदुपहरिया का पौधा ।
बन्धूकपुष्प—पु० असनवृक्ष । विजैसार ।
बन्धूलि—स्त्री० पु० बन्धुजीवपुष्पवृक्ष । गुलदुपहरी ।
बन्ध्य—त्रि० फलशून्यवृक्ष । विना फल के पेड़. बञ्जर ।
बन्ध्याकर्कोटकी } वृक्षविशेष । बांझककोड़बूटी. बांझ खेखसा ।
बन्ध्याकर्कोटी
ब(व)ब्बूल—पु० किङ्किरातवृक्ष । बबूल का पेड़. कीकर का पेड़ ।
बभ्रु—पु० नकुल. वह्नि(त्रि) खञ्ज । नेउला. आतिश. मसोला ।
बर—न० कुङ्कुम. आर्द्रक. (स्त्री०) (रा) त्रिफला । केशर. अदरक. आमला. हरड़. बहेरा ।
बर्बट—पु० राजमाष (स्त्री) (टा) वेश्या । रवांह. कंचनी ।
बल—न० गन्धरस. शुक. देह. पल्लव. रक्त, (पु) काक. ‹वरुण (ल्ल) वृक्ष. (स्त्री) (ला) क्षुद्रवृक्षविशेष । शिलारस. मोटाई. तोता. जिस्म. पत्ता. खून. कौवा. खास दरख्त. खास छोटा पौधा ।
बलभद्रा—स्त्री० त्रायमाण । त्रायमणा ।
बलतरु—पु० बरबेल ।
बलरसा—स्त्री० गन्धक ।
बलाका—स्त्री० बकजातिविशेष । बगलों की किसम ।
बलाट—पु० मुद्ग । मूंग ।
बलामोटा—स्त्री० नागदमनीलता ।
बलाय—पु० वरुणवृक्ष ।
बलाहक—पु० मेघ. मुस्तक । मेह. नागरमोथा ।
बलि—पु० चामरदण्ड (स्त्री) जराद्वारालोलितचर्म्म. जठरावलि. गुह्याङ्कुर. गन्धक । चवर की दण्डी. झुरी. पेट की लकीर. सुफरह. गन्धक ।
बलिन्—त्रि० बलवान (पु) ऊंट. भैंसा. सूअर. श्लेष्मा. नाग ।
बलिपुष्ट } पु० काक । कौआ ।
बलिभुज्
बलि(ली)मुख—पु० वानर । बन्दर ।
बलीवर्द—पु० वृष । बैल ।
बल्य—न० शुक्र(स्त्री)अश्वगन्धा. अतिबला. प्रसारणी । नुतफह. असगन्ध. कंकई. गन्धपसारणि ।
बष्क(स्क)यिणी (नी)—स्त्री० चिरप्रसूता गौ । बहुत रोज की व्याई गाय ।
बष्कयिणीदुग्ध—न० चिरप्रसूतागोदुग्ध । वकन्न का दूध ।
ब(व)हुकर्णिका—स्त्री० मूषिककर्णी । मूसेकन्नी बूटी ।
ब(व)हुत्वच्—पु० भूर्जवृक्ष । भोजपत्ते का पेड़ ।
ब(व)हुदुग्ध—पु० गोधूम(स्त्री)(ग्धा) प्रचुरक्षीरवती गौ. स्नुहीवृक्ष । गेहूं. बहुत दूध देने वाली गाय. सेहुण्ड का पेड़ ।

ब(व)हुपर्णी—स्त्री० मेथिका. वनमेथिका। मेथी. वनमेथी।

बहुपत्रा—स्त्री० भूम्यामलकी। भूआमला

ब(व)हुपाद्(द्)—पु० वटवृक्ष। बड़ का दरख्त।

ब(व)हुपुत्रिका—स्त्री० मेथिका. वनमेथिका। मेथी वनमेथी।

ब(व)हुपुष्पी—स्त्री० धातकी। धवई. धव के फूल।

ब(व)हुफला—स्त्री० भूम्यामलकी। भूआमला।

ब(व)हुमञ्जरी—स्त्री० तुलसी। तुलसी का पौधा।

ब(व)हुमूलक—न० उशीर। खस्स।

ब(व)हुरूप—पु० सर्जरस. केश। राल. बाल।

ब(व)हुरोमन्—पु० मेष। मेढ़ा।

बहुल—व्य० अनेकसंख्यान्वित (पु) अग्नि. कृष्णवर्ण(न)आकाश.(स्त्री)(ला)नीली. नीलवर्णगौ. एला। कई तरहसे. आग. स्याहरंग. आसमान. नील का पौधा. काली गाय. इलायची।

बहुलगन्धा—स्त्री० एला। इलायची।

ब(व)हुलच्छद—पु० रक्तशोभाञ्जन। लाल सोहांजना।

ब(व)हुवार—पु० भूतवृक्ष। बहुआर।

ब(व)हुबीजा—स्त्री० मेथिका। मेथी. वनमेथी।

ब(व)हुवीर्य्या—स्त्री० भूम्यामलकी. भूआमला।

ब(व)हुशल्य—पु० रक्तखदिर। सुरखखैर

ब(व)हुस्रवा—स्त्री० सालभेद। शालई।

ब(व)हुसुता—स्त्री० शतमूली. शतावरी। छतावरि।

बाजि—पु० घोटक। घोड़ा।

बाण—पु० शर. गोस्तन. मुञ्ज। सरपत. तीर. गाय का थन. मूंज घास।

बाणाह्वय—पु० नीलकुरण्टक। नील करसैला।

बाणीर—पु० बेतस। बेद।

बाधिर्य्य—न० श्रवणशक्तिराहित्य. रोगभेद। बहिरापन।

बाल—पु० न० नेत्रबालक,(पु)केश. नारिकेल (स्त्री) एला। सुगन्धबाला. बाल. नारियल. इलायची।

बालक—पु० न० नेत्रबालक। सुगन्धबाला. लड़का।

बालजीवन—न० स्तन्य। दुग्ध।

बालपत्र—पु० खदिर। खैर।

बालबिल्वफल—न० बिल्वपेशी। कच्चाबेल

बालमूलिका—स्त्री० माचिका। केवैया।

बालार्क—पु० श्वेतार्क. रक्तार्क। सुफेद. लाल आक का पेड़. मदारे का पेड़।

बालु } पु० "एलबालुक" नामगन्धद्रव्य
बालुक } सकता। एलाबालुक. बालू।

बालेय—पु० अङ्गारवल्लरी. कोसचीमुस्ता। गुड़तजी. कोसची मुस्था।

बुक्क—न० हृदयस्थमांसपिंड. हृदय (पु)

समय. छाग. (स्त्री०) (क्का) शोणित । दिल का टुकड़ा. दिल. वक्त. बकरा. खून ।
बुधरत्न—न० मरकतमणि । पन्ना ।
बुध्न—न० वृक्षमूल । पेड़ की जड़ ।
बुभुक्षा—स्त्री० भोजनेच्छा । भूख ।
बुस (ष)—न० फलरहितधान्य. जल । तुस. पानी ।
बोधन—न० विज्ञान. जागरण (स्त्री) (नी) पिप्पली. मेथिका. वनमेथिका. ज्ञान. जागना. पिपली. मेथी. वनमेथी
बोधि—पु० अश्वत्थवृक्ष । पीपल का दरखत ।
ब्र (ब्र) ध्न—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । सूरज. आक का पौधा ।
ब्रह्मकुशा—स्त्री० अजमोदा । अजमोद ।
ब्रह्मचारिन्—पु० प्रथमाश्रमी (स्त्री) (णी) ब्रह्मचारिणी. ब्राह्मणयष्टिवृक्ष ।
ब्रह्मजटी—स्त्री० दवनकवृक्ष । दवना ।
ब्रह्मतीर्थ—न० पुष्पकरमूल ।
ब्रह्म(ब्रह्म)दर्भा—स्त्री० यवानी। अजवैन।
ब्र (ब्र) ह्मदारु—पु० अश्वत्थाकारवृक्ष-विशेष । सहतूत. पलाश का पेड़ ।
ब्र(ब्र)ह्मपादप—पु० पलाशवृक्ष । पलाश का दरखत ।
ब्र (ब्र) ह्मपुत्र—पु० विषभेद । जहर की किसम ।
ब्र (ब्र) ह्मवृक्ष—पु० पलाश । छीऊलु ।
ब्र (ब्र)ह्मरीति—न० काचीपीतल ।
ब्र (ब्र) ह्मसुदुर्लभा—स्त्री० सूर्य्यभक्ता । सूर्यमुखी. द्वितीयहुरहुर ।
ब्राह्मणयष्टिका—स्त्री० भार्गी । बभनेठी ।
ब्राह्मणी—स्त्री० लाक्षा. लंकोइकपुरी । लाख. खासभाग ।
ब्राह्मी—स्त्री० ख्यातप्रख्यात औषध । खास बूटी । बरभी ।

(भ)

भक्त—पु० न० अन्न. ओदन । अनाज. भात ।
भक्तमण्ड—पु० न० ओदनमण्ड । चावलों का मण्ड ।
भक्ष्यपत्र—स्त्री० ताम्बूली । पान की बेल
भक्कुर—पु० भाकुरमच्छली ।
भगन्दर—पु० स्वनामख्यातरोगभेद । गुदा पर का फोड़ा ।
भगाङ्कुर—पु० अर्शरोग । बवासीर की बीमारी ।
भङ्गुरा—स्त्री० अतिविषा । अतीस ।
भङ्गा—स्त्री० मातुली. शणाख्यशस्य. त्रिवृता. विजया । विजौरा. सन. तेउड़ी. निसोथ. भाङ्ग ।
भङ्गुरा—स्त्री० प्रियङ्गु. अतिविषा । खुशबूकारबीज. अतीश. मेहदी के बीज ।
भञ्जन—न० शिरःकर्णादिरामर्दनम् ।
भञ्जनक—पु० बड़ीपीड़ा हो दांत टूटजाय और मुह टेढ़ा हो ।
भटा—स्त्री० इन्द्रवारुणी । इन्द्रोरनि की बेल ।
भटित्र—न० शूलपक्वमांसादि । कबाब ।

भण्टाकी } –स्त्री० वार्ताकी. बृहती ।
भण्टिका } बैंगनका पौधा.बड़ीभटकटैया
भण्ड } –पु० शिरीष । सिरसा ।
भण्डिल }
भण्डी–स्त्री० मञ्जिष्ठा. शिरीष. श्वेता-
त्रिवृता । मजीठ. सेरसा. सुफेदनिशोथ
भण्डीतकी–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मजीठ ।
भण्डीर–पु० शिरीष. तण्डुलीयशाक ।
सिरीस का पेड़. चवराई का शाग ।
भण्डीरी–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मजीठ ।
भद्र–न० मुस्तक. स्वर्ण. (पु) वृष. ख-
ञ्जन. कदम्ब. मुस्था. सोना. बैल ।
ममोला. कदम का पेड़ ।
भद्रज–पु० इन्द्रयव । इन्द्रजौ ।
भद्रतर्णि–पु० कुब्जक। कूजाका फूल का पेड़
भद्रपर्णी–स्त्री० गम्भारी. गन्धप्रसारणी ।
खम्भारि. गन्धपसारणि ।
भद्रमल्लिका–स्त्री० नवमल्लिका । मालती ।
भद्रमुञ्ज–न० शर । सरपत ।
भद्रमुस्त–न० नागरमुस्था । नागरमोथा ।
भद्रयव–पु० इन्द्रयव । इन्द्रजौ ।
भद्रवती–स्त्री० कटफल । कायफर ।
भद्रश्रय } –न० चन्दन । सन्दल ।
भद्रश्री } –पु० चन्दन । संदल का पेड़ ।
भद्रा–स्त्री० चन्द्रसुर. कटफल. गन्धप्र-
सारणी । चन्दसुर. कायफर. गन्धप-
सारणि ।
भद्राली–स्त्री० गन्धालीलता । गन्धप्र-
सारणी ।

भद्राश्रम–पु० चन्दन । संदल ।
भद्रैला–स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलायची ।
भरद्वाज–पु० पक्षीविशेष । अगनचिड़िया
भर्मन्–न०स्वर्ण. धत्तूर । सोना. धत्तूरह ।
भल्लात } –पु० भल्लातकवृक्ष । भिला-
भल्लिका } वें का दरखत ।
भल्ली } –स्त्री० ”
} – ” ” ”
भल्लु–(ल्लू)क–पु० ऋक्ष । भालू ।
भवा–स्त्री० मेदा औषध. मूषककर्णी ।
मुसाकन्नी ।
भष(क)–पु० कुक्कुर । कुत्ता ।
भषत्–पु० काष्ठ. जङ्घा. अन्तःकरण ।
लकड़ी. जांघ. दिल ।
भसन–पु० भ्रमर । भौंरा ।
भसित–न० छाई । राख ।
भस्मक–पु० रोगविशेष. विडंग. कल-
धोत. टङ्कण । एक बीमारी जिस्में
जितना चाहो खाओ मगर भूख बनी
रहै. वायविडंग. सोना. सोहागा ।
भस्मगन्धा–स्त्री० रेणुका औषध ।
भस्मगर्भा–स्त्री० शिंशिपा । शीशव ।
भस्माह्वय–पु० कर्पूर । काफूर ।
भाकट } –पु० मत्स्यविशेष । भाकर.
भाकुट } मच्छली ।
भाकोष–पु० सूर्य । आफताब ।
भाजन–न० पात्र.आढकपरिमाण । वर्तन ।
भात–पु० प्रभात. दीप्त. अन्न । सुबह.
चमकदार. भात ।

भातु–पु० सूर्य्य. दीप्ति । आफताब. चमक.
भाद्र–न० नभस्य । भादों का महीना ।
भानु
भानुमत्
भानेमि
भाम
} पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताब. आक का पेड़ ।
भारङ्गी–स्त्री० भार्गी । बभनेठी. भारंगी ।
भारद्वज–न० अस्थि (पु०) व्याघ्राटपक्षी (स्त्री) (जी) कार्पासविशेष ।
भारवा–स्त्री० तुलसीवृक्ष ।
भारि–पु० केशरी । शेर ।
भार्गवी–स्त्री० नीलदूर्वा । स्यामदूब ।
भार्गी–स्त्री० भारङ्गी । भारंगी ।
भाल–न० कपाल. तेज । माथा. चमक ।
भालाङ्क–पु० करपत्र. शाकविशेष. रोहितमत्स्य. कच्छप । मंडासी. रोहूमच्छी. कछुआ ।
भालू–पु० ऋक्ष । रीछ ।
भास–पु० प्रभा. गोष्ठ. कुक्कुर. गोकुनचारी गृध्रविशेषः गृध्र. शकुन्त । चमक. गोशाला. कुत्ता. गीध. परिन्दह ।
भासन्त
भासु
} पु०–सूर्य्य आफताब ।
भासु (स्व) र–न० कुष्ठौषधि. (पु०) स्फटिक । कूठ दवाई. बिल्लौर ।
भास्कर–पु० सूर्य्य. अग्नि. वीर. अर्कवृक्ष. (न) सुवर्ण । आफताब. आग. बहादुर. आक का पेड़. सोना ।
भिक्षु–स्त्री० मुण्डी. कोकिलाक्ष । गोरखमुण्डी. तालमखाना ।
भिण्ड–पु० भिण्डवृक्ष. शाकविशेष(स्त्री) (ण्डा) । रामतुरई ।
भिन्दुर–न० वज्र (पु०) प्लक्षवृक्ष । पाकड़ का दरखत ।
भिन्ध्य–पु० कुरण्टकवृक्ष । सुपेदकरसैला
भिन्न–न० क्षतरोगविशेष । खास बीमारी ।
भिन्नयोजिनी–स्त्री० पाषाणभेदऔषध ।
भिल्ली–स्त्री० लोध्रवृक्ष । लोध का दरखत
भिषज्–पु० वैद्य । तबीब ।
भिषङ्माता–स्त्री० वासा । रूसा ।
भिष्यिका–स्त्री० दग्धान्न । जलाहुआभात
भिस्साण्ड–न० भिसण्ड । भसेड़. कमल की जड़ ।
भिस्सटा–स्त्री० दग्धान्न । जलाहुआभात ।
भित्सा–स्त्री० अन्न. भक्त । भात ।
भिस्सा–स्त्री० अन्न. भक्त । भात ।
भीरु–(लु) त्रि० भयशील. (स्त्री) भयशीला(स्त्री). अजा. छाया. (स्त्री). शतावरी. (पु) शृगाल. व्याघ्र. इक्षुविशेष । डरपोक. बकरी. सायासिआर. बाघ. पौंड़ा. छतावरि ।
भीरु(लु) क–न० वन. पु० पेचक. इक्षुविशेष । (त्रि०) भययुक्त । जङ्गल. उल्लू. एक खासगन्ना. डरपोक. भरेरी जंख ।
भीष्मरत्न–न० एकरत्न जो सुपेद रङ्ग का हिमालय के उत्तर में पैदा होता है ।
भुज–पु० स्त्री (जा)बाहु. कर. भृष्टतण्डुल. बाजू. हाथ. भुजे चावल ।
भुजकोटर–पु० वक्ष । बगल ।

भुजग } पु० सर्प्प । सांप ।
भुजङ्ग }
भुजङ्गभुक्–पु० मयूर । मोर ।
भुजङ्गम–पु० सर्प (न०) सीसक । सांप. सीसा ।
भुजङ्गहन्–पु० गरुड़. मयूर । पिच्छैयाढक. मोर ।
भुजङ्गाक्षी–स्त्री० रास्नाभेद । नाइकावृक्ष
भुजि–पु०वह्नि । आग. आतिश ।
भुजिष्य–पु० स्वतन्त्र. दास. रोगविशेष । (ष्या) दासी. वेश्या ।
भूकदम्बिका–स्त्री० मुण्डी । गोरखमुण्डी ।
भूकेश–पु० शैवाल. वटवृक्ष । सेवार. बरगद का पेड़ ।
भूगर–न० विष । ज़हर. संखिया ।
भूजम्बू–न० स्त्री० गोधूम. विकङ्कलफल । गेहूं कण्टाई का फल ।
भूतघ्न–पु० उष्ट्र. लसुन. भूर्जपत्र. (स्त्री) (घ्नी) तुलसी (त्रि) भूतनाशक । ऊंट. लहसन. भोजपत्ता. तुलसी. भूतों को नाश करने वाला ।
भूतजटा–स्त्री० जटामांसी । जटामासी ।
भूतनाशन–पु० भल्लातकवृक्ष. सर्षप. भूतहन्ता (न) रुद्राक्ष । भिलावे का दरखत. सरसों. भूतों के तबाह करने वाला. रुद्राक्ष ।
भूतवास–पु० विभीतक । बहेरा ।
भूतवृक्षक–पु० बट्टालवृक्ष । बहुआर ।
भूतहर–पु० गुग्गुलु । गूगल ।
भूतारि–त्रि० हिङ्गु. भूतशत्रु । हीङ्ग. भूतों का दुश्मन ।
भूतावास–विभीतकवृक्ष. शाखोटवृक्ष । बहेड़े का पेड़. सहोरा का दरखत ।
भूति–स्त्री० भस्म. रोहिषतृण । राख. हरद्वारीकुश. सोधियाघास ।
भूतिक(ती)–न० भूनिम्ब । चिरायता. अजवाइन ।
भूतीक–न० रोहिषतृण । हरद्वारीकुश. सोधिया. भूघास. खुम्ब (कुकुरमुत्ता)
भूत्तम–न० सुवर्ण । सोना. ज़र ।
भूधरी–स्त्री० मूषाकर्णी । मुसेकन्नीबूटी ।
भूधात्री–स्त्री० भूम्यामलकी । भुईंअंवला
भूनिम्ब–पु० कैरातक । चिरायता ।
भूपति–पु० ऋषभनामौषधि. राजा ।
भूपदी–स्त्री० मल्लिकापुष्पवृक्ष । मालती का पौधा ।
भूमि(मी)–स्त्री० पृथिवी. स्थानमात्र. जिह्वा । ज़मीन. जगह. जीभ ।
भूमिखर्जूरिका–स्त्री० क्षुद्रखर्जूरिका । छोटी खजूरि ।
भूमिछत्र–न० शिलींध्रक । धरती का फूल. खुम्ब ।
भूमिज–न० गौरसुवर्ण ।
भूमिरस–पु० इक्षु । ऊख ।
भूमिलेपन–न० गोमय । गोबर ।
भूमिवल्ली–स्त्री० कर्कोटकी । खेखसा ।
भूमितःस्वयंजात–न० पांशुलवण । लोना का निमक ।

भूमीसहा–स्त्री० नरिदारु । भुइसहा का पेड़ ।

भूम्यामलकिका } स्त्री० भूधात्री । भुइ-
भूम्यामलकी } आंवला ।

भूरि–न० स्वर्ण । सोना ।

भूरिगमा–स्त्री० गर्द्दभ । गधा ।

भूरिप्रेमन्–पु० चक्रवाकपक्षी । चकही चकहा ।

भूरिफेना–स्त्री० शातला । पीलेफूल वाले सेहुण्ड की जड़ ।

भूर्ज–पु० भूर्जपत्रवृक्ष । भोजपत्ते का पेड़ भोजदरखत ।

भूर्जचर्म्मी–स्त्री० भूर्जपत्र । भोजपत्र ।

भूर्जपत्र–पु० भूर्जपत्र । भोजपत्र का पेड़ ।

भूतविद्या–स्त्री० भूतानि देवासुरगन्धर्वयक्षरक्षः पितृनागपिशाचाग्रष्टौ. तान् वेत्ति अनयाइति भूतविद्या । अथवा भूतावेशापकरणार्था विद्या भूतविद्या ।

भूतृण–न० भूतृण । भूघास ।

भृकुटि(टी)–स्त्री० भ्रूकुटी । भौंह ।

भृगुभवा–स्त्री० भार्गी । भारंगी. बभनेठी

भृङ्ग–न० त्वच. अभ्रक (पु) भ्रमर (त्रि) लम्पट. भृङ्गराज । खाल.अभरक. भौंरा. अय्याश.घमूड़ी. चाकसू. घमिरा. तज ।

भृङ्गपर्णिका–स्त्री० सूक्ष्मैला । छोटी इलायची ।

भृङ्गप्रिया–स्त्री० माधवीलता ।

भृङ्गरज } पु० भृङ्गार. कालचटक ।
भृङ्गराज } घमिरा.भङ्गरा. गरगवापक्षी ।

भृङ्गार–न० लवङ्ग. सुवर्ण(पु) भृङ्गराज । लौंग. सोना. घमिरा ।

वक्र–पु० पर्पट । पित्तपापरा ।

वक्रतुण्ड–पु० शुकपक्षी । तोता ।

वक्रवक्त्र–पु० शूकर वराह । सुअर ।

वक्षोरुह–पु० स्तन । पिस्तान ।

वङ्ग–पु० धातुविशेष. त्रपु. वृन्ताक. कर्पास । राङ्गा. सीसा. वेंगन. कपास ।

वङ्गज–न० सिन्दूर । सिन्धूर ।

वङ्गन–पु० वृन्ताक । वेंगन ।

वङ्गसेन–पु० अगस्त्यवृक्ष । अगस्तिका पेड़ ।

वङ्गारि–पु० आल । हरिताल ।

वच–पु० कीरपक्षी. षड्ग्रन्था । तोता. वच बूटी ।

वचण्डी–स्त्री० शारिकापक्षिणी । मयना

वचन–न० शुण्ठी । सोंठि ।

वज्र–पु० न० रत्नविशेष (त्र) धात्री काञ्जिक. वज्रपुष्प. लौहविशेष. अभ्रविशेष । हीरा. आंमला. कांजी. सेहुंड़पुष्प. खेड़ीलोहा. अभ्रक ।

वज्रचर्म्मन्–पु० खड्ग । गैंड़ा ।

वज्रदन्त–पु० शूकर. मूषिक । सूकर. मूसा

वज्रद्रुम–पु० सेहुण्डवृक्ष । सेंहुड़ का पेड़ ।

वज्ररद–पु० शूकर । सुअर ।

वज्राङ्गी } –स्त्री० सेंहुण्ड । सेहुड़ का पेड़ ।
वज्री }

वञ्जुल–पु० तिनिशवृक्ष. अशोकवृक्ष. वेतसवृक्ष. वकुलवृक्ष. पक्षिविशेष. स्थलपद्मवृक्ष (स्त्री) (ला) बहुदुग्धा गौ ।

वट–पु० वटवृक्ष. कपर्द्द । वर का पेड़. कौड़ी ।

वटक–पु० पिष्टकविशेष. अष्टमासकपरिमाण(स्त्री) (टका. टिका) । बड़ा. आठ मासा. गोली ।

वटपत्रा–स्त्री० वर्वरी । ववई ।

वटपत्री–स्त्री० वटपत्री ।

वटर–पु० कुक्कुट । मुर्गा

वटि–स्त्री० उपजिह्विका । काकली ।

वड़वा–स्त्री० घोटकी । घोड़ी ।

वडवाक्षीर–न० घोटकीदुग्ध । घोड़ी का दूध ।

वत्सक–न० पुष्पकासीस. सीसा. (पु०) कुटज. इन्द्रयव. वत्स । हीराकशीश. सीसा. कुरैया. इन्द्रयव. वछड़ा ।

वत्सनाल–पु० विषवृक्षविशेष । वच्छनागज़हर ।

वत्सादिनी–स्त्री० गुडूची । गुरच. गिलोय

वदर–न० कर्पासफल. सेविफल. (स्त्री) (रा) वराहक्रान्ता.कार्पासी.एलापर्णी. विष्णुक्रान्ता (स्त्री) (रि) कोलिवृक्ष । वेनवर. सेवि. विदारीकन्द. कपास. रहसनि. विष्णुक्रान्ता. बेरि का पेड़ ।

वदाम–न० फलविशेष । बदाम ।

वदाल–पु० मत्स्यविशेष ।

वधू–स्त्री० गन्धपलाशी. लङ्कोइकपुरी । गंधपलाशी. लंकोइकपुरी. शाग ।

वध–न० सीसक । सीसा ।

वन–न० स्त्री० अटवी. (न) जल । जंगल. पानी ।

वनकोद्रव–पु० वनकोद्रव । कोदंव ।

वनज–न० अम्बुज. (पु) मुस्तक. गज. तुम्बुरु । कमल. मुत्था. हाथी. तुम्बुरुवीज ।

वनद–पु० मेघ । बादल ।

वनमुच् (मूत)–पु० मेघ । बादल ।

वनमुद्ग–पु० मोठधान्य । मोथी ।

वनशृङ्गाट–पु० गोक्षुरु । गुखुरु ।

वनस्पति—पु० विनापुष्पफलयुक्तवृक्ष. स्थालीवृक्ष. वटवृक्ष । नवातात. वर का वृक्ष ।

वनहरिद्रा–स्त्री० अरण्यजातहरिद्रा । वनहल्दी ।

वनहास–पु० काशतृण. कुन्दपुष्प । काहीघास. कुन्दका फूल. काशघास ।
वनाखु–पु० शशक । खर्गोश ।
वनाहिर–पु० शूकर । सुअर ।
वन्दनीय–त्रि० स्तवनीय (पु) पीतभृङ्गराजवृक्ष (स्त्री) (या) गोरोचना । तारीफ के लायक. पीलाघमिरा. गोलोचना ।
वन्द्या–स्त्री० गोरोचना । गोलोचना ।
वन्ध्याकर्क्कोटकी–स्त्री० कर्क्कोटकी । बांझखेखसा ।
वन्धुजीव–पु० जपा । दुपहरिया फूल का पेड़ ।
वन्धूक } पु० असन । विजैसार ।
वन्धूकपुष्प }
वन्य–न० त्वच (पु) वनशूरण (स्त्री) (न्या) मुद्गपर्णी. गुञ्जा. भद्रमुस्ता. गन्धपत्रा. चमड़ा. जंगलीशूरण. वनमूंग. रत्ती. मुस्था. नागरमोथा ।
वह्निज्वाला–स्त्री० धातकी । धवई. धौके फूल ।
वह्निवक्त्रा–स्त्री० लाङ्गली । करिहारी ।
वह्निशिख–न० कुसुम्भ । कुसुम ।
वनौक–पु० वानर ।
वपुस्–न० शरीर । जिसम ।
वप्र–न० सीसक (स्त्री) (प्रा) मञ्जिष्ठालता. (स्त्री) (प्री) वल्मीक । सीसा. मञ्जीठ. बेंबउरू ।
वमन–न० छर्द्दन. (पु०) सन. (स्त्री०) (नी) जलौका । कै. सन. जोंक ।
वम्भ–पु० वंश । बांस ।
वम्भर–पु० मधुमक्षिका । शहदकीमक्खी.
वम्भराली–स्त्री० मक्षिका । मक्खी ।
वम्री–स्त्री० वल्मीक । बेंबउरि ।
वयस्था–स्त्री० आमलकी । हरीतकी. गुडूची. काकोली. सूक्ष्मैला. शाल्मली । आंमला. हरीड़. गुरच. काकोली. छोटी इलायची. सिम्बल का पेड़ ।
वर–न० कुंकुम. त्वच. आर्द्रक. (पु०) गुग्गुल । केसर. छाल. अदरक. गूगल ।
वरट–न० कुन्दपुष्प. (पु) हंस, (स्त्री) (टा) (टी) हंसी. गन्धोली. कुसुमबीज । कुन्द का फूल. हंसी. वर्रै ।
वरिट्टका–स्त्री० कुसुम्भबीज । कुसुम के बीज ।
वरण–पु० वरुणवृक्ष । वरुण का पेड़ ।
वरण्ड–पु० मुखरोग. (स्त्री) (ण्डा) सारिका । मुंह की बीमारी. मयना ।
वरतिक्त–पु० कटुजवृक्ष. किरातवृक्ष. द्वनपापरा । कौरैआ का पेड़. चिरायते का पेड़ । पित्तपापरा ।
वरतिक–पु० पाढ़ा । पाढ़ा ।
वरदा } स्त्री० सूर्यभक्ता. अश्वगन्धा ।
वररा } हुरहुर. असगन्ध ।
वरवर्णिनी–स्त्री० अत्युत्तमा स्त्री. लाक्षा. हरिद्रा. रोचना । नेक औरत. लाख. हल्दी. गोरोचन ।
वराङ्ग–न० मस्तक. गुह्य. योनि. तज.

ककुष्ट. (स्त्री) (ष्टी) हरिद्रा. श्रेष्ठाङ्ग-युक्ता। माथा. गुदा. कुश. तज. सुदर्शङ्क. हल्दी. उमदः उजब्रवाली ।

वराट(क) पु० कपर्दक. रज्जु. पद्मबीज. (स्त्री) (का) कपर्दिका। कौड़ा. रस्सी. कमलवीज. कौड़ी ।

वरारक–न० हीरक । हीरा ।

वराशि–पु० स्थूलवस्त्र । मोटा कपड़ा ।

वरासन–न० उड्रपुष्प। जवापुष्प। दुपहरिया का फूल ॥

वराह–पु० शूकर. मुस्ता. शिशुमार(स्त्री) (ही) भद्रमुस्ता। सूकर. मोथा. मगर. नागरमोथा ।

वराहकर्णी–स्त्री०लघुदन्ती। छोटीदन्तूनि

वरिष्ट–न० ताम्र. मरिच. (पु) तित्तिरिपक्षी । तांवा. स्याह मरिच. तीतर ।

वरी–स्त्री० शतावरी । छतावरि ।

वरी(ली)वर्द्द–पु० वृष । बैल ।

वरुण–पु० वरुणवृक्ष। वरुन का दरखत।

वरेण्य–न० कुंकुम । केसरि ।

वर्कर–पु० मेषशावक. छाग । मेढ़े का बच्चा. बकरा ।

वर्चस् } न० रूप. विष्ठा. दीप्त ।
वर्चस्क } हुसन. गूह. जर ।

वर्ण–न० कुङ्कुम । केसरि ।

वर्णक–न० हरिताल. चन्दन । हरताल. सन्दल ।

वर्णपुष्प–पु० वाणपुष्प । यह गौड़देशमें प्रसिद्ध है ।

वर्णरे (ले)खा–स्त्री० कठिनी । खड़ियामट्टी ।

वर्णसि–पु० जल । पानी ।

वर्णा–स्त्री० आढकी । पैमाना ।

वर्णि–न० स्वर्ण । सोना ।

वर्णिका–स्त्री कठिनी. मसि । खड़िया. स्याही ।

वर्णिनी–स्त्री० हरिद्रा । वनिता ।

वर्तक–पु० वर्तीकपक्षी । बटेर. पेढ़की ।

वर्तन–न० विवृत्तस्य वर्तुलीकरणं ।

वर्ताकु–पु० वृन्ताक । भांटा ।

वर्तिचटक–पु० अगेरापक्षी ।

वर्तिक } –पु० पक्षिविशेष। केगेरा. बटेर. पंडुकी ।
वर्तीक }

वर्तुल–पु० कलाय । मटर ।

वर्तुलातुम्बी–स्त्री० गृहतुम्बी । लौकी ।

वर्तुली–स्त्री० जलपिप्पली। जलपीपरि

वर्द्धन–पु० हवालगने से मसूढ़ो में वड़ा दर्द हो ।

वर्द्धमान–पु० श्वेतएरण्ड । सुपेद एरण्डा

वर्म्मि–पु० मत्स्यविशेष । मच्छली ।

वर्व्वट–पु० राजमाष (स्त्री) (टा) व्रीहिविशेष । पहाड़ी उरद. खासधान ।

वर्व्वणा–स्त्री० नीलमक्षिका। स्याह मक्खी

वर्व्वर–न० हिङ्गुल पीतचन्दन (पु) केश. वृक्षविशेष(स्त्री)(रा) पुष्पविशेष. शाकविशेष. मक्षिकाविशेष. क्षुद्रवृक्षविशेष. ईंगुरु. जर्दसन्दल. वाल. ववई. वरैया ।

वर्ब्बरी } —स्त्री० क्षुद्रवृक्षविशेष । न्य ज-
वर्ब्बा } बू. बबई ।
वर्व्वि—पु० घस्मर । भक्षक पेट ।
वर्षवर—पु० षण्ड । हिजड़ा ।
वर्षाभू—पु० भेक (स्त्री) भेकी पुनर्नवा । मेढ़क. मेढ़की. गदापुरैना बूंट ।
वर्षामद (मोद) —पु० मयूर । मोर ।
वर्षोपल—पु० करका । ओला. पत्थर ।
वर्ष्मन्—न० देह । जिस्म ।
वर्ह—न० मयूरपुच्छ. अग्नि । मोर. आगि
वर्हण—न० पत्र । पत्ता ।
वर्हिस्—पु० अग्नि. चित्रकवृक्ष (पु०न०) कुशतृण (न) ग्रन्थिपर्ण । आग. चित्रा का दरखत. कुसघास. गठिवन ।
वर्हिशुष्मन्—पु० अग्नि । आग ।
वर्हिष—न० तगर । तगर ।
वर्हिवर्ह—न० स्थौलेय । स्थौणेयघने ।
वर्हिष्ठ—पु० वालक । सुगंध वाला ।
वलय—पु० रोगविशेष । गले की बीमारी
वला(स)—पु० श्लेष्मा । कफ ।
वला—स्त्री० नागदमनी । वरिआरी ।
वलाचतुष्टय—न० (वला. अतिवला. नागवला. सहदेवी) । वरिआरी. ककई. गुरशंकरी. सहदेयी ।
वलासक—पु० कोकिल. भेक । कोइल. मेढक ।
वलाह—न० वारि । पानी ।
वलाहक—पु० मेघ. मुस्तक । वादल. नागरमोथा ।

वलि—न० गन्धक ।
वल्क—पु० लोध्र । पठानी लोध ।
वल्गु—पु० छाग । वकरा ।
वल्गुक—न० चन्दन । सन्दल ।
वल्वल—पु० तृणविशेष ।
वल्मि(ल्मी) क (कि)—पु० वामलूर । वँबउरि ।
वल्ल—पु०गुञ्जत्रयपरिमाण । तीनरत्ती भर
वल्लक—पु० भटवांसु (स्त्री) सालई ।
वल्लर—न० कृष्णागरु (स्त्री)(रि) चित्रमूललता । स्याह अगर. चीता ।
वल्या—स्त्री० धात्रीवृक्ष । आमले का दरखत ।
वशिका—स्त्री० अगरु । अगर ।
वशिर—न० सामुद्रलवण (पु) गजपिप्पली अपामार्ग. वचा । समुन्दरी निमक. गजपीपली. लटजीरा. बच ।
वश्य—न० लवङ्ग । लौंग ।
वसन्त—पु० अतिसार. ऋतुविशेष. रोगविशेष । इसहाल. वसन्त ऋतु चैत्र और वैशाख को कहते हैं शीतला की बीमारी ।
वसन्ततेल—पु० आम्रवृक्ष. कोकिल.(स्त्री) (ती) माधवीलता. पिकी । आम का पेड़. कोइल. माधवी वेल. कइली ।
वसा—स्त्री० मांसोद्भवधातुविशेष । चरबी
वसिर—न० सामुद्रलवण. गजपिप्पली । सामुन्दरी निमक. गजपिपरि ।
वसिरा—स्त्री० रक्तापामार्ग । सुर्खलटजीरा

वसु–न० रत्न. धन. वृद्ध्योषधि. जल (पु) वकुलवृक्ष. अनल । रत्न. जवाहर. वृद्धिदवाई. पानी. बड़ी मौलसिरी. आग ।

वसुक–पु० न० श्वेतार्कवृक्ष. (न) साम्भरी लवण. पांशव. वास्तूक(पु)शिवमल्ली. पुष्पविशेष । सुपेद मदार. साम्भरनिमक. खारी निमक. बथुई का साग. खास फूल ।

वसुच्छिद्रा–स्त्री० महामेदौषधि । महामेदा बूटी ।

वसुधा
वसुन्धरा
वसुमती } स्त्री० पृथिवी । जमीन ।

वस्त–छाग(न) गृह । बकरा. घर ।

वस्त–पु० छाग । बकरा ।

वस्तक–न० कृत्रिमलवण । बनावटी निमक ।

वस्ति–पु० स्त्री० नाभेरधोभागः । नाफ का निचला हिस्सा ।

वस्त्ररञ्जक–न० कुसुम्भ । कुसुम का पेड़ ।

वस्त्ररञ्जिनी–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मञ्जीठ ।

वहला–स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलायची ।

वहुलवल्कल–पु० प्रियालवृक्ष. सूर्य्यपत्रवृक्ष । चिरौंजी का पेड़. भोजपत्ते का दरखत ।

वन्हि–पु० चित्रक. भल्लातक. निम्बक. अग्नि । चित्रा. भिलावा. नीम. आगि ।

वन्हिगर्भ–पु० वंश(स्त्री)(र्भा) शमीवृक्ष । बांस. जण्डी अर्थात् छीकुरि का दरखत ।

वन्हिनी–स्त्री० जटामांसी । जटामासी बूटी ।

वाः–न० जल । पानी ।

वाकुची–स्त्री० सोमराजी । बकुची का दरखत ।

वागुण–पु० वार्ताकु । बैंगन. भांटा ।

वाचस्पतिवल्लभा–स्त्री० पुषराजरत्न ।

वाज–न० अन्न. जल. घृत । अनाज. पानी. घी ।

वाजिदन्ता–स्त्री० वासक । रूसा. रूसाह

वाजिन्–पु० घोटक (स्त्री) अश्वगन्धा । घोड़ा. असगंध ।

वाजिन–न० आमिक्षानिःसृतजल । खिरणी से निकला हुआ जल ।

वाजिभक्ष–पु० चणक । चना. लहिला बूंट ।

वाजीकरण–न० वीर्य्यवृद्धिकारकऔषधि । मनी को बढ़ाने वाली दवाई ।

वाजीकरणतन्त्र–न० येन नरः स्त्रीषु विषये वाजीव सामर्थ्यं प्राप्नोति तद्वाजीकरणम् । येनात्यर्थमुव्यज्यते स्त्रीषु तद्वाजीकरणं व्यजनं वाजो वेगः प्रसरत्वात् शुक्रस्य स विद्यते येषां ते वाजिनः अवाजिनो वाजिनः क्रियन्तेऽनेनेति वाजीकरणम् । अन्ये तु वाजिशब्देन शुक्रमभिधीयते तेन शुक्ररहितस्य वाजि शुक्रं क्रियतेऽनेनेति वाजीकरणम् तदर्थं तन्त्रं वाजीकरणतन्त्रम् ।

वाटवा–स्त्री० वृक्षविशेष । वैडियाला-पौधा ।

वाटवाल(क)–पु० वृक्षविशेष(स्त्री)(ली)।

वाण–पु० गोस्तन. वह्नि. भद्रमुञ्ज। गाई के थन. आग. मूंज।

वातक–पु० असनपर्णी। जार।

वातघ्नी–स्त्री० शालपर्णी. अश्वगन्धावृक्ष। सरिवन. असगन्ध।

वातज्वर–पु० शरीर कांपे. ज्वर का वेग विषम हो. कण्ठ ओष्ठ और मुख सूखे. निद्रा न पड़े. छींक न आवे.गात्र रूखा रहे. शिर हृदय गात्र में पीड़ा रहे. मुंह फीका. कब्जियत रहे पेट में गुड़२ बोले जम्भायी आवें।

वातपित्तज्वर–पु० जृंभा. आध्मान.कम्प. पर्वभेद. तृट्प्रलाप. अभिताप।

वातपित्तकफज्वर–पु० सर्वज्वर। सान्निपातिकज्वर। जिसमें निद्रा नाश.भ्रम. प्रवास. तन्द्रा.सुप्तांगता. अरुचि. तृष्णा. मोह. मद. स्तम्भ. दाह. शीत. हृदिव्यथा. उन्माद. श्यावदन्तता. रसनापरुषाकृष्णा. सन्धिमूर्द्धास्थिजा रुजः. निर्भुग्ने कलुषे नेत्रे.कर्णौ शब्दरुजान्वितौ प्रलापः. स्रोतसां पाकः. कूजनं. चेतनाच्युतिः. स्वेदमूत्रपुरीषाणामल्पशः।

वातश्लेष्मज्वर–पु० शूल. काश. कफोत्क्लेश. शीत वेपथु. पीनस। गौरव. अरुचि विष्टंभ।

वातपोथ–पु०पलाशवृक्ष। पलाशका पेड़।

वातवैरी–स्त्री० बादाम।

वातरक्त–पु०रोगभेद। गठिया की बीमारी

वातरायण–पु० करपत्र. सरलद्रुमा। आरा. शाल का पेड़।

वातश्लेष्महरा–स्त्री० हड़संघार का वृक्ष

वातहर–पु० पलाशवृक्ष। पलाश का दरखत।

वाताद–पु० फलवृक्षविशेष। बदाम का दरखत।

वातामोदा–स्त्री० कस्तूरिका। कस्तूरी।

वातायु–पु० हरिण। हरना. हरना।

वातारि–पु० एरण्डवृक्ष. शतमूली. सेफालिका. यवानी. भार्गि. स्नुहि. विडंग. शूरण. भल्लातक. जतुका। एरंड. महाछतावरि. सम्भालू का पेड़. अजवाइन. भारंगी. सेहुण्ड. वायविडंग. सूरन. भेलावा. लाख।

वातोष्ठरोग–पु० वायुसंबन्धीओष्ठरोग।

वात–पु० वायु। हवा।

वातिङ्गण–पु० वार्ताकु। बैंगन।

वातीय–न० काञ्जिक। कांजी।

वादर–न० कर्पास(स्त्री)(रा) कार्पासी। कपास।

वाद्या
वाद्यालका
वाद्यालिका } स्त्री० बरियारी।

वानर–पु० कपि(स्त्री) (री) शूकसिम्बी. वानरयोषित्। बन्दर.भटवासु.बन्दरी. किमांच. सिंगी।

वानप्रस्था–स्त्री० वनमधूकवृक्ष। वनमौहा का दरखत।

वानीर पु० वेतसवृक्ष वञ्जुलवृक्ष । वेत. मौलसिरी. अशोक ।

वानेय–न० कैवर्तीमुस्तक । कवर्ती मोथा. नागरमोथा ।

वापीह–पु० चातक । पपीहा ।

वाप्य–न० कुष्ठौषधि । कुट्ट. कूट ।

वाप्यजल–न० बृहत्कूपोद्भवजल । वावड़ी का पानी ।

वामन–पु० अङ्कोटवृक्ष । अंकोहर का दरखत ।

वामलूर–पु० वल्मीक । वल्मी. वेवंडरि ।

वामाचार–पु० पीलुवृक्ष । पीलू का दरखत ।

वामी–स्त्री० अश्वी. शृगाली. रासभी । घोड़ी. सिआरि. गधी ।

वायस–त्रि० काक. अगरुवृक्ष. श्रीवासवृक्ष । कौवा. अगर. संदल. सुपेद चन्दन ।

वायसी–स्त्री० कञ्जिका. काकमाची । कंजी केवैया का पौधा ।

वायसोली–स्त्री० काकोली ओषधि ।

वायु–पु० अदृश्यमूर्ति प्रकटक्रिय, खरस्पर्श, तिर्य्यग्गामी, शीतस्पर्शगुण, रजो बहुल ।

वायुनुत्–स्त्री० मेथिका । मेथी ।

वायुवाह–पु० धूम । धूआं ।

वायुसख–पु० अग्नि । आग ।

वार्–न० जल । पानी ।

वारङ्ग–न० ग्रहणस्थल । पकड़ने की जगह ।

वारण–पु० गज (स्त्री) (णा) कदली । हाथी. केला ।

वारणमूल–न० उशीर । खस्स ।

वारणबुषा (सा) } स्त्री० कदली ।
वारणवल्लभा } केला ।

वाराह–पु० महापिण्डीतकवृक्ष । बड़ा मयनफल का दरखत ।

वाराहवदना–स्त्री० विदारीकन्द । बिलारीकन्द ।

वाराहाङ्गी–स्त्री० लघुदन्ती । छोटीदन्ति ।

वाराहीकन्द–पु० क्षीरविदारी । बिदारीकन्द. गेठि ।

वारि–न० जल. ह्रीवेर । पानी. सुगन्धवाला ।

वारिकण्टक–न० पु० शृङ्गाटक । सिंघाड़ा ।

वारिज–न० पद्म. लवङ्ग. (पु) शङ्ख. शम्बुक । कमलफूल. लौंग. शंख. घोंघा

वारिद–न० मेघ. मुस्तक । वादल. नागरमोथा ।

वारिदनामक–न० मुस्तक । नागरमोथा ।

वारिपर्णी–स्त्री० जलकुम्भी । सेवार ।

वारिबद्रा–स्त्री० प्राचीनामलक ।

वारिरुह–पु० पद्म । कमल ।

वारिवर–न० करमर्द्दक । चकवड़ ।

वारुण–पु० वरुणवृक्ष । (स्त्री) (णी) इन्द्रवारुणी. मन्धानभेद । वरुण का पेड़. इन्द्रोरणि. ताड़ी

वार्त्तक–पु० वार्त्ताकु । बैंगनी भांटा ।

वार्ताकी–स्त्री० बृहती । बरहंटा. बड़ी भटकटैया ।

वार्द्दर–न० दक्षिणावर्तशंख. बीज. काकचिञ्चा शाक. भारती. कृमिज. जल. आम्रबीज । दहिनावर्ती शंख. बीज. केवैआ का शाक. घुंघची. रत्ती. सरस्वती. रेशम. पानी. आम की गुठली।

वार्ध्रीणस–पु० खड्गपशु. पक्षिविशेष । गैंड़ा. खासपरिंद: ।

वार्वटीर–पु० त्रपु. आम्रास्थि. अङ्कुर । टीन. आम की गुठली. अंकूर. अंगूर ।

वार्हत–न० बृहतीफल । बड़ी भटकटैया का फल ।

वालीक–पु० वगेरापक्षी ।

वाशी–स्त्री० वंशलोचन । तबाशीर ।

वाष्प (स्प)–पु० ऊष्मा. लोह. अश्रु । भाफ. आंसू. लोहा ।

वाष्पक–पु० मरूषाशाक । मरसा का शाक ।

वास } –पु० रूसक । रूसा रूसाह ।
वासक }

वासत–पु० गर्द्दभ । गधा. खर ।

वासन्त–पु० उष्ट्र. कोकिल (स्त्री) (न्ती) माधवीलता । ऊंट. कोइल. वेला की बेल ।

वासपुष्पा–स्त्री० चन्द्रसूर । चंद्सुर ।

वासा } स्त्री० वासकवृक्ष ।
वासिका } रूसा. रूसाह ।

वासिष्ठ–न० रुधिर । खून. वसिष्ठक ।

वास्तु (क)–न० वास्तूकशाक । बथुई का शाक ।

वास्तुकाकारा–स्त्री० पालक्यशाक । पलाकी का साग. पालक का शाक ।

वास्प(ष्प)–पु० ऊष्मा. लोह. अश्रु । गर्मी. भाफ. आंसू. लोहा ।

वाह–पु० अश्व परिमाणभेद,घोड़ा । १।)१≡।या ४०७६ तोले ।

वाहस–पु० अजगरसर्प । अजदहासांप ।

वाहु–पु० भुज. रेखाभेद । वाजू. खत ।

वाहुवारक–पु० वहुआर ।

वाहुमूल–न० कक्ष । कांख ।

वाल्हि (ल्ही) क–न० कुङ्कुम. हिङ्गु । केशरि. हींग ।

वाल्हिका–स्त्री० मत्स्याक्षी. मछेछी ।

वि–पु० विहग । पक्षी ।

विकङ्कत–पु० कण्टाईवृक्ष ।

विचक–त्रि० केशशून्य । गञ्जा।

विकट–पु० विस्फोटक । फोड़ा

विकण्टक–पु० यवासवृक्ष । जवासा का पौधा ।

विकन्तक–पु० कण्टाईवृक्ष ।

विकर्त्तन–पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताव. आकका पेड़ ।

विकषा–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मञ्जीठ ।

विकर्षण–न० विगृह्याकर्षण । पकड़ के खींचना ।

विकार–पु० रोग. मत्स्य । वीमारी. मच्छली ।

विकिर–पु० विहग. कुशतृण । पक्षि. कुशाघास ।

विकिरण–पु० अर्कवृक्ष । आकका पेड़ ।

विकीरण–पु० रक्तार्क । सुर्ख आक का पेड़ ।

विक्षीरिणी–स्त्री० दुग्धिका । दूधी. दुधियाबूटी ।

विग्रह–पु० देह । जिस्म।

विघस–पु० आहार (न) सिक्थक । खुराक. मोम ।

विघ्न–पु० कृष्णपाकफला । करौंदा का पेड़ ।

विचक्षणा–स्त्री० नागदन्ती । खासलता ।

विचित्र–पु० भूर्जपत्र । भोजपत्ता ।

विजया–स्त्री० मञ्जिष्ठा. शमी. अग्निमन्थ. भङ्गा । मंजीठ. छीकुरि. रणि. भांग ।

विट–पु० लवणभेद. खदिरभेद. नारङ्गवृक्ष. मूषिक । खासनिमक. खैरादरखत. रियां का पेड़. नारङ्गी का पेड़. मूसा ।

विटखदिर–पु० दुर्गन्धखदिर । रियां का पेड़ ।

विटि (टी)–स्त्री० पीतचन्दन । जर्द्द सन्दल ।

विड–न० सौवर्चललवण । सोंचरनिमक ।

विडंग–पु० न० वायुभृङ्ग । वायविडंग ।

विडाल–पु० मार्जार. नेत्राञ्जनविशेष. नेत्रडिम्ब (स्त्री) (ली) विदारीकन्द. (न) हरताल । बिल्ली. सुरमा. आंख का डेला. विलारीकंद. हरताल ।

विडुल–पु० वेतसवृक्ष । वेत का पेड़ ।

विड्वराह–पु० ग्राम्यशूकर । गांव का सुअर ।

वितुन्नक–न० धन्याक. मुस्ताकृतिशुकाभतृणविशेष. तुत्थक । धनिया. मोथाघास तूतिया. नीलाथोथा ।

विदिल–न० द्विधाभूतदाडिम. (पु) त्रिवृत । फटाअनार. तेवड़ी. निशोथ ।

विदारण–पु० कर्णिकारवृक्ष । कनयर का पेड़. अमिलतास का पेड़ ।

विदारी–स्त्री० विदारीकन्द । विलारीकंद ।

विदारीगन्धा–स्त्री० शालिपर्णी । शरिवनवृक्ष ।

विदुल–पु० वेतस. (स्त्री)(ला) शातला । वेत का पेड़. पीले फूल के सुहुण्ड की जड़ ।

विदूरज–न० वैडूर्य्यमणि । नीलम ।

विद्रुम–पु० प्रवालरत्न. पल्लव । मूंगा का पेड़ नये किल्ले ।

विद्रुमलता–स्त्री० नलिका । पवारी ।

विधु–पु० चन्द्र. कर्प्पूर. वायु । चांद. काफूर. हवा ।

विनमन–न० निम्नीकरण । नीचाकरना।

विनीत–पु० मदनवृक्ष । दवना का पेड़ ।

विन्दुपत्र–पु० भूर्जपत्र । भोजपत्ता ।

विपर्णक–पु० पलाशवृक्ष । पलास का दरखत ।

विपुलास्रवा–स्त्री० घृतकुमारीवृक्ष । घीकुवार ।

विफला—स्त्री० केतकी । केवड़ा का पौधा।
विबन्ध—पु० रोगभेद । कब्जियतकी विमारी ।
विभाकर—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताव. आक का पेड़ ।
विभावरी—स्त्री० रात्रि. हरिद्रा । शब. हल्दी ।
विभावसु—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष. वन्हि. चित्रकवृक्ष । आफताव. आक का पेड़ । आग. चीता. चित्रा का दरखत ।
विभीतक—पु० भूतवासवृक्ष । वहेड़े का दरखत ।
विभीषण—पु० जलतृण । नरई ।
विमर्द्द—पु० वृक्षविशेष ।
विमला—स्त्री० शातला । पीले फूल के सेहुंड़ की जड़ ।
विमान—पु० अश्व । घोड़ा ।
विमुक्ता—स्त्री० माधवीलता । वेला की बेल ।
विम्बट—पु० सर्षप । सरसों का पौधा ।
विम्बिका } स्त्री० विम्बाफलवल्ली ।
विम्बी } कुंदुरू की बेल ।
वियोगिन्—पु० चक्रवाकपक्षी । चकवा परिन्दह ।
विरजा—स्त्री० दूर्वा । दूब घास ।
विरण—न० उशीर । खस्स ।
विराल—पु० विड़ाल । विल्ली ।
विरेचन—न० रेचन (पु०) पीलुवृक्ष । जुलाव. पीलू का पेड़ ।

विरोचन—पु० सूर्य्य. चन्द्र. अर्कवृक्ष । आफताव. चांद. आक का पेड़ ।
विल—न० घोटकोत्तम (पु) वेतस उन्दुः घोड़ा. बेद ।
विलला—स्त्री० श्वेतवला । सीताकबूटी. सुपेद वरियारी ।
विल(ले)शय—पु० सर्प्प. मूषिक. गोधा । सांप. मूसा. गोह ।
विलेपनी—स्त्री० यवागू । जव की मांड़ ।
विलेप्य—पु० यवागू । मांड ।
विलोचन न० नेत्र । आंख ।
विलोडित—न० तक्र । छाछ ।
विल्व—पु० श्रीफलवृक्ष (न) परिमाण । नारियल का दरखत. पैमाना. वेलका दरखत ।
विल्वकर्कटी } स्त्री० आमविल्वफल ।
विल्वपेशिका } कच्चा वेल का फल ।
विवरणं—प्रकाशनं । प्रकाश करना ।
विवर्त्तन—न० कर्णवायोः निष्काशयितुमिष्टस्य कर्णलग्नस्य पुनर्निवर्त्तनम् ।
विवस्वत्—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताव. आक का पेड़ ।
विश—पु० कमलनाल । कमल की नाली ।
विशप्रसून—न० कमल । कमल का फूल ।
विशल्या—स्त्री० गुडूची. लाङ्गली. लघुदन्ती । गुरच.करियारी. छोटीदन्ती ।
विशाखा—स्त्री० कठिल्लक । करेला की बेल
विशारद—पु० वकुलवृक्ष. क्षुद्रदुरालभा । मौलसिरी का पेड़. जवासा का पौधा ।

विशाल–पु० मृगभेद (स्त्री) (ला) इन्द्र-
वारुणी । हरिण. इन्द्रोरणि की बेल ।
विशालत्वक्–पु० छतिवन ।
विशालाक्षी–स्त्री० नागदन्ती ।
विशोक–पु० अशोकवृक्ष । अशोक का पेड़
विशोधिनी–स्त्री० नागदन्ती ।
विश्व–न० जगत. शुंठी. अतिविषा (स्त्री)
(श्वा) शुंठी. अतिविषा । दुनिया.
सोंठि. अतीश ।
विश्व(ष्व)क्सेना–स्त्री० प्रियङ्गुवृक्ष ।
मेहदी ।
विश्वदेवा–स्त्री० गोरखककर्कटी । विश्व-
भेषज–न० शुंठी । सोंठि ।
विष्–स्त्री० विष्ठा । गूह ।
विष–न० जल. पद्मकेशर. मृणाल. (पु०न०)
गरलमात्र. यथाः–वत्सनाभ. हारिद्र.
सक्तुक. प्रदीपन. सौराष्ट्रिक. शृङ्गिक.
कालकूट. हालाहल ।
विषकण्टकिनी–स्त्री० वन्ध्याकर्क्कोटकी ।
बांझखेखसा ।
विषघातिन्–पु० शिरीषवृक्ष । शरीह का
दरखत. सेरसा का पेड़ ।
विषघ्न–पु० शिरीषवृक्ष. यवास. विभी-
तक. चम्पक. हिलमोचिका. इन्द्रवा-
रुणी. वर्वरा. भूम्यामलकी. रक्तपुन-
र्नवा. हरिद्रा. तण्डुलीय (त्रि) विष-
नाशक । सेरसा का पेड़. जवासा. व-
हेरा. चम्पा की वेल. हुरहुर. इन्दोरनि.
ववई. भूआमला. सुरख गदापुरैना.
हल्दी. चवराई. जहरनाश करने वाली
विषघ्नी–स्त्री० ह्रीवेर. देवदाली । हा-
ऊवेर. वंदाल. सोनैआ ।
विषज्वर–पु० महिष । भैंसा ।
विषण्ड–न० मृणाल । कमलफूल की
डंडी. भिस ।
विषतिन्दुक–पु० कुपील । मकरतेंदू. को-
चिला का दरखत ।
विषद्–न० पुष्पकाशीश । हीराकशीश ।
विषदन्तक } पु० सर्प्प । सांप ।
विषधर
विषनाशिनी–स्त्री० रास्नाभेद । नाईबूटी ।
विषपुष्पक–न० पु० मदनफल । मयनफल
विषमच्छद–पु० विशालत्वक् । तपेदिक्क.
विषमा–स्त्री० क्षुद्रकोलि । झरवेरिया ।
विषमुष्टिका–स्त्री० महानिम्ब । वकायन
का दरखत ।
विषा–स्त्री० अतिविषा । अतीश ।
विषाण–न० पशुशृङ्ग. हस्तिदन्त. व-
राहकन्द. ऋषभकौषध । सींग. हाथी-
दान्त. वाराहीकंद. ऋषभबूटी. (स्त्री)
(णी) मेषशृंगी । मेढ़ासिंगी ।
विषापहा–स्त्री० नागदमनी ।
विषारातिन्–पु० कृष्णधूस्तर । स्याह धत्तूरा
विषास्य–पु० सर्प्प. भल्लातक । सांप.
भेलावा ।
विष्किर–पु० विहग । परिंदह ।
विष्ठा–स्त्री० पुरीष । गूह ।
विष्णुक्रान्ता–स्त्री० अपराजिता । श्वेत

तथा रक्त फूलवाली विष्णुक्रान्ता की बेल ।
विष्वक्सेना–स्त्री० प्रियङ्गूसुगन्धितबूटी महदी के बीज ।
विस–न० मृणाल। कमलफूल की डंडी ।
विसकुसुम–पु० पद्म । कमलफूल ।
विसङ्कट–इङ्गुदीवृक्ष । हिङ्गोट का दरखत
विसार } पु० मत्स्य । मच्छली ।
विसारिन् }
विसूचिका–स्त्री० रोगविशेष । हैजा ।
विस्त–पु० न० स्वर्ण. कर्ष । सोना. अस्सी रत्तीभर ।
विस्फोट(क)–पु० स्फोटविशेष । फोड़ा. फुनसी. चेचक. दुम्बल ।
विस्रगन्धा–स्त्री० त्रपुषा. ह्रीवेर । लाख. हाहुबेर. सुगन्धवाला ।
विस्रगन्धि–पु० हरिताल । हड़ताल ।
विस्रा–स्त्री० लघुमूलिका । छोटी मूली ।
विहग } पु० पक्षी मेघ. चन्द्र. सूर्य्य ।
विहङ्गम } ” ”
विहार–पु० स्कन्ध । कन्धा ।
वीङ्गा–स्त्री० शूकशिम्बी. कपिकच्छूलता भटवांसु. किमाच की वेलि ।
वीजक–पु० असनवृक्ष । विजैसार ।
वीजगर्भ पु० पटोलवल्ली । परवरकी बेल ।
वीजन–न० व्यजन.चामर । पंखा. चौरी । चँवर ।
वीजपूर–पु० जम्बीरभेद । बिजौरानिम्बू
वीजफलक–पु० जम्बीर । जम्भीरीनिम्बू
वीतशोक–पु० अशोकवृक्ष (त्रि) शोकरहित । अशोकदरखत. वेगम ।
वीतिहोत्र–पु० अग्नि. अनल. सूर्य्य । आतिश. हवा. आफताब ।
वीर–न० मरिच. पद्ममूल. काञ्जिक. उशीर (पु०) अर्जुनवृक्ष. (स्त्री०) (रा) शृङ्गी. सुरानाम. काकोली. आमलकी. रम्भा. विदारी. दुग्धिका । स्याहमिरच. भसेड़. कांजी. खस्स. अर्जुनहरा. काकराशिंघी. मदिरा. काकोलीबूटी. आंमला.केला. विलारीकन्द. दूधिया ।
वीरण–न० उशीर । खस्स ।
वीरतरु–पु० उशीर. वरबेल । खस्स. वरबेल ।
वीरपत्रा–स्त्री० विजया । भंग ।
वीररजस–न० सिन्दूर । सेन्दुर ।
वीरवती–स्त्री० रोहिणी औषधि ।
वीरवृक्ष पु० भल्लातक. अर्जुनवृक्ष । भेलांवा. अर्जुनहरा ।
वीरसेन–पु० अरुपिडारुकन्द ।
वीर्य्य–न० देहस्थचरमधातु । नुत्फा. वीर्य्य ।
वुरु–पु० बृहन्मौलशिरीवृक्ष । बड़ी मौलसिरी का दरखत ।
वृक–पु० हिंस्रकपशुविशेष । भेड़िया ।
वृकदंश–पु० कुक्कुर । कुत्ता ।
वृकधूर्त पु० शृगाल । गीदड़. सियार ।
वृक्षधूप–पु० सरलद्रुम । तारपीनवृक्ष ।
वृक्षधूपक–पु० सरलनिर्य्यास । गुग्गुलु ।

वृक्षनाथ } पु० वटवृक्ष। वर का पेड़ ।
वृक्षपाक } „
वृक्षभक्ष्या–स्त्री० वन्दा । बान्दा ।
वृक्षमर्कटिका–स्त्री० वनविड़ाल। रूखी. वनविलार ।
वृक्षमार्जार–पु० वनविड़ाल । रूखी. वनविलार ।
वृक्षरुहा } स्त्री० वन्दा । बान्दा ।
वृक्षादनी }
वृक्षामय न०–लाक्षा । लाख ।
वृक्षाम्ल–न० विषाम्ल । विषामिल ।
वृजन–पु० केश । बाल ।
वृतकोश–पु० देवदालीलता । वन्दाल. सौनैञ्जा ।
वृतपुष्प–न०पु० कदम्बवृक्ष। कदमका पेड़
वृनफला–स्त्री० रक्तापामार्ग । सुरखलटजीरा ।
वृत्ता–स्त्री० रोहिणी ।
वृद्ध–न० शैलज नाम गन्धद्रव्य. (पु) वृक्षविशेष । शिलाजीत. छरीला. भूर ।
वृद्धदारुक–पु० विधारावृक्ष विधारा का पौधा ।
वृन्ताक–न० वार्ताकु । बैंगन. भांटा ।
वृष–पु० वासा । रूसाह. बैल ।
वृषकेतु–स्त्री० पु० रक्तपुनर्नवा । लालगदापुरैना ।
वृषभ–पु० ऋषभौषध. वृष । ऋषभबूटी. बैल ।
वृषा–स्त्री० गो । गाय ।
वृष्या–स्त्री० कपिकच्छू । किमाचबेल ।
वृहज्जीरक–पु० कालम्बी । कलौंजी ।
वृहत्पत्र–पु० लोध्र । पठानीलोध ।
वृहत्पञ्चमूल–न० यथाः–बेल १. खम्भारि २. पाडरि ३. रणि ४. पाढ़ा ५ ।
वृहत्पुष्प–पु० कुब्जक । कूजाफूल का वृक्ष।
वृहती–स्त्री० कण्टकारीद्वय । बड़ी और छोटी भटकटैया ।
वृहदेलिका स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलायची ।
वृहल्लोणी–स्त्री० वृहल्लोणिका । बड़ी लोनी ।
वेणी–स्त्री० देवदाली । सौनैञ्जा. बन्दाल
वेणु–न० वंशतृण । बांस
वेणुपत्री–स्त्री० वंशपत्री । बांसपाती ।
वेण्ड–पु० वंश । बांस ।
वेण्डन–न०कटुरसयुक्तद्रव्यविशेष. मिरच । स्याहमिरच ।
वेतस्–पु० वेत्र । वेत का दरखत ।
वेतस–पु० लताविशेष । बांस ।
वेत्र–पु० स्वनामख्यातवृक्ष । वेत ।
वेदण्ड–पु० हस्ती । हाथी ।
वेदना–स्त्री० चर्म्म । चमड़ा ।
वेदि–न० अम्बष्ठा केवैया. पाढा. जूही ।
वेदोदय–पु० सूर्य्य ।
वेधक–न० धन्याक(पु)कर्पूर. अम्लवेतस । धनियां. काफूर. अमिलवेत ।
वेधमुख्य–पु० कर्चूर (स्त्री) (यथा) कस्तूरिका । कचूर. कस्तूरी ।

वेघस—न० ब्रह्मतीर्थ । अंगुष्ठे का मूल ।

वेघस्—पु० श्वेतार्कवृक्ष । सुपेद आक का पेड़ ।

वेधिद्रु—पु० अश्वत्थवृक्ष । पिप्पल का पेड़

वेर—न० शरीर. वार्ताकु. कुङ्कुम । जिस्म. बेंगन. केशर ।

वेरक—न- कर्पूर । काफूर ।

वेल—न० श्रीफल. विल्ववृक्ष । नारियल. वेल का पेड़ ।

वेल्ल—न० कृमिघ्न । वायविडंग ।

वेल्लन—न० रोटिकानिर्माणार्थस्थूलवर्तुल यन्त्र । वेलन ।

वेशन—न० गृह. मुद्गादिचूर्ण । मकान. मूंगवगैरः का आटा ।

वेशनवटिका—स्त्री० मुद्गादिचूर्णनिर्मित-वटिका । पकौरी. फुलौरी ।

वेश्यकलिङ्ग—पु० चटक । चिड़िया ।

वेष्ट—पु० निर्य्यास । गोंद ।

वेष्टक—न० निर्य्यासश्रीवेष्ट(पु)कूष्माण्ड । गूंद. तारपीन. पेठा. कुह्मड़ा ।

वेष्टन—न० कर्णशष्कुली. गुग्गुलु । कान का सुराख. गूगल ।

वेसवार—पु० उपस्कर । गर्ममसाला ।

वैक्रान्त—न० मणिविशेष गोनस. चुम्बक ।

वैजयन्तिका—स्त्री० जयन्ती का पौधा. रणि ।

वैडूर्य्य—न० रत्नविशेष । वैडूर्य्यरत्न.पन्ना ।

वैणव—न० वेणुफल(स्त्री)(वी)वंशलोचन । बांस का फल. तबाशीर ।

वैतस—पु० अम्लवेतसवृक्ष । अमिलवेद का पेड़ ।

वैदल—पु० शिम्बीधान्य । छीमी का अनाज ।

वैदूर्य—न० कृष्णपीतवर्णमणिविशेष । पन्ना

वैदेही—स्त्री० पिप्पली.रोचना. हरिद्रा । पीपली. हल्दी ।

वैद्य—पु० वासकवृक्ष. आयुर्वेदवेत्ता(स्त्री)(द्या) काकोली । रूसाह. तबीब. काकोलीबूटी ।

वैधात्री—स्त्री० ब्राह्मी ओषधि । ब्राह्मी बूटी ।

वैराट—पु० इन्द्रगोपकीट । बीरबहूटी कीड़ा ।

वैल्व—न० विल्वफल । बेल का फल ।

वैश्रवण—पु० वटवृक्ष. कुवेरदेवता । वर का पेड़. कुवेर ।

वैश्रवण(लय)(वास)(णोदय)—पु० वट-वृक्ष । वर का पेड़ ।

वैश्वानर—पु० अग्नि. चित्रकवृक्ष । आतिश. आग ।

वैष्णवी—स्त्री० अपराजिता. तुलसी । विष्णुकान्तवेल. तुलशी ।

वैसारिण—पु० मत्स्य । मच्छली ।

वोड—पु० गुवाक । सुपारी ।

वोड्र—पु० गोनससर्प्प. मत्स्यविशेष । गोह सांप. खास मच्छली ।

वोद—त्रि० आर्द्रकृष्णवर्णतरलमृत्तिका । स्याह रंग की पतली मट्टी ।

वोदाल–पु० मत्स्यविशेष । एक खास मच्छली ।
वोधिनी–स्त्री० मेथिका । मेथी ।
वोरट–पु० कुन्दपुष्प । कुन्द फूल ।
वोल–पु० वोलौषधि ।
व्यङ्ग–पु० भेक. हीनाङ्ग. मुखरोगविशेष (स्त्री) (ङ्गा) किमाच वल्ली । मेंढक. अंगहीन. मुंह की बीमारी. खजोहरा की बेल ।
व्यज(न)–पु० न० व्यजन । पंखा ।
व्यञ्जन–न० सूपशाकादि. चिन्ह. श्मश्रु. अवटाव. दिन. उपस्थ. । तरकारी दाल आदि. निशान. दाढ़ी. अंग केर· लिंग ।
व्यवहारिका–स्त्री० लोकयात्रा.सम्मार्जनी इङ्गुदिवृक्ष । कारवाई. झाडू. हिंगोट का दरखत ।
व्यवाय–न० तेज.(पु)मैथुन । तेज.जिमा ।
व्याघ्र–पु० जन्तुविशेष (स्त्री) (घ्री) एरण्डवृक्ष. करञ्जवल्ली । वाघ. एरण्डी का पेड़. कञ्ज की बेल ।
व्याघ्रदल–पु० रक्तएरण्डवृक्ष । सुरख एरण्ड का दरखत ।
व्याघ्रनख–न० नखनखी । वघनखी सुगन्धद्रव्य ।
व्याघ्रपात्(द्)–पु० विकङ्कतवृक्ष । कटाई दरखत ।
व्याघ्रपुच्छ–पु० रक्तैरण्ड । सुरख एरण्ड का पेड़ ।
व्याघ्राट–पु० भरद्वाजपक्षी । चण्डूल ।
व्याघ्रायुध–न० नखनखी सुगन्धद्रव्य । बघनखी खुशबूदार चीज़ ।
व्याघ्रास्य–पु० विडाल । बिल्ली ।
व्याघ्री–स्त्री० क्षुद्रबृहती. बृहती । छोटी भटकटैया बड़ी भटकटैया ।
व्याधाम–पु० वज्र । हीरा ।
व्याधि–पु० कुष्ठरोग. पुरुष दुःखसंयोग-व्याधयः । बीमारी. कोढ़ ।
व्याधिघात–पु० आरग्वधवृक्ष । अमिलतास का पेड़ ।
व्यान–पु० कृत्स्नदेहचरोव्यानः । संपूर्ण देह में फिरने वाला वायु. रससंवहनोद्यतः । सदुष्टः ज्वरातीसार रक्तपित्तप्रभृतीन् व्याधीन् कुरुते ।
व्याप्य–न० कुष्ठौषधि । कुट्ठ. कूट ।
व्यामपीर–न० रोहिषतृण । सौंधिया. हरद्वारीकुश ।
व्याल–पु० सर्प. श्वापद. दुष्टगज. चित्रक. व्याघ्र । सांप. शिकार. खराव हाथी. चीता. बाघ ।
व्यालमृग–पु० चित्रव्याघ्र । चित्ताबाघ ।
व्यालम्ब–पु० रक्तैरण्ड । सुरख़ एरण्डी का पेड़ ।
व्यूहन–न० ऊर्द्ध्वीकरणं ।
व्योकार–पु० लोहकार । लोहार ।
व्योष–न० त्रिकटु. त्रिकुटा. आमला । (स्याहमिरच. सुण्ठी. पिपली)

श

शंवर–न० जल । पानी ।

शकट–पु० न० द्विसहस्रपलपरिमाण. तिनिशवृक्ष । दो हजार पलभर वजन. पसही का वृक्ष. तिरच्छ का पेड़ ।

शकुटाल–पु० दात्यूहपक्षी । पपीहा ।

शकलिन्–पु० मीन । मच्छी ।

शकुनाहृत–पु० ठंढ. कालीधान ।

शकुल–पु० मत्स्य । मछली ।

शकुलाक्षक–पु० गाण्डारि । दुबिआ ।

शक्कर(रि)–पु० वृष. खण्ड । बैल. चीनी ।

शक्तु–पु० न० भर्जितयवादिचूर्ण । सत्तू ।

शक्तुक–न० विषविशेष । खास जहर ।

शक्तुफला–स्त्री० शमीवृक्ष । छीकुरि का पेड़ ।

शक्र–पु० कुटजवृक्ष. अर्जुनवृक्ष । कुरैआ का पेड़. अर्जुन का पेड़ ।

शक्रपुष्पी–स्त्री० लाङ्गली । करियारी ।

शक्रशाखी–स्त्री० कुटजवृक्ष । कोरैआ का पेड़ ।

शङ्करी–स्त्री० मञ्जिष्ठा. शमी । मंजीठ. छीकुरि ।

शङ्कव–पु० साकुचमत्स्यविशेष ।

शङ्कित–पु० रोचकनामगन्धद्रव्य ।

शङ्कु–पु० मत्स्यविशेष. मेढ्र । खास मच्छली. लिंग ।

शङ्कुकर्ण–पु० गर्द्दभ । गधा ।

शङ्कुतरु–पु० शालवृक्ष । साल का पेड़ ।

शङ्कुला–स्त्री०–उत्पलपत्रिका. पूगकर्तनी । कमल का पत्ता. सरौता ।

शङ्कोच (चि)–पु० मत्स्यविशेष । खास मच्छली ।

शङ्ख–पु० न० समुद्रजातजीवविशेष. रत्नविशेष (पु) ललाटास्थि । शंख. खास-जवाहर. माथेपर की हड्डी ।

शङ्खधरा–स्त्री० हिलमोचिका । हिंचाशाग. हुरहुर ।

शङ्खनखी–स्त्री० क्षुद्रशंखी । छोटीशंखी ।

शङ्खपुष्पी–स्त्री० शंखाहूली । कौड्याला-बूटी ।

शङ्खालुक–न० शंङ्खारु । सखारुकन्द ।

शङ्खाह्वा–स्त्री० शंखपुष्पी । कौड्याला ।

शङ्खिनी–स्त्री० चोरपुष्पी. श्वेतपुन्नागवृक्ष. श्वेतवृन्दा. श्वेतचुक्रा । खास-बूटी. सुपेदकमल. सुपेदबांदा. सुपेदचूक ।

शट–त्रि० अम्लरसविशेष. (स्त्री) (टा) जटा. केशर (स्त्री) (टी) कर्चूरौषधि । तुरश जायकह. जड़. फूल की तिरी. कचूरदवाई ।

शठ–न० तगरपुष्पवृक्ष. कुङ्कुम. लोह. (पु) धूस्तरवृक्ष । तगर का पेड़. केशर. लोहा. धतूरह का पौधा ।

शठी–स्त्री० गन्धपालाशी । गन्धपसारणि. गन्धपलाशी ।

शण–न० भङ्गा (पु) सणवृक्ष । भांग. सन का पौधा ।

शणपुष्पिका–स्त्री० आढकी । अरहरि ।

शणपुष्पी–स्त्री० घण्टा । यह बूटी सण के फूल के सदृश होती है ।
शण्डिल्य–पु० विल्ववृक्ष । बेल का पेड़ ।
शतकुन्द–पु०करवीरवृक्ष ।कनयरका पेड़ ।
शतकुम्भ–पु० श्वेतकरवीरवृक्ष (न) स्वर्ण (स्त्री) वृक्षविशेष. सुपेद कनयर का पेड़. सोना ।
शतखण्ड–न० स्वर्ण । सोना ।
शतघ्नी–स्त्री० वृश्चिक. कण्ठरोग । विच्छू. गले की बीमारी ।
शतधा–स्त्री० दूर्वा । दूब ।
शतधामन्–पु० विष्णु । नारायण ।
शतपत्र–न० पद्म (पु) मयूर. सारसपक्षी (स्त्री) (त्रा) स्त्री (स्त्री) (त्री) सेवती पुष्प कमल. मोर. सारस. औरत. सेवतीगुलाब ।
शतपदी–स्त्री० कनकोल. शतावरी । कानखजूरा. छतावरी ।
शतपद्म–न० श्वेतकमल । सुपेद सौ दल का कमल ।
शतपर्वन्–पु० वंश. इक्षुविशेष (स्त्री) (र्वा) दूर्वा. वचा । बांस. पौंड़ा. दूब. वच ।
शतपर्वा–स्त्री० वंश (स्त्री) (र्वी) कालम्बीशाक । बांस. कलौंजी का साग ।
शतपर्विका–स्त्री० वच. नीलदूर्वा । वच. स्याहदूब ।
शतपुष्प–पु० गर्भ में परिपक्व होने वाला वार्षिकधान. (स्त्री) (ष्पा) शाकविशेष । सेढ़धान. सोये का साग ।
शतपोरक–पु०पौण्ड्रइक्षुक । मतिना ऊख ।
शतफली–स्त्री० वंश । बांस ।
शतवल्ली–स्त्री० नीलदूर्वा । नीलदूब ।
शतवीर्य्या–स्त्री० श्वेतदूर्वा. शतावरी । सुपेददूब. छतावरि ।
शतवेधि–स्त्री० अम्लवेत । अमिलवेत ।
शतवेधिनी–स्त्री० चुक्र । चूक ।
शतमूली–स्त्री० महाशतावरी । महाछतावरि ।
शतारुस्–न० कुष्ठविशेष । कोहड़ ।
शतावरी–स्त्री० शतवीर्य्या । शतावरि
शताह्वा–स्त्री० शतपुष्पा । सौंफ ।
शत्रि–पु० हस्ती । हाथी ।
शफ–न० गोखुर. वृक्षमूल । गायखुर. बेख ।
शफर–मत्स्यविशेष (स्त्री) (री) अमिलोणी । मछली. आंम्बिलोना ।
शमिर–पु० शमीवृक्ष । जंडी का पेड़. छीकुरि का पेड़ ।
शमी–स्त्री० शमीवृक्ष । जंडी का पेड़. छीकुरि का दरख्त ।
शमीज } न० माषादिसस्य । उड़द
शमीधान्य } वगैरह अनाज ।
शमीपत्रा–स्त्री० लज्जालुलता । लाजवन्ती का पौधा ।
शमीर–पु० शमी । छीकुरि का पेड़ ।
शम्पात–पु० आरग्वध वृक्ष । अमिलतास का पेड़ ।

शम्बर—पु० मत्स्यविशेष. लोध्रवृक्ष. अर्जुन वृक्ष. । मछली. पठानी लोध. अर्जुन हर्रे का पेड़ ।
शम्बु(क)—पु० जलजन्तुविशेष । घोंघा ।
शम्बूक—पु० स्त्री० जलजन्तुविशेष. शङ्ख. क्षुद्रशङ्ख (स्त्री) (का) जलशुक्ति । घोंघा. संख. संखी. सीपी ।
शर—न० जल. रामशर । पानी. रमसर ।
शरट—पु० कुसुम्भशाक. कृकलाश । कुसुम का साग. गिरगट ।
शरणी—स्त्री० प्रसारणी लता । गन्ध प्रसारणी ।
शरत्(द्)(दा)—स्त्री० ऋतु विशेष । मोसम खिज़ां ।
शरपुंखा—स्त्री० वाणपुङ्खावृक्ष । सरफोंका का पौधा ।
शरारि—पु० पक्षिविशेष । "सारी" चिड़िया ।
शराव—पु० न० मृत्पात्रविशेष. परिमाण विशेष । सरवा. ऽ॥ साढ़े छः छटांक तौल ।
शरीर— न० देह । जिस्म ।
शरीरावरण—न०चर्म्म । जिस्म का चमड़ा ।
शर्कर—पु० वालुका. शिलाखण्ड. (स्त्री) (रा) खण्ड । वालू. चीनी,कंकर. खांड ।
शर्करोदक—न० शरवत ।
शर्द्ध(न)—पु० अपानोत्सर्ग । वायु त्याग ।
शर्म्मरा—स्त्री० दारुहरिद्रा । दारुहल्दी ।
शर्व्वर—न० कन्दर्प (स्त्री) (री) हरिद्रा । वीर्य्य. हल्दी ।
शलाका—स्त्री० शल्य. शारिका पक्षिणी. शल्लकी. शर. शूली. अस्थि. काण्डक. अङ्कुर । सलाई. मयना. स्याही का कांटा. तीर. नक्काश की कलम. हड्डी. कांटा ।
शलाकायन्त्र—न० अठाइस प्रकार के शलाका यन्त्र ।
शल्क—न० खण्ड. वल्कल. मत्स्यत्वक् । टुकड़ा. छिलका. मछली का कांटा ।
शल्कलिन्—पु० मत्स्य । मछली ।
शल्मलि—पु० शाल्मलि वृक्ष (स्त्री)(ली) । सिंम्बल का पेड़ ।
शल्य—न० अस्थि (पु) मदनवृक्ष.शलाका. विल्ववृक्ष. मत्स्य विशेष. (पु० न०) अस्त्र विशेष. शजारुपशु । हड्डी. मयनफल. वेल का पेड़. खास मछली. वरछी. स्याही मछली ।
शल्यक—पु० मदनफल वृक्ष. शजारुपशु । मयनफल का पेड़. स्याही ।
शल्यतन्त्र—न० शल्याहरणप्रधानं तन्त्रं शल्यतन्त्रम् ।
शल्यपर्णी—स्त्री०मेदौषधि । मेदाओषधि ।
शल्ल—न० त्वक् (पु) भेक । छाल.मेंड़क ।
शल्लक—न० त्वक्. शोणवृक्ष (स्त्री) (की) सलइवृक्ष. जीवविशेष । छाल. सोनादरखत. सलइ का पेड़. स्याहीजीव ।
शव—न० जल. पानी ।
शवर—पु० जल । पानी ।

शबल–पु० कर्बुरवर्ण. जल। चितकबरा. पानी।
शरारिका–स्त्री० सीधु। शारी।
शश(क)–पु० मृगविशेष.लोध्रवृक्ष। खर्गोश. पठानीलोध।
शशघातक–पु०श्येनपक्षी। बाज.शशारि।
शशधर–पु० चन्द्र.कर्पूर। चांद. काफूर।
शशिप्रभ–न० नीलकमल. (स्त्री) (भा) कौमुदी। नीलोफर. चांदनी।
शशिलेखा–स्त्री० चन्द्रकला. गुडूची. सोमराजी। गुरच. बाकुची।
शष्कुल–पु० छिति. (स्त्री) (ली) कर्णछिद्र. मत्स्यविशेष. घृतपक्क रोटिका।
शष्प–न० नीलदूर्वा। नीलदूब।
श(स्प)ष्प–न० नूतनघास। नयाघास।
शस्त्र, शस्त्रक } न० लोह। लोहा।
शस्य–न० अन्न। अनाज।
शस्यसम्बर–पु० शालवृक्ष। साखु का पेड़।
शाक–न० पत्रपुष्पादि.शिरीषवृक्ष.(स्त्री) (का) हरीतकी। सबजी. शिरीस का दरखत. हरीड़ का पेड़।
शाकट–पु० श्लेष्मान्तक वृक्ष। बहुआर का पेड़. शेलु का पेड़।
शाकम्भरीय–न० अजमेराख्यदेशान्तर्गतसाम्भरनगरीयजलाशयोत्पन्नलवण। साम्भर निमक।
शाकराट–पु० वास्तूक शाक। बथुई।
शाकश्रेष्ठ-पु०जीवन्तीशाक। जिवाई साग।
शाखोट–पु० पिशाचद्रुम। सिहोरे का पेड़।
शाण्डिल्य–पु० बिल्ववृक्षविशेष। बेल का पेड़।
शातकुम्भ–न० स्वर्ण। सोना।
शातला–स्त्री० चर्म्मकशा. पीतसेहुण्डमूल। चाबुक. पीला सेहुण्ड।
शान–पु० शाण. कर्षपट्टिका. परिमाणविशेष. करपत्र। सन का कपड़ा. कसौटी. चार मासे. आरा. सान।
शान्ता–स्त्री० शमीवृक्ष। छीकुरि का पेड़
शापटिक–पु० मयूर। मोर।
शाम्भव–न० देवदारुवृक्ष (पु) कर्पूर. गुग्गुलु। देवदारु का पेड़. काफूर गूगल।
शार–पु० पवन (स्त्री) (री) भग। हवा. भग।
शारद–न० श्वेतकमल. छतिवन। सुपेद् कमल. छतवन।
शारिका–स्त्री० पक्षिणीविशेष। मयना चिड़िया।
शारिवा–स्त्री० श्यामालता। दुधकरु की बेल।
शारीरा–पु० वातादिवैषम्यनिमित्ता।
शार्क–पु० शर्क्करा। चीनी. खाण्ड।
शार्कक(र)–पु० दुग्धफेन. शर्क्करापिण्ड। दूध की झाग. चीनी वा मिसरि का ढेला।
शार्ङ्ग–न० आर्द्रक। अदरक।

शार्दूल–पु० चित्रकवृक्ष । चीता का पेड़
शाल–पु० मत्स्यविशेष. वृक्षविशेष । खास मच्छली. साखु का पेड़ ।
शालनिर्य्यास–पु० सर्ज्जरस । राल ।
शालपर्णिका–स्त्री० मुरा । मुरहरी ।
शालपर्णी–स्त्री० वृक्षविशेष । सरिवन ।
शालमर्कटक–न० द्रुमूली । छोटीमूली
शाल्मलनिर्य्यास–पु० मोचरस । मोचारस
शाल्मली–स्त्री० सिम्बलवृक्ष । सेमरे का पेड़ ।
शाल्मलीपुष्प–न० सिम्बालपुष्प । सेमरे का फूल ।
शाल्मलीवेष्टक–पु० शाल्मलीनिर्य्यास । सिमरे का गोंद ।
शालाक्य–न० शलाकायाः. कर्मशालाक्यमेतत् प्रधानं तन्त्रमपि शालाक्यम् ।
शालावृक–पु० वानर. कुक्कुर. शृगाल. मृग. बिडाल. । वानर. कुत्ता. गीदड़ हरिण. बिल्ली ।
शालामुख–पु० वार्षिकधान्यविशेष । वर्षाती धान ।
शालामृग–पु० शृगाल । सिआर ।
शालार–न० हस्तिनख । नाखून ।
शालि–पु० गन्धमार्जार. तण्डुल । कस्तूरी. चावल. झोना ।
शालिका–स्त्री० शालपर्णी । सरिवन ।
शालिपिष्ट–न० स्फटिक । बिल्लौर ।
शालिसक्तवः–पु० धान्यसक्तू । धान के सत्तू ।
शालिहोत्र–पु० घोटक । घोड़ा ।
शाली–स्त्री० शालवृक्षभेद । सखुई का पेड़ ।
शालीन–पु० शतपुष्प । सोआ ।
शालु(लू)क–पु० मण्डूक(न) कुमुदादिमूल कसेरुकन्द. शृङ्गाटक. जातीफल । मेंढक. कसेरु. सिंघाड़ा. भसेड़. जायफल ।
शालूर–पु० भेक । मेंढक ।
शालेय–पु० मधुरिका. शालीनवृक्ष । मौहा का पेड़. सोआ का पौधा. (न) क्षुद्रमूलिका । छोटीमूली ।
शाल्मल–पु० शाल्मलिवृक्ष (स्त्री) (ली) सिम्बल का पेड़ ।
शावर–पु० लोध्र । शाबरलोध
शाष्कुलिक–न० शष्कुलिसमूह । समोसे
शिंशपा–स्त्री० वृक्षविशेष । शीशम का पेड़ ।
शिक्थ(क)–न० मधुजातद्रव्य । मोम ।
शिखरणी–स्त्री० मूर्त्ति ।
शिखण्डक–पु० मयूरपुच्छ । मोर की पूछ ।
शिखण्डिक–पु० कुक्कुर(स्त्री)(का)शिखा । मुर्ग. चोटी. चोड़ी ।
शिखण्डिन्–पु० मयूरपुच्छ. मयूर. कुक्कुट. (स्त्री) (नी) गुञ्जा. स्वर्ण. यूथिका । मोर की पूछ. मोर. कुकुर. घुंघची. सोना. जूही ।
शिखर–पु० न० कक्ष. रक्तवर्णमणि । कांख. सुरख मानक ।

शिखरिन्–पु० पर्वत. वृक्ष (स्त्री) (णी) इन्द्रवारुणी. मल्लिका. रोमावली. द्राक्षा मूर्वालता । पहाड़. पेड़. इन्दोरणि की बेल. मालती. रोंआ की कतार. दाख. मुरहरी ।

शिखा–स्त्री० शिराधारीवृक्ष । सुरवारि का पेड़ ।

शिखामूल–न० गृञ्जन । गाजर. शलगम ।

शिखिन्–पु० मयूर. अग्नि. चित्रकवृक्ष । मोर. आग. चित्ता का पेड़ ।

शिखिशिखा–स्त्री० अग्निशिखा. मयूर चूड़ । आग का शोलह. मोर की चोटी ।

शिग्रु–पु० शाकवृक्षविशेष । मोरङ्गा दरखत. मुनगा का पेड़. सोहाजने का पेड़

शिग्रुतीक्ष्ण–पु० कटुशिग्रु । कटू सुहांजने का पेड़ ।

शिङ्घान(क)–पु० न० नासिकामल. (पु) श्लेष्मा. लोहमल । नाकमैल. बलगम. लोहे की जंग ।

शिण्डाकी–स्त्री० सन्धानविशेष । संधान का भेद ।

शितशूक–पु० यव. गोधूम । जौ. गेहूं ।

शितिकण्ठ–पु० दात्यूहपक्षी । पपीहा. मोर ।

शितिच्छद(पक्ष)–पु० हंस ।

शितिवर, शितिवार –पु० शिखा । सुरआरि का पेड़ ।

शिपविष्ट–पु० रोगविशेष. दुश्चर्म्मा । गञ्जचर्म रोग ।

शिफ–न० वृक्षस्यजटाकारमूलं(स्त्री)(फा) शतपुष्पा. हरिद्रा. पद्मकन्द । दरखत की जड़. सौंफ. हल्दी. भसिंड ।

शिम्बि–स्त्री० शिम्बि । शेंभि. शेवि ।

शिम्बिक–पु० कृष्णमुद्ग (स्त्री)(का) शमी । काली मूंग. सेम की फली ।

शिम्बिज–पु० धान्य । सेमी हुये धान्य ।

शिम्बी–स्त्री० शिम्बि । शेंबि की बेल ।

शिम्बीभव–पु० शिम्बिजधान्य । सेमी का अनाज ।

शिर–पु० पिप्पलीमूल । पिपलामूड़ ।

शिरस्–न० शिखर. मस्तक(र)शिर(स्त्री) (रा) धरणी । चोटी. सर. रग ।

शिरि–पु० शलभ । टिड्डी ।

शिरीष–पु०स्वनामख्यातवृक्षविशेष । सेरसा का पेड़. सिरीस का दरखत ।

शिरीषिका–स्त्री०जलशिरीष । टिटिणि ।

शिरोरुह्(ह)–पु० केश । सिर के बाल ।

शिल–न०पु० करका. प्रस्तर (स्त्री)(ला) दृषत्. मनःशिला. कर्पूर । ओला. पत्थर. मनशिल. मैनशिल. कापूर ।

शिलाजतु–न० पर्वतजातउपधातुविशेष। शिलाजीत ।

शिलाह्रिका–स्त्री० रक्तपुनर्नवा । सुरख गदापुरैना ।

शिलासार–पु० लौह । लोहा ।

शिलि–पु० भूर्जपत्रवृक्ष । भोज पत्ते का दरखत ।

शिलीन्ध्र–न० कदलीपुष्प (स्त्री) (न्ध्री)

विहंगीविशेष. नेकी. मृत्तिका. कारक. (पु) मत्स्यविशेष । केले का फूल चिड़िया. मेढ़की. मट्टी. खुंब. धरती. का फूल ।

शिलीमुख-पु० भ्रमर । मधुमक्खी ।

शिव-त्रि० शुभ (न) जल. सुख. सैन्धवलवण (स्त्री)(वा) शृगाली. दूर्वा. हरिद्रा । नेकी. पानी. आराम. सेंधानिमक. गिदड़ी. सिआरि. दूब. हरीड़ ।

शिवप्रिय-पु० धूस्तरवृक्ष । धतूरे का पेड़ ।

शिववीर्य्य-न० पारद । पारा ।

शिवमल्ली-स्त्री० वकुलवृक्ष । बड़ी मौलसिरी का पेड़ ।

शिवा-स्त्री० हरीतकी । हरीड़. हर्र ।

शिवालया-स्त्री० रक्ततुलसी । लालतुलसी ।

शिवाह्वय-न० पारद । पारा ।

शिवि-पु० हिंस्रपशु (स्त्री) मेथिका । दरिन्दह. मेथी ।

शिशिर-पु० हिम (पु० न०) ऋतुविशेष. (त्रि) शीतल । कोरा. मोसम. सर्द ।

शिशुक-पु० जलजन्तुविशेष. उपल. मत्स्यविशेष. बालक. वृक्षविशेष । शूशि. कोरक. खासमछली. लड़का. खास पेड़ ।

शिशुगन्धा-स्त्री० मधुमल्ली । मालती ।

शिशुमार-पु० जलजन्तुविशेष । सूसमछोमार ।

शिश्न-पु० मेढ्र । केर. लिंग ।

शिवरी-स्त्री० अपामार्ग । लटजीरा ।

शिल्ह-पु० सिल्हक । लोबान ।

शीघ्रा-स्त्री० लघुदन्ती । छोटीदन्तूनि ।

शीत-न० हिमगुण. जल. त्वच् (पु) वेतसवृक्ष. पर्प्पट. निम्ब. कर्प्पूर. हिमऋतु । शर्दी. पानी. खाल. वेत का दरखत. पित्तपापरा. नीम. काफूर. सर्द्दमोसिम ।

शीतचम्पक-पु० दर्पण । आइनह ।

शीतप्रभ-पु० चन्द्र. कर्पूर । चांद. काफूर

शीतफल-पु० न० पीलुवृक्ष । पीलू का दरखत ।

शीतभीरु-स्त्री० मल्लिका । मोतियाफूलवेलि ।

शीतरश्मि-पु० चन्द्र । चांद ।

शीतल-न० पुष्पकाशीश. चन्दन. कर्प्पूर. मौक्तिक. शैत्य. वीरणमूल (पु) अश्मनपर्णी. चन्द्र. चम्पक. (स्त्री) (ला) रोगविशेष । नीलाथोथा. कशीश. काफूर. संदल. मोती. शर्द्दी. खसखस. विजैसार. चांद. चम्पा. शीतला की बीमारी ।

शीतशिव-न० सैंधवलवण । सेंधानिमक ।

शीताद-पु० दुर्गन्धितकृष्णरुधिर. मसूढ़ो से निकले और मसूढ़े फटजावे और पकजावे ।

शीताश्मन्-पु० चन्द्रकान्तमणि ।

शीधु-पु० न० मधुविशेष । पकेहुये फलोके रस की शराब ।

शीर्णरोम–न० स्थौणेय । स्थौणेय नाम बूटी ।
शीर्ष–न० मस्तक । सिर. सर ।
शीश–न० शीशाधातु । सीसा ।
शीशज–न० सिन्दूर । सेंदुर ।
शीशोपधातु–न० सिन्दूर । सेंदुर ।
शुक–न० ग्रन्थिपर्ण (पु) शिरीषवृक्ष । गठिवन. सिरसा का पेड़. स्थौणेय ।
शुकच्छद–न० ग्रन्थिपर्ण । गठिवन. स्थौणेय ।
शुकतरु–पु० शिरीषवृक्ष । सिरसा का पेड़ ।
शुकनासा–स्त्री० स्योनाकवृक्ष । सोनापाढ़ा ।
शुकप्रिय–पु० शिरीषवृक्ष । सिरसा का पेड़ ।
शुकपुष्प–न० ग्रंथिपर्णभेद । स्थौणेय । (पु) शिरीषवृक्ष । सिरस का पेड़ ।
शुकबर्ह–न० ग्रन्थिपर्णभेद । स्थौणेय ।
शुक्त–न० मांस. काञ्जिक. सन्धानविशेष शंख. नखनखी. सुगंधद्रव्य । गोश्त. कांजी. तेज शराब. संख. नखनखी. खुशबूदार चीज. सीपी ।
शुक्तिका–स्त्री० सिप्पी । सीपी ।
शुक्र–न० मज्जाजातधातुविशेष. वीर्य्य. नेत्ररोग (पु) अग्नि. चित्रकवृक्ष. ज्येष्ठमास । मनी. आंख की बीमारी. आग. चीता का पेड़. जेठ का महीना ।
शुक्रभुज–पु० मयूर । मोर ।
शुक्ल–० रजत. नवनीत. चक्षुरोगविशेष. काञ्जिक. चुक्र (स्त्री) (क्ला) शर्करा. काकोलीनामकौषध. विदारीकन्द. क्षुरसानिकवच । चांदी. मक्खन. आंख की बीमारी. कांजी. चूक. खण्ड. काकोली । विदारीकन्द. खुरासानीवच ।
शुक्लकन्दा–स्त्री० अतिविषा । अतीस ।
शुक्लफल–पु० रक्तार्कवृक्ष । लाल मदार का पेड़ ।
शुक्लैरण्ड–पु० श्वेत एरंडवृक्ष । सुपेद एरंड का दरखत ।
शुक्लोपला–स्त्री० शर्करा. मिश्रि (पु) श्वेतप्रस्तर । चीनी. मिसिरी. सुफेदपत्थर ।
शुक्लापाङ्ग–पु० मयूर । मोर ।
शुङ्ग–पु० वटवृक्ष (स्त्री) (ङ्गी) प्लक्षवृक्ष । वर का पेड़. पाकर का पेड़ ।
शुण्ठि (ण्ठी)–स्त्री० शुष्कआर्द्रक । सोंठ ।
शुद्ध–न० सैन्धवलवण. मरिच । सेंधानिमक. स्याहमिर्च ।
शुद्धजङ्घ–पु० गर्दभ । गधा ।
शुद्धमांस–न० पक्वमांस । खादा पकाया मांस ।
शुन } –पु० श्वा । कुत्ता (स्त्री)
शुनि } (नी) कुत्ती ।
शुभ–न० मङ्गल. पद्मकाष्ठ (स्त्री) (भा) वंशरोचना । भलाई. पद्माक. वंशलोचन ।
शुभ्र–न० अभ्रक. गडलवण. रौप्य. कासीस (पु) शुक्लवर्ण. चन्दन (स्त्री) (भ्रा) गंगानदी. स्फटिका. वंशरोचना. स्फटिक । अभरक. शीशानिमक. सेत

चांदी. हीराकशीश. सुपेदरङ्ग. चन्दन. गन्धादरिया. फटकरी. वंसलोचन. बिल्लौर।
शुभ्रांशु—पु० चन्द्र. कर्पूर। चांद. काफूर।
शुभ्रालु—पु० महिषकन्द ।
शुल्ब } न० रज्जु. ताम्र ।
शुल्व } रस्सी. ताम्बा ।
शुषिर—पु० मूषिक. अग्नि (स्त्री) (रा) नलीनामगन्धद्रव्य। मूसा. आग. एक खुशबूदार दवाई ।
शुष्कमत्स्य—पु० सूर्यतापशोषितमत्स्य । सूखी मच्छली ।
शुष्किल—पु० वायु । हवा ।
शूक् (क)—पु० यव । जौ ।
शूकर—पु० पशुविशेष (स्त्री०) (रा) वराही । सुअर. सुअरी ।
शूकशिम्बी—स्त्री० कपिकच्छु । किमाच की बेल ।
शून्य—न० आकाश. विन्दु (स्त्री) (न्या) नली. बन्ध्या । नरकुल. वांझ ।
शून्यमध्य—पु० नलकुल । नरकुल ।
शूर—पु० वीर. सूर्य्य. सिंह. शूकर. चित्रकवृक्ष. सालवृक्ष. मसूर । वहादुर. आफताव. शेर. सुअर. चीता का दरखत. साल का पेड़. मसूर ।
शूरण—पु० मूलविशेष. श्योनाकवृक्ष । सूरन. जमीकंद. सोनापाढा का पेड़ ।
शूल—पु० न० रोगविशेष । दर्द शिकम ।
शूलघ्नी—स्त्री० तुलसीद्वयम् । दोनों तुलसी का पौधा ।
शूलद्विष्—पु० हिङ्गु । हीङ्ग ।
शूल्य—त्रि० शूलाकृत । कबाब ।
शूलिक—न० शूलाकृत(पु)शशक । कबाब. खर्गोश ।
शृकाल—पु० शृगाल(स्त्री)(ली) पलायन. विदारी. भूमिकूष्माण्ड. शृगालपत्नी । सिआल. भागना. विलारीकन्द. कुम्हड़ा. शालपर्णी का पौधा. गिदड़ी ।
शृङ्ग—न० पद्म(पु)जीवकौषध(स्त्री)(ङ्गी) मत्स्यविशेष. स्वर्ण. अतिविषा. वटवृक्ष. कर्कटशृङ्गी। कमल. जवकदवाई. सींगमच्छली. सोना. अतीस. बर का पेड़. ककराखिंगी ।
शृङ्गक—पु० जीवकौषधि । जीवकदवाई ।
शृङ्गवेर(क)—न० आर्द्रक. शुण्ठी (स्त्री) (रा)गन्धपटेर । अदरक. सोंठ. गन्धपटेरदवाई ।
शृङ्गाट(क)—न० चतुष्पथ(पु) जलकण्टक । चौरास्ता. सिंघाड़ा. कामाख्यादेश का पर्वत ।
शृङ्गार—न. लवङ्ग सिन्दूर. चूर्ण. आर्द्रक. कालागुरु । लौङ्ग. सेंदुर. चूरा. अदरक. स्याहसंदल ।
शृङ्गारक—न० सिन्दूर । सेन्दुर ।
शृङ्गिन्—पु० हस्ती. वृक्ष. पर्वत (स्त्री) (ङ्गी) मत्स्यविशेष. प्लक्ष. वटवृक्ष. विष. गौ । हाथी. पेड़. पहाड़. सींगी मछली. पिलखन. अर्थात् पाकरि का दरखत. बर का दरखत. जहर. गाय ।

शृङ्गिक–पु० विषविशेष । सिंगियाजहर ।
शृत–त्रि० पक्कदुग्ध घृतादि. क्वथित. पक्क। पका दूध वगैरः. काढ़ा.पका।
शेधु–पु० बुद्धि. गुह्यद्वार। अकल. गुदद्वार
शेखर–न० लवङ्ग. शिग्रुमूल । लौङ्ग. सुहांजने की जड़ ।
शे(प)फ(स)–पु० शेफ । केर. लिङ्ग ।
शेफलि(ली)–स्त्री० सिंदुवारवृक्ष। सेउड़ी संभालू का पेड़ ।
शेलु–पु० बहुआरवृक्ष। बहुआर का पेड़।
शेव–पु० लिङ्ग. सर्प । केर. सांप ।
शेव(वा)ल–न० शैवाल। शिवाल.शिवार
शैत्य–न० शीतलत्व । सर्दी ।
शैल–न० शैलजनामकगन्धद्रव्य। शिला-जीत ।
शैलज–न० अश्मन्तपुष्प (स्त्री) (जा) शेहलीलता. गजपिप्पली । एक खास फूल. खासलता. गजपीपल ।
शैलधातुज } न० शिलाजतु । शिला-
शैलनिर्य्यास } जीत ।
शैलभवपीलु–पु० पीलुवृक्ष । पीलू का दरखत. अखरोट का पेड़ ।
शैलभित्ति–स्त्री० प्रस्तरछेदकास्त्र. टङ्क । छयनी. सुहागा ।
शैलसुता–स्त्री० पार्वती गङ्गा. ज्योतिष्मतीलता । मालकंगुनीबेल ।
शैलूष–पु० बिल्ववृक्ष । बेल का पेड़ ।
शैलेय–न० भूर । छरीलादवाई ।
शैवल } न० पु० सिवाल । सेवार ।
शैवाल }

शोचिष्केश–पु० अग्नि । आग ।
शोण–न० सिन्दूर. रुधिर (पु) अग्नि । सेन्दुर. खून. आग. सुरख घोड़ा ।
शोणपुष्पक–पु० करवीर । सुरख कनयर का पेड़ ।
शोणरत्न–न० माणिक्यरत्न ।
शोणित–न० रक्त. कुङ्कुम.(त्रि) रक्तवर्ण। खून. केशर. सुरख ।
शोणिताभिध–न० कुङ्कुम । केसर ।
शोथघ्न–पु० श्वेतपुनर्नवा (स्त्री) (घ्नी) सुपेद गदापुरैना ।
शोथ(क)–पु० रोगविशेष । सोजश ।
शोथजित्(हृत्)–पु० भल्लातकवृक्ष । भिलावे का पेड़ ।
शोधन–न० परिष्करण. विष्ठा. कासीस (पु) निम्बुक.(त्रि) शुद्धिकारक. (स्त्री) (नी) सम्मार्जनी । साफ़करना. गूह. हरीकसीस. कागजीनिम्बू. शुद्धकरने वाला. झाडू ।
शोफ–पु० शोथ । सोजश ।
शोफकृत–पु० भल्लातकवृक्ष । भिलावें का दरखत ।
शोभन–न० पद्म (स्त्री) (ना) हरिद्रा गोरोचना । कमल का फूल. हल्दी. गोलोचन. गोरोचन ।
शोभा–स्त्री० हरिद्रा. गोरोचना। हल्दी. गोरोचन ।
शोभाञ्जन–पु० वृक्षविशेष । सुहांजना दरखत ।

शोष–पु० यक्ष्मारोग. शोषण । तपेदिक्क. सुखाना. सूखी ।

शोषण–न० रसाकर्षण. शुण्ठी (पु) श्योनाकवृक्ष । सोंठ. सोना पाढ़ा का पेड़ ॥

शौक्तिक } न० मौक्तिक । मोती ।
शौक्तिकेय }

शौक्तिकेय–न० विष (पु) सर्प्पविशेष । जहर. सांप ।

शौषिर–पु० खुजली तथा पीड़ा युक्त मुज हुये मुसकुर हो और लार बहै ।

शौण्डी–स्त्री० पिप्पली. मद्य । पीपली. मद्य. शराब ।

शौनिका–स्त्री० धान्यविशेष । कंगुनी. काकुनि ।

शौभ–पु० गुवाक । सुपारी ।

श्मशान–न० शवदाहस्थान । मरघट ।

श्मश्रु–न० पुरुषमुखवर्द्धितलोम । दाढ़ी

श्याम–न० मरिच. सिन्धुलवण. (पु) धूस्तर. श्यामाक. (स्त्री) (मा) गन्धप्रियङ्गु. सारिवा. शिंशिपावृक्ष । स्याहमिरच. सेंधानिमक. धत्तूरे का पेड़. सुआंक. मेहदी के बीज. दुधऊरू दोनों तरह का. शीशम का पेड़ ।

